CMYK

ताममान अधिकतम :23°C न्यूनतम: 08°C
सेंसेक्स 73,198.10 निफ्टी 22,124.70
सोना 87,325 चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, सोमवार 3 मार्च 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 99 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2081 2 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# यूपी में एक्सप्रेस-वे पर नहीं बिक सकेगी शराब

## सड़क हादसों को लेकर मुख्यमंत्री योगी गंभीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए हाईवे के किनारे स्थित दुकानों में शराब बिक्री रोकने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ओवर स्पीडिंग, ड्रंकन ड्राइव, गलत साइड पर गाड़ी चलाना, जंपिंग रेड लाइट एवं मोबाइल फोन का उपयोग सड़क दुर्घटना घटित होने के मुख्य कारण हैं। इसके लिए लोगों में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अक्सर यह देखा गया है कि शराब की दुकानों के साइनेज बहुत बड़े होते हैं, इन्हें छोटा किया जाए। बिना परमिट की बसें सड़कों पर न चलने पाएं। डग्गामार वाहनों एवं ओवरलोडेड ट्रकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें। दूसरे प्रदेश से आने वाले बिना परमिट के वाहनों को बॉर्डर पर रोकें। सीएम योगी ने कहा कि ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं व्हीकल एसोसिएशन से संवाद स्थापित कर यह सुनिश्चित कराएं कि लंबी दूरी के वाहनों पर दो ड्राइवर हों। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इसको नियंत्रित करने के लिए दुर्घटना के कारकों को खोजने एवं लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि जनपद स्तर पर प्रत्येक माह एवं मंडल स्तर पर त्रैमासिक मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अनिवार्य रूप से हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश के छह मंडलों अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, आजमगढ़, सहारनपुर एवं आगरा मंडल में पिछले वर्ष हुई सिर्फ एक ही बैठक हुई है, जिसे बढ़ाने की आवश्यकता है। बस्ती, लखनऊ, गोरखपुर और मिर्जापुर में हुई चार बैठकों पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों के उपचार के विषय में चिंता करते हुए कहा कि सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की व्यवस्था करें। साथ ही सभी मंडल मुख्यालयों के -शेष पृष्ठ दो पर

### राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में दिए निर्देश



- बिना परमिट की बसें सड़कों पर न चलने पाएं
- दूसरे प्रदेश से आने वाले बिना परमिट के वाहनों को बॉर्डर पर रोकें
- डग्गामार वाहनों एवं ओवरलोडेड ट्रकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें
- लंबी दूरी के वाहनों पर दो ड्राइवर हों

### वर्ष 2024 में 46052 सड़क दुर्घटनाएं हुई 24 हजार से अधिक लोगों की गई जान



सड़क दुर्घटनाओं के वार्षिक आंकड़ों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में 46052 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इसमें 34600 लोग घायल हुए हैं, जबकि 24 हजार से अधिक मौतें हुई हैं, जो कि अत्यंत दुखद है। इसे हर हाल में न्यूनतम करना होगा। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर सामूहिक प्रयासों के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करें। साथ ही प्रदेश के सभी मार्गों पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उन्हें ठीक कराएं। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों के उपचार के विषय में चिंता करते हुए कहा कि सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की व्यवस्था करें।

# चमोली एवलॉन्च में 8 की मौत, रेस्क्यू अभियान पूरा

## 46 श्रमिक सुरक्षित निकाले गए, घायलों को एम्स में कराया भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चमोली।** चीन सीमा पर माणा के पास शुक्रवार को हिमस्खलन की चपेट में आए सभी लोगों को ढूंढ़ लिया गया है, जिसमें से 46 सुरक्षित हैं, जबकि आठ की मौत हो गई। रविवार को लापता सभी चार श्रमिकों के शव रेस्क्यू टीम ने बरामद कर लिए हैं। जबकि चार श्रमिकों के शव शनिवार को बरामद हो गए थे।

वहीं, रविवार को एक अन्य घायल को एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया गया है, जबकि एक घायल श्रमिक शनिवार को रेफर किया गया था। इसके साथ ही तीन दिनों से चला आ रहा रेस्क्यू अभियान भी समाप्त हो गया। बता दें कि माणा के पास शुक्रवार तड़के भारी हिमस्खलन हुआ था, जिसकी चपेट में बीआरओ के 54 श्रमिक आ गए थे। हादसे के दूसरे दिन शुक्रवार को 17 लोगों को निकाला गया था। शनिवार को 33 लोग निकाले गए थे। इन्हीं में से चार लोगों की मौत हुई थी। पहले लापता मजदूरों की संख्या 55 बताई गई थी, लेकिन शनिवार को पता चला कि एक मजदूर बिना बताए कैंप से अपने गांव चला गया था। आईटीबीपी और सेना के जवानों ने शुक्रवार सुबह रेस्क्यू अभियान शुरू किया था। पहले दिन 33 श्रमिकों को सुरक्षित निकाला गया था। शनिवार को रेस्क्यू अभियान में एनडीआरएफ भी शामिल हुई। शनिवार तक रेस्क्यू टीमों ने 46 श्रमिकों को सुरक्षित निकाल लिया था, जबकि चार श्रमिकों के शव -शेष पृष्ठ दो पर

### मृतकों का विवरण

अनिल कुमार (21) पुत्र ईश्वरी दत्त, ठाकुर नगर रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड।
अशोक (28) पुत्र रामपाल, गंगहोल बेनाऊ फतेहपुर, उत्तर प्रदेश।
हरमेश (31) पुत्र ज्ञानचंद्र, कुठार ऊना, हिमाचल प्रदेश।
मोहिंदर पाल (42) पुत्र देशराज, हिमाचल।
आलोक यादव, निवासी कानपुर, उत्तर प्रदेश।
मंजीत यादव पुत्र शंभू, निवासी सरवान, उत्तर प्रदेश।
जितेंद्र सिंह (26) पुत्र कुलवंत सिंह, बिलासपुर, उत्तर प्रदेश।
अरविंद कुमार सिंह (43) पुत्र देवेंद्र कुमार, निवासी गोकुल धाम भगत निवास, न्यू कालोनी क्लेमेंटाउन, देहरादून।

## ऊंचाई वाले स्थानों पर रहने वाले को किया जाए अलर्ट: सीएम पुष्कर धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार प्रात: राज्य आपदा परिचालन केंद्र पहुंचे और चमोली में हुई आपदा के सर्च एवं रेस्क्यू अभियान का अपडेट लिया। उन्होंने घटनास्थल पर सर्च और रेस्क्यू अभियान में लगे हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि रेस्क्यू किए गए सलामत 46 लोगों को समुचित चिकित्सा के लिए हायर सेंटर रेफर करें। मृतकों को समुचित औपचारिकता पूर्ण करते हुए उनके परिजनों को सुपुर्द किया जाए। मुख्यमंत्री ने स्थानीय जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जहां -शेष पृष्ठ दो पर

## दूसरा रोज़ा

### रोज़ा ईमान की कसावट



रोजा ईमान की कसावट है। रोजा सदाकत की तरावट और दुनियावी ख्वाहिशों पर रुकावट है। दिल अल्लाह के जिक्र की ख्वाहिश कर रहा है, तो रोजा इस ख्वाहिश को रवानी देता है और ईमान को नेकी की खाद और पाकीजगी का पानी देता है, लेकिन रोजा रखने पर दिल दुनिया की ख्वाहिश करता है, तो रोजा इस पर रुकावट पैदा करता है। मुकद्दस रमजान में अल्लाह का फरमान है, कुरआन पाक के मानने वालों रोजा तुम पर फर्ज है।




## मोदी ने रमजान महीने की शुरुआत पर दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को रमजान का महीना शुरू होने पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए इस अवसर पर समाज में शांति और सद्भाव की कामना की है। श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रमज़ान का पवित्र माह शुरू हो रहा है, उम्मीद है कि यह हमारे समाज में शांति और सद्भाव लेकर आएगा। यह पवित्र महीना आत्मचिंतन, कृतज्ञता और आस्था का प्रतीक है, साथ ही यह हमें करुणा, दया और सेवा के मूल्यों की याद दिलाता है।

# पूर्व सेबी चीफ माधबी बुच और 5 अन्य के खिलाफ होगी FIR

**मुंबई, वार्ता**

**मुंबई की एक** विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामक उल्लंघन के आरोप में पूर्व सेबी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है।

मुंबई स्थित विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश शशिकांत एकनाथराव बांगर ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या विनियामकीय चूक और मिलीभगत के सबूत हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि वह जांच की निगरानी करेगा और 30 दिनों के भीतर मामले की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने आदेश में यह भी कहा है कि आरोपों से संज्ञेय अपराध का पता चलता है, जिसके लिए जांच जरूरी है। आदेश में कहा गया है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की निष्क्रियता के कारण सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) के प्रावधानों के तहत न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत है। शिकायतकर्ता, जो एक मीडिया रिपोर्टर है, ने कथित अपराधों की जांच की मांग की थी, जिसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, विनियामक उल्लंघन और भ्रष्टाचार शामिल है।

### शेयर बाजार धोखाधड़ी मामले में मुंबई की एक विशेष अदालत ने जारी किया आदेश

## केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे की बेटी से छेड़छाड़

**जलगांव।** महाराष्ट्र के जलगांव में केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे की बेटी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जलगांव के मुक्ताई नगर इलाके में एक मेले के दौरान कुछ लड़कों ने केंद्रीय मंत्री की बेटी और उसकी सहेलियों से छेड़खानी की। मामले की शिकायत खुद मंत्री रक्षा खडसे ने मुक्ताई नगर थाने में की है। एसडीपीओ कृष्णत पिंगले ने बताया कि 28 फरवरी को कोथली गांव में एक यात्रा थी। इसी यात्रा में अनिकेत घुई और उसके 7 दोस्तों ने 3-4 लड़कियों का पीछा किया और उनके साथ छेड़छाड़ की। हमने पोक्सो (प्रिवेंशन ऑफ चाइल्ड फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस) एक्ट के साथ-साथ आईटी (इन्फार्मेशन) एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें भेजी गई हैं।




# मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को सभी पदों से हटाया



### बसपा प्रमुख ने कहा: अब मेरे जीवित रहने तक कोई नहीं होगा उत्तराधिकारी

**लखनऊ।** यूपी में कभी राज करने वाली बसपा में घमासान चल रहा है। रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ा फैसला किया। उन्होंने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया। आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ के निष्कासन के बाद उनका यह दूसरा बड़ा फैसला है।

वहीं आकाश के भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को बड़ी जिम्मेदारी दी। दोनों को नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। इस मौके पर मायावती ने कहा कि अब मेरे जिंदा रहने तक कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। पार्टी और मूवमेंट के हित में रिश्ते नातों का कोई महत्व नहीं है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि अब मैंने खुद भी यह फैसला लिया है कि मेरे जीते जी व मेरी आखिरी सांस तक भी अब पार्टी में मेरा कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा। जिस फैसले का पार्टी के लोगों ने दिल से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए पार्टी व मूवमेन्ट पहले है। भाई-बहन व उनके बच्चे तथा अन्य रिश्ते नाते आदि सभी बाद में हैं।



# बहस का अभेद्य किला है संसद संवाद : धनखड़

तिरुवनंतपुरम, वार्ता

संसद में संवाद और विचार-विमर्श और बहस का अभेद्य किला है। संसद को लोगों के लिए आदर्श बनना चाहिए। यह एक ऐसा मंच होना चाहिए जो लोगों की आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदल सके। ये विचार उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने व्यक्त किए। वे रविवार को तिरुवनंतपुरम में 4वीं श्री पी. परमेश्वरन मेमोरियल व्याख्यान में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत अब सपेरों के देश के रूप में नहीं पहचाना जाता है। भारत पूरी दुनिया को अपने सामर्थ्य से आकर्षित कर रहा है, जो पूरी दुनिया के लिए संभावनाओं से भरा हुआ है।

भारत की हालिया दशक में वृद्धि की दिशा पर विचार करते हुए जगदीप धनखड़ ने कहा कि जन-केंद्रित नीतियों और पारदर्शी, जिम्मेदार शासन ने पारिस्थितिकी तंत्र में उत्तेजना प्रदान की है। 1.4



■ तिरुवनंतपुरम में बोले उपराष्ट्रपति

बिलियन की जनसंख्या वाला एक राष्ट्र भारत है, जो परिवर्तन ग्रामीण क्षेत्र में आया है, उससे भारत की आर्थिक वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा किहर घर में शौचालय, बिजली कनेक्शन, पानी कनेक्शन आने वाला है। गैस कनेक्शन, कनेक्टिविटी, इंटरनेट और सड़क, रेल और स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में सहायक नीतियां, ये हमारे विकास की दिशा को परिभाषित करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह आर्थिक पुनर्जागरण, जो कुछ साल पहले तक कल्पना से परे, विचार से परे, सपनों से परे था, वह हमारे सनातन का सार है। समावेशिता, भेदभाव रहित, समान और निष्पक्ष विकास के परिणाम और फल एक और सभी के लिए हैं। यह प्रयास किया गया है, चाहे कोई भी योग्यता, जाति, धर्म, रंग हो, लाभ उन तक पहुंचना चाहिए जो आखिरी लाइन में हैं और यह बड़ी सफलता से किया जा रहा है। संवाद और विचार-विमर्श के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं आपको अपनी चिंता, अपना दर्द साझा करना चाहता हूं। संसद को लोगों के लिए आदर्श बनना चाहिए। यह एक ऐसा मंच होना चाहिए, जो लोगों की आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदल सके। इसे संवाद, बहस, चर्चा और विचार-विमर्श का अभेद्य किला होना चाहिए और ये पहलू संविधान सभा द्वारा तीन वर्षों में 18 सत्रों में प्रदर्शित किए गए थे और आज हम क्या देखते हैं? संवाद, विचार-विमर्श और अन्य पहलुओं को विघटन और व्यवधान ने दबा लिया है।

# ऋण उपलब्ध कराने में तेजी लाएं अधिकारी: योगी

## यूपी के सभी 18 मंडलों के लिए सीएम आदित्यनाथ का बड़ा निर्णय

लखनऊ, वार्ता

शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी, बैंकर्स कमेटी से जुड़े लोग नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में सीडी रेशियो 67 से 70 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य लेकर प्रयास करें। ये आदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऋण जमानुपात (सीडी रेशियो) व मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक में दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवाओं के पास विजन और इनोवेशन के साथ युवाओं में आगे बढ़ने का सामर्थ्य है। बैंकों के सहयोग से राज्य सरकार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से युवाओं को पूंजी उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है, ताकि यहां के युवा नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा को और आगे बढ़ा सकें। इस अभियान से जुड़ने वाले युवाओं की ट्रेनिंग भी कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सर्वाधिक युवा आबादी वाले उत्तर प्रदेश के युवाओं की असीमित क्षमता को गति देने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की शुरुआत 24 जनवरी 2025 (यूपी दिवस) को की गई थी। इसके अंतर्गत एक वर्ष में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कम से कम एक लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। इस अभियान से उत्पाद व सेवा क्षेत्र में एक लाख नई इकाइयां स्थापित होंगी। अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण में प्रत्येक लाभार्थी युवा को पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। दूसरे चरण में यह धनराशि 10 लाख रुपये होगी। इस योजना के अंतर्गत एक माह में ही लगभग ढाई लाख पंजीकरण किए जा चुके हैं, जिनमें 93 हजार से अधिक आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए हैं। बैंकों द्वारा 9013 युवाओं को 348 करोड़ रुपये के ऋण प्रदान भी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित बैंक मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने में तेजी लाएं। इसके लिए बैंक हर जनपद की हर ब्रांच का टारगेट तय करें। परंपरागत कार्यों से जुड़े युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने में वरीयता दी जाए तथा विभिन्न सेक्टर से जुड़े युवाओं को ऋण प्रदान किए जाएं। बैंक द्वारा उपलब्ध कराया गया ऋण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा बैंकों के व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कारगर सिद्ध होगा। ऋण वितरण के लिए सभी 18 मंडलों में कैंप लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि युवा ने जिस क्षेत्र में ट्रेनिंग प्राप्त की है, उस क्षेत्र में ही उसे बैंकों द्वारा ऋण उपलब्ध कराया जाए। बैंक में लोन के लिए अप्लाई करने से पहले आवेदकों की स्क्रीनिंग की जाए।



■ प्रदेश से पीतल, कारपेट और ग्लास का बड़े पैमाने पर हो रहा निर्यात

### समय-समय पर आयोजित कराएं रोजगार मेले

उत्तर प्रदेश 15.16 हजार करोड़ रुपये के पीतल उत्पाद (मुरादाबाद), 12.14 हजार करोड़ रुपये के कारपेट (वाराणसी, मीरजापुर, भदोही) और चार से पांच हजार करोड़ रुपये के ग्लास आइटम्स (फिरोजाबाद) का निर्यात कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित विभागों द्वारा समय-समय पर रोजगार मेले आयोजित कराए जाएं। सीडी रेशियो में पिछड़े 20 से 25 जनपदों में आगामी मार्च-अप्रैल माह में रोजगार मेले लगाए जाएं। इसमें विभिन्न कंपनियों को शामिल किया जाए तथा युवाओं को रोजगार के सर्टिफिकेट वितरित किए जाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### आगरा में दो बाइकों की भिड़ंत में पांच लोगों की मौत

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा के थाना कागारौल क्षेत्र में जगनेर मार्ग के गहर्राकलां रोड पर शनिवार देर रात बुलेट मोटर साइकिल और बाइक की आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल है। हादसा कल रात करीब साढ़े दस बजे हुआ। एक बाइक पर चार व दूसरी बुलेट बाइक पर दो युवक थे। बुलेट सवार दो युवकों में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। दूसरी बाइक सवार चारों युवकों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव एसएन मेडिकल कॉलेज में भिजवाए। मृतकों में चार सैंया क्षेत्र के रहने वाले थे और एक किरावली का रहने वाला था। पुलिस के अनुसार सैंया में रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले चार लोग गढ़मुक्खा में शादी समारोह से लौट रहे थे। चारों आपस में चाचा-ताऊ के लड़के थे। बेहद गरीब परिवार के थे। पुलिस ने बताया कि सैंया के रहने वाले भगवान दास (35), वकील (30), रामस्वरूप (28) और सोनू (25) शनिवार की शाम को अपनी बाइक से रिश्तेदार की साली की शादी में भाग लेने के लिए गढ़मुक्खा गए थे। वहीं बुलेट पर गहर्राकलां, कागारौल निवासी करन और कन्हैया कागारौल जा रहे थे। एसीपी देवेश कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर पांच लोगों की मौत हो चुकी थी, जबकि घायल कन्हैया को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कांग्रेस ने पार्टी कार्यकर्ता हिमानी की हत्या पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने हरियाणा के रोहतक में पार्टी कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए घटना की जांच करने की राज्य सरकार से मांग की है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स पेज पर कहा कि हरियाणा के रोहतक में कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की बर्बर हत्या का समाचार बहुत दुखद और पीड़ादायक है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति दें। मुश्किल समय में हम पूरे परिवार के साथ खड़े हैं। पार्टी ने घटना की जांच की मांग करते हुए इसे शर्मनाक बताया है और कहा है, हिमानी के साथ हुई इस क्रूर और शर्मनाक घटना की निष्पक्ष जांच हो और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

## अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर बोला जबरदस्त हमला

# यूपी में लूट व बेईमानी की सरकार: सपा

लखनऊ, वार्ता

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी सरकार सरकारी संस्थाओं का निजीकरण करके नौकरियां और आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही है। साथ ही भाजपा सरकार 'लूट, झूठ और बेईमानी' की नीति पर काम कर रही है।

यादव ने रविवार को यहां जारी बयान में कहा कि पहले केन्द्र की भाजपा सरकार ने कई सरकारी संस्थाओं को निजी हाथों में सौंपा। अब उसी रास्ते पर चलते हुए उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार भी निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। भाजपा सरकारें पूंजीपतियों के लिए काम करती है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत निगम को निजी हाथों में देने पर अमादा है। सरकार निजीकरण की आड़ में अरबों की सम्पत्तियां पूंजीपतियों को देना चाहती है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान और आरक्षण विरोधी है। भाजपा पीडीए को नौकरियों और आरक्षण से दूर करने के लिए हर दिन नए-नए षड्यंत्र कर रही है।

भाजपा की नीति पीडीए विरोधी है। वह पीडीए से नफरत करती है। निजीकरण से सरकारी नौकरियां खत्म हो जाती है। निजी क्षेत्र मनमानी करके महंगाई बढ़ाते है, जिसका असर आम जनता पर पड़ता है। इसके साथ ही सरकारी संस्थाओं के निजी क्षेत्र में चले जाने से पीडीए को बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा संविधान में दिए गए आरक्षण का अवसर नहीं मिलता है। आज भाजपा सरकार की इस नीति के खिलाफ कर्मचारी और आम जनता सभी है, लेकिन अपने चंदे, मुनाफा और लाभ के लिए भाजपा सब कुछ अपने करीबी पूंजीपतियों के हाथों में सौंपने को तैयार है। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा की जन विरोधी सरकार को हटाने के लिए संकल्पित है।



■ सरकारी संस्थाओं का निजीकरण करके नौकरियां और आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही

### खड़गे, राहुल और प्रियंका ने दी देशवासियों को रमजान पर शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रमजान पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सबकी खुशहाली की कामना की है। खड़गे ने रविवार को कहा कि रमज़ान शुरू हो गया है। हम सब भी प्रार्थना, क्षमा और दूसरों की सेवा की प्रतिबद्धता के लिए नए सिरे आशीर्वाद के रूप में इस पवित्र महीने को अपनाये। आइए हम अपने समुदायों में करुणा, शांति और सौहार्द फैलाने का प्रयास करें। रमज़ान मुबारक। गांधी ने कहा कि रमज़ान मुबारक।

### यूपी में अब दलितों की बारात भी नहीं रही सुरक्षित: सांसद चंद्रशेखर



**बिजनौर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दलितों की बारात अब सुरक्षित नहीं रही है। एक समाज विशेष द्वारा जानबूझकर दलितों के मान सम्मान पर हमला बोला जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में दलितों पर अत्याचार की बाढ़ आ गई है। नगीना सांसद ने रविवार को अपने कैंप कार्यालय पर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों से वार्ता कर निदान कराने का प्रयास किया। इस मौके पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि योगी सरकार दलितों पर अत्याचार पर चुप्पी साधे बैठी है। मथुरा में दो बेटियों के अपमान पर योगी सरकार मात्र एक लाख की सहयोग राशि देने की घोषणा करती है। पिछले कुछ दिनों में जितनी भी घटनाएं हुई हैं। उनसे वह बहुत दुखी हैं। भारत का संविधान हर व्यक्ति को आत्म सम्मान के साथ जीने का अधिकार देता है। आज दलित, पीड़ितों को ही पीटा जा रहा है। न्याय के लिए कोई आवाज उठाता है तो उसकी आवाज बंद करा दी जाती है। उन्होंने कहा कि चार मार्च को उड़ीसा के भुवनेश्वर और नौ मार्च को बिहार में रैली है। छह मार्च को पार्लियामेंट कमेटी की बैठक है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन सहित लोकसभा क्षेत्र के काफी लोग मौजूद रहे। मुजफ्फनगर के भोकरहेड़ी से मेरठ में सरधना के ठाकुर चौबीसी के कालंदी गांव में आई बरात पर शनिवार दोपहर 10-12 युवकों ने हमला कर दिया।

# पार्टी लाइन के साथ चलें नेता: राहुल गांधी

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी की केरल यूनिट को मजबूत करने के लिए अनुशासन, एकता सुनिश्चित करने और खाली पदों को भरने पर जोर दिया था। बैठक के बाद दासमुंशी ने बताया कि यह एक स्पष्ट संकेत था और अगर कोई व्यक्तिगत रूप से कुछ भी कहता है, तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे, क्योंकि हमें यहां के लोगों का अपमान करने का कोई अधिकार नहीं है।

केरल कांग्रेस में भी हलचल को लेकर पार्टी नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि पार्टी के केरल के नेता एक हैं और मकसद के इरादे से एक हैं। राहुल का यह बयान कुछ दिन पहले कांग्रेस के शीर्ष नेताओं द्वारा अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले रणनीति और आगे के रास्ते पर चर्चा करने के लिए 'इंदिरा भवन' में पार्टी के नेताओं से विचार-विमर्श के बाद आया है। बैठक के बाद केरल के नेताओं की ओर से मीडिया को दी गई जानकारी की फोटो पोस्ट करते हुए राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर लिखा, वे एक हैं, वे मकसद की रोशनी से एकजुट हैं। अपने पोस्ट में उन्होंने हैशटैग 'टीम केरल' भी लिखा था। कांग्रेस के इंदिरा भवन मुख्यालय में करीब 3 घंटे तक चली बैठक में स्थानीय नेताओं के साथ हुई बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि नेताओं को राजनीतिक रणनीति के बारे में बहुत सावधान रहना चाहिए। इसके अलावा उन्हें ऐसा कुछ भी नहीं करना या कहना चाहिए जो पार्टी लाइन के अनुरूप न हो। खड़गे और राहुल गांधी के अलावा, एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल, वायनाड से लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी, केरल कांग्रेस प्रमुख के सुधाकरन, केरल विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता वी डी सतीशन, तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर और केरल की एआईसीसी प्रभारी दीपा दासमुंशी सहित अन्य लोग बैठक में मौजूद थे।



■ केरल में हलचल के बीच बोले राहुल गांधी
■ वे एक हैं, इरादों को लेकर एकजुट भी

## अर्थ व्यापार

# वैश्विक व्यापार तनाव का रहेगा बाजार पर असर

मुंबई, वार्ता

वैश्विक व्यापार तनाव बढ़ने से जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों में निवेशकों का भरोसा डगमगाने से हुई बिकवाली से बीते सप्ताह करीब तीन प्रतिशत का भूचाल देख चुके घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मैक्सिकन और कनाडाई वस्तुओं पर 25 प्रतिशत का प्रस्तावित टैरिफ 04 मार्च से प्रभावी होने की घोषणा और स्थानीय स्तर पर फरवरी की वाहन बिक्री के आंकड़ों का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2112.96 अंक अर्थात 2.81 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस को 73198.10 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 671.2 अंक यानी 2.94 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 22124.70 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 1782 अंक अर्थात 4.41 प्रतिशत कमजोर रहकर सप्ताहांत पर 38592.02 अंक और स्मॉलकैप 2773.1 अंक यानी 6.05 प्रतिशत लुढ़ककर 43082.90 अंक पर आ गया। विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक व्यापार तनाव बढ़ने से जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों में निवेशकों का भरोसा डगमगाने से बाजार में बीते सप्ताह भूचाल आ गया। इसका असर अगले सप्ताह भी बने रहने की आशंका है। ट्रंप ने गुरुवार को घोषणा की है कि मैक्सिकन और कनाडाई वस्तुओं पर 25 प्रतिशत का प्रस्तावित टैरिफ 04 मार्च से प्रभावी होगा। साथ ही चीनी आयात पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क भी लागू किया जाएगा। यह निर्णय शुल्क में देरी होने की उम्मीद कर रहे निवेशकों की उम्मीदों के विपरीत है। इससे अगले सप्ताह पर बाजार पर दबाव रहने की संभावना है। साथ ही स्थानीय स्तर पर अगले सप्ताह फरवरी 2025 में वाहनों की हुई बिक्री का आंकड़ा जारी होगा, जिसका बाजार की चाल निर्धारित करने में अहम भूमिका होगा। इस बार के केंद्रीय बजट में ऑटोमोबइल क्षेत्र को समर्थन देने के लिए किए गए उपायों की बदौलत उम्मीद की जा रही है कि वाहनों की बिक्री के आंकड़े मजबूत रहेंगे। इनके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।



### विदेशी मुद्रा भंडार उछलकर 640.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकारी (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने की बदौलत 21 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 प्रतिशत के इजाफे के साथ 640.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन सप्ताह बाद 2.54 अरब डॉलर लुढ़ककर 635.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 21 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 543.8 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 42.6 करोड़ डॉलर के इजाफे के साथ 74.6 अरब डॉलर हो गया।

# खाद्य तेलों में उबाल, दालों में मिलाजुला रुख

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों में भारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग में तेजी रहने की बदौलत बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल उबल गए जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा सप्ताहांत पर 118 रिंगिट लुढ़ककर 4731 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.57 सेंट की गिरावट लेकर 45.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में उबाल रहा। सरसों तेल 365 रुपये, सूरजमुखी तेल 219 रुपये, सोया रिफाइंड 294 रुपये, पाम ऑयल 366 रुपये और वनस्पति तेल 292 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं मूंगफली तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18462 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15751 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13553 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16336 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 50 रुपये, दाल चना 50 रुपये और मूंग दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती जबकि अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं मसूर दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7850-7950 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। साप्ताहांत पर चीनी एस. 3590-3690, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।



## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यूपी में..** मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मंडल मुख्यालयों के अस्पतालों में ट्रामा सेंटर, एंबुलेंस एवं ट्रेंड स्टाफ की तैनाती भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में प्रदेश के 75 जनपदों में हुई दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा 20 जनपदों- हरदोई, मथुरा, आगरा, लखनऊ, बुलन्दशहर, कानपुर नगर, प्रयागराज, सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, बरेली, अलीगढ़, गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर, गोरखपुर, कुशीनगर, बदायूं, मेरठ और बिजनौर में जनहानि हुई है। प्रदेश में कुल हुई दुर्घटना मृत्यु में 42 प्रतिशत इन जनपदों से है। अस्पतालों में ट्रामा सेंटर, एंबुलेंस एवं ट्रेंड की स्टाफ को तैनाती भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे एवं हाइवे पर क्रेन, पेट्रोलिंग वाहन और एंबुलेंस की संख्या बढ़ाएं। प्रदेश में एनएचआई की 93 सड़कें हैं, इनमें से सिर्फ चार सड़कों पर कैमरे लगें, बाकी सड़कों पर भी कैमरे लगाएं। सीएम योगी ने कहा कि अक्सर यह देखा गया है कि सड़क पर करते समय भी बहुत सी दुर्घटनाएं हो जाती हैं, इसके दृष्टिगत एनएचआई की बहुत सी सड़कों पर फुट ओवर ब्रिज की आवश्यकता है, स्थानों को चिन्हित कर उनका भी निर्माण कराएं।

**चमोली एवलॉन्च...** बरामद हुए थे। उसके बाद लापता चल रहे चार अन्य श्रमिकों की खोजबीन के लिए रविवार को फिर तीनों रेस्क्यू टीमों ने सर्च अभियान चलाया। दोपहर करीब एक बजे पहले एक शव बरामद हुआ। उसके बाद दो अन्य श्रमिकों के शव भी बरामद हुए। अंतिम लापता व्यक्ति का शव दोपहर करीब चार बजे बरामद कर लिया गया। जिसके बाद हादसे में मृतकों की संख्या आठ हो गई। सात शव आर्मी अस्पताल ज्योतिर्मठ पहुंच गए हैं, एक शव अभी माणा क्षेत्र में है, उसे भी हेलीकॉप्टर से लाने की कार्रवाई की जा रही है। अंतिम व्यक्ति का शव मिलने के साथ ही रेस्क्यू अभियान भी समाप्त कर दिया गया। माणा से सभी श्रमिकों को हेलीकॉप्टर से ज्योतिर्मठ स्थिति सेना के अस्पताल में लाया गया है। सबसे बाद में मिले शव को भी लाने का प्रयास किया जा रहा है। रेस्क्यू अभियान में सेना के सात और एक निजी हेलीकॉप्टर की मदद ली गई। जिनसे श्रमिकों को माणा से ज्योतिर्मठ लाया गया। दो श्रमिक एम्स ऋषिकेश भेजे गए। अन्य का आर्मी अस्पताल ज्योतिर्मठ में उपचार चल रहा है। सबसे ज्यादा यूपी-बिहार और उत्तराखंड के मजदूर :-54 मजदूरों में बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 11-11, हिमाचल प्रदेश के 6, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के 1-1 मजदूर हैं।

**ऊंचाई वाले....** जहां सड़क और संचार कनेक्टिविटी बाधित हो चुकी है उसको तत्काल बहाल किया जाए। आगामी 3 मार्च को मौसम विभाग के हायर अलर्ट को देखते हुए ऊंचाई वाले स्थानों पर रहने वाले लोगों को इसकी पहले से ही जानकारी देने तथा स्थानीय स्तर पर सभी तरह की पूर्व तैयारी करने के निर्देश दिए।

# आप ने पैसे कमाने को घर में खोले मोहल्ला क्लीनिक: सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी लोगों को सेवाएं देना है, लेकिन आम आदमी पार्टी जनता की सेवक कम और दिल्ली की दुश्मन ज्यादा थी। उन्होंने कहा कि आप ने जानबूझकर कभी सीएजी की रिपोर्ट पेश नहीं की। वे हमेशा अपने भ्रष्टाचार को छिपाते रहे।

वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी सरकार पर जमकर निशाना साधा। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आपने आबकारी नीति में हमारे नेताओं और मंत्रियों को सुना है। कैसे जानबूझकर नीति बदली गई। तीन ब्रांडों ने आबकारी नीति को बदल दिया गया। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने यह खेल खेला। उन्होंने कहा कि इसकी जांच की जाएगी और दोषियों को माफ नहीं किया जाएगा। बीजेपी नेता ने मोलल्ला क्लीनिक पर भी रिपोर्ट लाने की बात कही है। वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली के अस्पतालों की स्थिति पर सवाल उठाया। जब बेड नहीं थे, तो अस्पतालों में फर्श पर सोते थे? यह आम आदमी पार्टी का योगदान नहीं है, वे लुटेरे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हम सब कुछ पूरा करेंगे। बीजेपी नेता ने कहा कि वे मोहल्ला क्लीनिक पर भी रिपोर्ट लाएंगे, जिससे सब कुछ सामने आ जाएगा। उन्होंने पैसे कमाने के लिए अपने घर में क्लीनिक खोला और वहां कोई डाक्टर और दवा नहीं थी। उन्होंने सिर्फ 30 सेकंड में मरीज का इलाज कर दिया। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आयुष्मान भारत अब दिल्ली में स्वीकृत हो गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

# शराब के नशे में बिचौलिये ने लगाई फांसी

## अनबन होने पर उठाया कदम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अनबन होने से नाराज होकर बिचौलिया ने शराब के नशे में घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परि. जनों द्वारा कोई भी कानूनी कार्रवाई न करने की बात कहते हुए शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर चार के गांव गुलामपुर में शनिवार को एक शादी समारोह था। शादी समारोह में बिचोलिया हुकुम सिंह पुत्र धन सिंह उम्र 48 वर्ष के साथ किसी बात को लेकर एक व्यक्ति की अनबन हो गई। जिससे बिचो. लिया काफी दुखी था। शनिवार की देर रात्रि किसी समय बिचौलिया गांव स्थित अपने घर पर पहुंचा और कमरे में प्लास्टिक की रस्सी से फंदा बनाकर फांसी पर लटक गया। जिससे उसकी मौत हो गई। किसी ग्रामीण के द्वारा घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस सूचना मिलते ही गांव पहुंची और मृतक के शव का पंचनामा भर दिया। इसके बाद परिजनों द्वारा बिना किसी कानूनी कार्यवाही के मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी मुन्नी एवं पांच बच्चों को रोते बिलखते छोड़ गया है। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी अपने एक बेटे के साथ रिश्तेदारी में मौत में गई हुई थी वहीं मृतक के और बच्चे गांव में शादी समारोह में गए हुए थे घर पर मृतक की पुत्रवधू अकेली थी। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप द्वारा बताया गया की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर गई थी लेकिन परिजनों द्वारा कोई भी कानूनी कार्रवाई न करने की बात कही गई।

# 271 का चालान, एक वाहन किया सीज

## जिले में दो घंटे चला विशेष चैकिंग अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिले में दो घंटे चले वाहनों की सघन चैकिंग अभियान के दौरान 271 का चालान किया गया जबकि एक को सीज कर दिया गया। वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी भी दी गयी।

एसपी अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर जिले में दो घंटे के लिए विशेष वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों का पालन न करने वाले 171 वाहन चालकों का चालान किया गया जबकि एक वाहन सीज किया गया। सभी वाहन चालकों को निर्देश दिये गये कि वह दोपहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी बैठाकर यात्रा न करें। नशे की हालत में वाहन न चलायें। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। नाबालिग के हाथों में वाहन का स्टेरिंग न दें। चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बैल्ट का प्रयोग करें। जबकि दोपहिया वाहन



चलाने के दौरान हेलमेट लगाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जागरूकता से ही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। इसलिए सभी इस पर ध्यान दें।

# बुलेट व तीन लाख के लिए विवाहिता को निकाला

## पति समेत पांच पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दहेज में बुलेट और तीन लाख रुपये की मांग पूरी नहीं कराने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोप है कि जेठ ने विवाहिता के साथ छेड़छाड़ भी की। पीड़िता ने मारपीट का वीडियो बनाने का आरोप भी लगाया है। पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। यहां रहने वाले एक कारोबारी ने दो साल पहले अपनी बेटी की शादी मोहल्ले के ही युवक के साथ की थी। हैसियत के मुताबिक दान-दहेज भी दिया था। विवाहिता ने एक बेटे को भी जन्म दिया, पति नासिक में काम करता है। इन दिनों घर आया हुआ है। आरोप है कि पति व अन्य ससुराल वाले विवाहिता पर दहेज के लिए दबाव बनाते थे। मायके से तीन लाख रुपये व बुलेट की मांग की जाती थी। पीड़िता का आरोप है कि जेठ गलत नजर रखता है तथा उसने कई बार छेड़छाड़ की। बाद में पीड़िता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता मायके में आकर रहने लगी। मामले में समझौता का भी प्रयास किया गया लेकिन ससुराल वालों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। लिहाजा पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में पति समेत ससुराल के पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही

# तार बदल रहे ठेकेदार व मजदूरों से मारपीट

## चार सगे भाईयों के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जोया में तार बदल रहे ठेकेदार व श्रमिकों के साथ मारपीट की गई। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामले में ठेकेदार ने चार सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव अजीजनगर की मंढैया का है। गांव में बिजलीघर भी बना है। क्षेत्र के ही गांव हुसैनपुर निवासी नईम अहमद बिजली विभाग में ठेकेदार हैं तथा बिजनेस प्लान के तहत अपने श्रमिकों के साथ बिजली के जर्जर तार बदलने का काम कर रहे हैं। रविवार को वह अशोक, बाबू, आकाश व रिंकू के साथ गांव अजीजनगर के जंगल में तार बदलवा रहे थे। आरोप है कि उसी दौरान गांव के ही रहने वाले जर्रार के बेटे शादाब से उनकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद शादाब ने अपने भाई महताब, मुकर्रब व शाहनवाज को बुला लिया। आरोप है चारों मिलकर ठेकेदार व श्रमिकों के साथ मारपीट की तथा तार छीनने का भी प्रयास किया। वहीं, शादाब पक्ष का आरोप है कि श्रमिकों ने पहले उनके साथ गाली-गलौज की तथा विरोध करने पर मारपीट की। भीड़ में शामिल किसी व्यक्ति ने दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक घायल हो गया। उसे उपचार के लिये सीएचसी में भर्ती कराया गया। रविवार को दोपहर दो बजे के लगभग अफजलपुर लूट निवासी अमित कुमार अपनी बाइक लेकर किसी काम से गजरौला आ रहा था। जैसे ही वह फौंदापुर के पास पहुंचा तभी तेज गति के साथ आए किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, हादसे में अमित घायल हो गया। हादसे के बाद लोगों की भीड़ लग गई। लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिये सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हॉयर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर परिजन भी पहुंच गए थे।













# बस खराब होने की बात कहकर यात्रियों को उतारा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** डग्गामार वाहन के चालक ने लालकुंआ से यात्रियों को बरेली के लिये बैठाया मगर गजरौला पहुंचकर बस खराब बताते हुए उन्हें बस से उतार दिया। चालक परिचालक ने यात्रियों को दूसरी बस में बैठाया तो वह किराया मांगने लगा। इससे परेशान होकर यात्रियों ने हंगामा किया। बता दें की रविवार को एक डग्गामार बस चालक ने यात्रियों को लाल कुंआ से बरेली के लिये बैठाया, मगर चालक ने बस गजरौला में लाकर खड़ी कर दी और कहा कि बस खराब हो गई है इसलिए यात्रियों

**■ गुस्साए यात्रियों ने किया हंगामा**

को दूसरी बस में बैठना होगा। जब यात्री दूसरी बस में सवार हुए तो उसका चालक व क्लीनर पैसों की डिमांड करने लगा। इससे यात्रियों का पारा हाई हो गया, उन्होंने बस चालक व क्लीनर को खूब फटकार लगाई। काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। बस में सवार रेखा, प्रदीप, सोनू, रिजवान, आरिफ, चंद्रपाल, भुरे, शिवम, राजबाला व अन्य महिलाएं और पुरुष थे। हालांकि बाद में किसी तरह मामला शांत हुआ। बता दें कि आए दिन डग्गामार वाहनों के चालक इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते हैं। यात्रियों को चौपला पर बस खराब होने की बात कहकर उतार देते हैं। यात्रियों को दूसरी बस में सवार होकर अपनी मंजिल की ओर जाना पड़ता है। आए दिन ऐसी घटना होती हैं।

## दूसरी शादी के विरोध पर पत्नी को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता, रहरा।** रहरा थाना क्षेत्र के गांव गलसुआ निवासी मुस्तकीम ने अपनी पुत्री तारा जहां की शादी बासका मदारीपुर निवासी इकरार के साथ 5 साल पहले की थी। अब से तीन माह पहले पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया था। इसी से नाराज होकर तारा जहां अपने मायके में रह रही थी। इस दौरान इकरार ने दूसरी शादी कर ली, सूचना लगते ही तारा जहां व उसके परिवार के लोग बासका मदारीपुर आ गए, जब उन्होंने इसका विरोध किया तो ससुरालवालों ने तारा जहां व उसके परिवार के लोगों पर शनिवार को जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें तारा जहां की हालत गंभीर बताई जा रही है। परिवार के लोगों ने रविवार को वीडियो वायरल किया है और कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# प्रिया ने जीती देशभक्ति गीत प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में प्रिया गोला पहले, चित्रांशी दूसरे जबकि श्रेया शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

संस्कार भारती द्वारा मौहल्ला सुबोध नगर स्थित शिव ब्रिलेंएट एकेडमी में देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका सुभारंभ डीसी बेसिक शिक्षा मनोज कुमार एवं संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष डा. दीपक अग्रवाल ने किया। कवि भुवनेश कुमार शर्मा, शशि त्यागी, सत्येन्द्र धारीवाल, आकर्ष और विमल किशोर वंदेमात. रम को अभिनंदर पत्र और मोमैंटों देकर सम्मानित किया गया। आरएसएस के विभाग प्रचारक शरद ने अपनी कहानियों के माध्यम से समय का महत्तव, बड़ों का सम्मान, अहंकार से दूर रहने की सीख दी। प्रतियोगिता में प्रिया गोले ने पहला, चित्रांशी ने दूसरा तथा श्रेया शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर एकेडमी की प्रबंधक चित्रा शर्मा, निदेशक गरिम शर्मा, गिरीश कुमार गोला, गीतू सिंह मौजूद रहे। संचालन विमल किशोर ने किया।







# वेदों में सभी समस्याओं का समाधान

## आर्य समाज में यज्ञ का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आर्य समाजियों ने यज्ञ में आहूति देकर देश की खुशहाली व समाज के कल्याण की कामना की। मौहल्ला कोट स्थित आर्य समाज प्रांगण में यज्ञ का आयोजन किया गया। जो आचार्य सोमेश कुमार शास्त्री के ब्रहमतत्व में सम्पन्न हुआ। मुख्य यज्ञमान विनय प्रकाश आर्य ने कहा कि वेदों का प्रचार प्रसार वर्तमान परिवेश में जरूरी है। सभी समस्याओं का समाधान इसी में छिपा है। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को अधिक से अधिक वेदों की जानकारी देनी चाहिए तथा इससे उन्हें जोड़ना चाहिए। जिस घर में इनकी रचनाओं का वाचन किया जाता है वहां से नकारात्मक ऊर्जा हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। हेतराम सागर ने सत्यार्थ प्रकाश का वाचन किया। इस मौके पर प्रोफेसर अनिल रायपुरिया, नत्थू सिंह आर्य, अंकुर अग्रवाल, विनय प्रकाश आर्य, डा.गजेन्द्रपाल सिंह, मनोहरलाल, विनय त्यागी, यशवंत सिंह, राजीव शर्मा, आशा आर्य, सुनील कुमार, सतीश आर्य आदि मौजूद रहे।



# घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़

## आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर के बाहर खड़ी हुई कार में तोड़फोड की। विरोध करने पर आरोपी मौके पर पहुंचे कार स्वामी को जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दानिशमंदान का है। यहां पर रवि कुमार का परिवार रहता है। शनिवार रात उनकी कार आजाद मार्ग स्थित सना बैंक्वेट हॉल के सामने खड़ी थी। आरोप है कि मोहल्ले का ही कोशिंद्र रात में करीब 12:30 बजे वहां पहुंचा और उसने कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी। शीशे तोड़ दिए और बोनट भी क्षतिग्रस्त कर दिया। कार में तोड़फोड़ की आवाज सुनकर रवि कुमार वहां पहुंचे तो को. शिंद्र मौजूद था। विरोध करते हुए उन्होंने तोड़्फोड़ का कारण पूछा तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। अन्य लोग भी मौके पर आ गए थे, जिन्हें देख कर आरोपी फरार हो गया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में कोशिंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## एक नजर

### पहिया निकलने से ट्रेक्टर-ट्राली पलटी



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** हाईवे पर अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली का पहिया निकल गया। गनीमत रही की बड़ा हादसा होने से टल गया। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई। रविवार को मुरादाबाद की दिशा से आ रही भूसें से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली का पहिया गजरौला स्थित नेशनल हाईवे पर अचानक निकल गया। चालक ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही की बड़ा हादसा होने से टल गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। माना जा रहा है कि भूसे चालक ने ट्रैक्टर ट्राली में क्षमता से अधिक भूसा भरा हुआ था।

### धूमधाम से मनाया जाएगा होली मिलन उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता, हसनपुर।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान ने होली मिलन उत्सव समारोह को धूमधाम से मनाए जाने का आह्वान किया है। रविवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान 74/22 की एक मीटिंग पंडित मोहित शर्मा के आवास पर आयोजित की गई। वक्ताओं ने खा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन उत्सव समारोह के उपलक्ष में रूपरेखा बनाई गई। जिसमें उत्सव मनाने के लिए 12 फरवरी बुधवार शाम 3 बजे का समय रखा गया है। जिसमें एक बैनर, फूलों की ठेली, डीजे और ग्वालो की लटठ वाले कार्यक्रम निश्चित किये गये। इस अवसर पर जिला चेयरमैन पंकज भटनागर, प्रदेश महासचिव मुकेश गुप्ता, संरक्षक दिनेश अग्रवाल जिला, उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष रानू रस्तोगी, नगर अध्यक्ष तरुण अग्रवाल, पंडित मोहित शर्मा जी, नगर मीडिया प्रभारी विजय पारछा, नगर उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार अग्रवाल, अंकित गुप्ता, भरत लाल प्रजापति, जिला सचेतक लोकेश अग्रवाल, नगर अध्यक्ष युवा मोहित सुशील अग्रवाल, नगर महामंत्री प्रशांत शर्मा, नगर उपाध्यक्ष मोहित शर्मा, जागरण मंच के अध्यक्ष अतुल शर्मा, डॉ अनुज अग्रवाल आदि शामिल रहे।

**त्यौहारों को आपसी भाईचारे से मनाएं: एसडीएम**

# रमज़ान व होली पर उपद्रव किया तो खैर नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** माह-ए-रमजान और आगामी पर्व होली के मद्देनजर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी चन्द्रकान्ता ने की। एसडीएम ने कहा कि पुलिस प्रशासन 24 घंटे जनता की सेवा के लिए तैयार है। किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। होली एवं रमजान दोनों पर्वों को मिल जुल कर मनाने की अपील की गई।

अफवाहों पर ध्यान न दें, किसी भी प्रकार की सूचना हो तो तत्काल पुलिस को दें। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने कहा त्योहारों पर हुड़दंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। त्योहार के दिनों में कोई नई परंपरा नहीं शुरू की जाएगी। अगर कोई परंपरा नई परंपरा शुरू करता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। त्योहार प्रेम का प्रतीक होते हैं। एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्यौहार मनाने चाहिए। नई पीढ़ी को त्योहार शांतिपूर्वक मनाने के लिए समझाएं। होलिका दहन पूर्व नियोजित स्थानों पर ही करें। समस्या आने पर मिलजुलकर समाधान निकालें। इस दौरान कस्बा चौकी प्रभारी सुभाष चौहान, एसआई रवि कुमार, फाजिल जैदी, रुद्र प्रताप, धर्मवीर भाटी, यासीन, कलुआ अहमद, राजेन्द्र सिंह, उधम गिल, गुरुचरण सिंह, सतपाल सिंह, अनवार, निगम आदि मौजूद रहे। वहीं बछरायूं में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार के अध्यक्षता में अमन कमेटी की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने सभी धर्म गुरुओं शांति समिति के सदस्यों और गणमान्य लोगों से अपील की है कि आपसी सहयोग और सौहार्द के साथ पर्व मनाए। किसी भी तरह की कोई नई परंपरा में डालें और कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हो। किसी को कोई समस्या हो तो प्रशासन से संपर्क करें ताकि समय रहते समाधान हो सके।



मंडी धनौरा। त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक लेतीं एसडीएम।

# फिजा खराब की तो होगी कार्यवाही: कोतवाल



## रमजान के पहले दिन मस्जिदों में रही भीड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**जहाँगीराबाद।** रमजान व होली के पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क नजर आ रहा है। इसी को लेकर कस्बा चौकी में आयोजित शांति समिति की एक बैठक में त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

रमजान का पाक महीना रविवार से शुरू हो गया है। 13 मार्च को होली का पर्व है। जिसको लेकर पुलिस चौकी में रविवार को शांति समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कोतवाल महेंद्र त्रिपाठी ने बैठक में कहा कि भाईचारे की मिसाल को कायम रखते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखें ओर आगामी त्यौहारो को आपसी भाईचारे के साथ मनाये। उन्होंने कहा कि शहर की फिजा बिगाड़ने का प्रयास करने वाले शरारती तत्वों पर पुलिस की नजर रहेगी और बिना अनुमति के किसी को रंग नही लगाये। जिससे कोई विवाद खड़ा न हो। शांति व्यवस्था भंग करने वालो के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी महेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि शरारती तत्वों की सूचना तत्काल पुलिस को दें ओर ऐसे लोगों को बढ़ावा न दे जिससे नगर की फिजा बिगड़े। इस मौके पर नगरपा. लिका चेयरमैन किशनपाल लोधी व शहर इमाम सैय्यद कलीमुर्रहमान बुखारी ने पुलिस प्रशासन को सहयोग करने व शहर में अमन चैन से रहने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर सभासद मनोज शास्त्री, सुल्तान अंसारी, मनमोहन अग्रवाल, कैलाशचंद्र सैनी, अनीस मलिक, मनोज गुप्ता, नवीन बंसल, मुन्नन अंसारी, नईम अंसारी, गौरव शिशोदिया, रामकुमार, व्यापारी नेता रोहित पहाड़ी, संजय कंसल, मुफ्ती खालिद, सपा नेता हसीन सैफी, हाजी खालिद सिद्दीकी, जोगेंद्र पोसवाल, राजकुमार गोयल, इंतजार अली, मोनू जिंदल, तारीक खांसाब, शहजाद मलिक आदि मौजूद रहे।

## बारात में स्वागत को आई युवती से दुष्कर्म की कोशिश

**बुलंदशहर।** गुलावठीकोतवाली क्षेत्र में एक मैरिज होम में बारात में फूल बरसाने आई युवती के साथ दुष्कर्म के प्रयास के मुख्य आरोपी मोहम्मद जुनैद को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अकबरपुर कोतवाली देहात का बताया जा रहा है। सीओ पूर्णिमा सिंह के ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। दो अन्य आरोपी सुहैल और साजेब अभी फरार बताए जा रहे हैं। घटना गांव ऐंचाना स्थित एक मैरिज होम की है। अनूपशहर के गांव बिरौली निवासी एक युवती शादी समारोह में फूल बरसाने के लिए आई थी। रात में बारातियों के स्वागत के बाद वह घर लौटने लगी। उसे कोई वाहन नहीं मिला इसलिए उसने मैरिज होम मालिक से रात भर रुकने की अनुमति मांगी।

# टूटी सड़कें और जलभराव से लोग परेशान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** शांतिनगर कॉलोनी में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर और टूटी सड़कें प्रशासनिक अफसरों के विकास के दावों के पोल खोल रहे हैं। सफाई के नाम पर महज खानापूर्ति हो रही है। यहां स्थित तालाब अतिक्रमण की चपेट में है। मंदिर जाने वाले रास्ते पर कूड़ाघर बना होने से श्रद्धालुओं को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। शहर के सबसे प्रसिद्ध भूड़ चौराहा के पास शांतिनगर कालोनी स्थित है। करीब 35 साल पुरानी इस कालोनी में हर वर्ग का व्यक्ति निवास करता है। कालोनी में प्रवेश करते समय यहां का रास्ता काफी चौड़ा है, लेकिन जैसे-जैसे आप कालोनी के भीतर घुसेगे वैसे ही कालोनी के रास्ते तंग होते मिल जाएंगे। कुछ स्थानों पर नगर पालिका के अधिकारियों ने सीवर लाइन तो बिछा दी, लेकिन कालोनी के आखिर छोर तक इस सुविधा का लाभ लोगों को नहीं मिल सका। उबड़-खाबड़ जर्जर सड़क भी लोगों के मन में टीस की तरह चूभती है। बिन बरसात के होने वाला जलभराव लोगों को नारकीय जीवन जीने का एहसास कराता है। मोहल्ले के लोगों का कहना था कि कालोनी में विकास होने के लिए उनकी आंख कई दशकों से इंतजार कर रही है। कालोनी में विभिन्न प्रकार की समस्याएं हैं। कालोनी में ही एक मंदिर का जीर्णोद्धार होने का काम चल रहा है। मंदिर को जाने वाला मार्ग काफी जर्जर है और यहां पर कूड़े के जगह-जगह ढेर लगे हुए हैं। जब श्रद्धालु मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए जाते हैं, कूड़े के ढेर से उठती दुर्गंध लोगों को नाक पर रूमाल रखने पर मजबूर कर देती है। ऐसा नहीं हैं कि इस बात की शिकायत अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से नहीं की हो। लेकिन सिवाय आश्वासन के बाशिंदों को कुछ नहीं मिल सका। चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधि आकर समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हैं, लेकिन जैसे ही चुनाव जीत जाते हैं, कालोनी में व्याप्त समस्याओं को देखने के लिए कोई नहीं आता। जिस कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सदर विधायक प्रदीप चौधरी ने बताया कि कालोनी के लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। कालोनी के बाशिंदों की जो समस्याएं हैं, उन्हें जल्द ही लिखकर नगर पालिका के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

## बहु का आरोप सास ने पति को शराब पिलाकर कराई पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** विवाहिता के साथ मारपीट करने के मामले में बहु ने पुलिस को तहरीर देकर पति, सास व ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। विवाहिता का आरोप है कि उसके ससुराल वाले उसे मारने की साजिश रच रहे हैं लगातार उसका उत्पीड़न हो रहा है और उन्हें कानून का भी कोई खोफ नहीं हैं। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी विवाहिता का आरोप है कि उसका पति सांस व ससुर उसके साथ मारपीट करते हैं। शनिवार को भी उसके पति, सास व ससुर ने उसके साथ मारपीट की। इससे पहले भी ससुराल पक्ष के लोग उसके साथ कई बार मारपीट कर चुके हैं। विवाहिता का यह भी आरोप है कि उसकी सास ने उसके पति को दारू पिलाकर कई बार पिटाई भी करवाई है। इसकी शिकायत पीड़िता ने पुलिस चौकी पर की तो पुलिस कर्मियों ने समझ कर मामला शांत कर दिया लेकिन उसके बाद भी विवाहिता का लगातार उत्पीड़न होता रहा और कोई सुनवाई नहीं हुई। विवाहिता का आरोप है कि उसके ससुराल वाले उसको मारने की साजिश रच रहे हैं और उन्हें कानून का भी कोई खौफ नहीं है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि विवाहिता की तहरीर पर ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## सुभारती प्रकरण: अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**जानी खुर्द।** सुभारती विश्वविद्यालय में एमबीबीएस की छात्रा को धोखे से उसकी कोल्डिंग में नशीला पदार्थ मिला दिया जब लड़की बेहोश हो गई तो उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा और बेहोशी की हालत में पीड़िता के साथ बलात्कार करने की कोशिश की गई लेकिन किसी तरह अपनी जान बचाई और पीड़िता ने जानी थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया। मुखबिर की सूचना पर जानी पुलिस ने आरोपी को रविवार को सुभारती बाईपास फ्लाईओवर से दबोच लिया आरोपी की पहचान देव उत्कर्ष सागर पुत्र राजकुमार सुभारती कंपस के रूप में हुई आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में जुट गई है।

# निर्माण कार्यों में अनियमितता डीपीआरओ बोलीं कराई जाएगी जांच





शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** नौनिहालों के उज्जवल भविष्य के लिए सरकार जहां प्रयत्नशील है वहीं सरकारी कर्मचारी और ठेकेदार आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण में अनियमितता कर उनकी जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे है। ब्लॉक में बनाए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्रों पर मानक के अनुसार सामग्री का प्रयोग नहीं किया गया है। डीपीआरओ ने मामले में जांच कराने की बात कही हैं। आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण कार्यों पर लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। वहीं, देखरेख के अभाव में ठेकेदार मनमाने ढंग से कार्य करा रहे हैं। निर्माण कार्य में पीली/दोयम दर्जे की ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। जिम्मेदार मौन हैं। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। विकासखंड की ग्राम पंचायत अहरौला माफी में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराया जा रहा हैं। इसमें करीब 12 लाख का खर्चा होना है। बावजूद इसके भवन निर्माण में जमकर अनियमितता बरती जा रही है। निर्माण में मानक को दरकिनार कर सरेआम पीले ईंट का प्रयोग हो रहा है। बावजूद इसके जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। निर्माण मे जहां पीले ईंटों का सरेआम प्रयोग किया जा रहा है तो वहीं अन्य मटेरियल भी मनक विपरीत लगाए जा रहे हैं। लेकिन विभाग के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है। लोगों का कहना है कि निर्माण मे पीले ईंट से दीवार की चिनाई कराई जा रही है। अब तक नीव से करीब एक फुट ऊंची बाउंड्री बन चुकी है लेकिन जिम्मेदारों ने इसे देखना भी मुनाशिब नहीं समझा है। बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य ठेके के तहत हो रहा है और ठेकेदार निर्माण में मानक की सरेआम धज्जियां उठा रहा है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मौके की जांच कर मानक विहीन निर्माण को रोके जाने की मांग की है। जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया ने मामले में जांच की बात कही।

eMh ekukjkA आंगनबाड़ी केंद्र हो या कोई अन्य विकास कार्य किसी भी काम में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होने दिया जाएगा यदि आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में ऐसा हो रहा है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच में कमी पाए जाने पर कार्यवाही होगी।

**पारुल सिसोदिया, जिला पंचायत राज अधिकारी, अमरोहा**

# नवजात की मौत का महिला आयोग ने लिया संज्ञान पैनल से होगा पोस्टमार्टम

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** शनिवार शाम शहर के धुनों वाले चौराहे स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान हुई नवजात की मौत मामले में राज्य महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। राज्य महिला आयोग की सदस्या सुनीता सैनी ने नवजात का पोस्टमार्टम पैनल से कराने व पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराने के आदेश दिए हैं। इधर, जिला. धिकारी संजय कुमार सिंह ने भी सीएमओ को कमेटी बनाकर नवजात की मौत के कारणों की जांच करने के आदेश दिए हैं। सीएमओ ने तत्काल संज्ञान लेकर नवजात के पोस्टमार्टम के लिए दो सदस्यीय पैनल का गठन किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदोई निवासी राजीव कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी अंजलि मौर्य गर्भवती थी। शनिवार को प्रसव पीड़ा होने पर उसे धुनों वाले चौराहा पर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। भर्ती करने के बाद पीड़ित ने डॉक्टर से पहले नॉर्मल डिलीवरी करने की बात कही। इस पर डॉक्टर ने नॉर्मल और ऑपरेशन दोनों की सुविधा होने की जानकारी दी। इसी के चलते परिवार उसे भर्ती करा दिया। आरोप है कि काफी देर तक महिला चिकित्सक नॉर्मल प्रसव करने की बात कहती रही। बाद में एनेस्थेटिस्ट न होने की बात कहते हुए व्यवस्था करने के लिए कहा। इस पर परिवार ने दूसरी जगह ले जाने की बात कही तो चिकित्सक ने आश्वासन दिया कि प्रसव हो जाएगा। आरोप है कि महिला चिकित्सक ने गलत इलाज किया, जिस वजह से नवजात की जान चली गई। काफी देर के बाद डॉक्टर ने परिवार वालों को बताया कि नवजात की मौत हो गई। यह भी आरोप है कि डॉक्टर ने जबरन उससे सादा पेपर पर भी हस्ताक्षर करा लिए और महिला के इलाज संबधी पेपर भी नहीं दे रहे हैं। सूचना मिलते ही विभिन्न संगठन के कार्यकर्ता आ गए। कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पहले काफी देर तक समझौते का दबाव बनाया जाता रहा। करीब दो घंटे के बाद परिवार वालों ने कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल मण्डल भिकारीपुर के रशीद अध्यक्ष, सुरेश महामंत्री बने

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष एमए जिलानी ने रविवार को शहर से सटे कस्बे भिकारीपुर में नई कार्यकारिणी की घोषणा की। भिकारीपुर निवासी प्रमुख व्यापारी अब्दुल रशीद अंसारी को नगर अध्यक्ष व ज्वैलर्स सुरेश कुमार को महामंत्री बनाया गया है। जिलाध्यक्ष ने नव मनोनीत पदाधिकारियों से अपेक्षा की है कि वह व उनकी टीम संगठन व व्यापारी हितों के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे। जिलाध्यक्ष जिलानी ने बताया कि ज़िले की हर तहसील हर कस्बे और छोटे छोटे बाजारों में संगठन की कार्यकारिणी गठित की जा रही है। उन्होंने 10 दिन के अंदर अपनी पूर्ण कार्यकारिणी का गठन कर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए। जिला चेयरमैन अनिल महे, ज़िला संरक्षक प्रकाश वीर, जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, विक्रम सिंह, विक्रांत मिश्रा, रणवीर पाठक, सुधीर पाल सिंह, शेर सिंह, राशिद अंसारी, शैली शर्मा, आशीष लोधी आदि ने बधाई दी है।

## रमजानुल मुबारक में जरूरतमंद कारोबारियों की मदद करें: इमरान



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** रमजान का मुबारक महीना शुरू हो चुका है ऐसे में रमजान और इसकी बरकतों को लेकर शहर के जिम्मेदार और समा. जसेवी लोगों से तरह- तरह की अपील कर रहे हैं इसी क्रम में समा. जसेवी मोहम्मद इमरान ने कहा कि रमजानुल मुबारक सिर्फ इबादत और रहमत का महीना ही नहीं, बल्कि आपसी हमदर्दी और भाईचारे को बढ़ावा देने का भी बेहतरीन मौका है।

इस मुकद्दस महीने में हमें खास तौर पर उन लोगों का ख्याल रखना चाहिए, जो साल भर कारोबार नहीं कर पाते और सिर्फ रमजान में ही छोटी-मोटी दुकानदारी या कारोबार करके अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। अक्सर हम बड़ी मार्केट्स या होलसेल बाजार से खरीदारी करके चंद रुपये बचाने की कोशिश करते हैं, लेकिन अगर हम अपने मोहल्ले या आसपास के छोटे दुकानदारों, रेहड़ी वालों और खासकर बुजुर्ग कारोबारियों से सामान खरीदें, तो यह न सिर्फ उनकी मदद होगी, बल्कि हमें नेकियों का भी सवाब मिलेगा।

# हिन्दी की सेवा के लिए डा. यतीन्द्र सम्मानित

**मंडी धनौरा।** विदेश मंत्रालय एवं सांख्यिकी व कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बरेली स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में गत रात्रि आयोजित राजभाषा सम्मेलन एवं हिंदी कार्यशाला व काव्य संध्या के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पटल पर हिंदी सेवा के लिए कार्य कर रहे राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक व विश्व हिंदी मंच के अध्यक्ष डॉ यतीन्द्र कटारिया का विश्वविद्यालय के कुलपति डा के पी सिंह एवं विदेश मंत्रालय के क्षेत्रिय पासपोर्ट अधिकारी शैलेन्द्र सिंह तथा सांख्यिकी मंत्रालय के महानिदेशक आषुतोष द्वारा डॉ कटारिया को शाल व स्मृति चिन्ह देकर अलंकृत किया गया। इस अवसर पर कहा कि डॉ कटारिया जिस तरह से राष्ट्रभाषा हिंदी के लिए निरंतर संवर्धन हुए साहित्य सृजन के कार्य में लगे हुए हैं वह प्रशंसनीय है आजादी की अमृतवेला में राष्ट्रीय प्रतीक हिंदी के लिए कार्य किया जाना और भी ज्यादा प्रासंगिक है। मुख्य वक्ता के रूप में विचार व्यक्त करते हुए डा यतीन्द्र कटारिया ने कहा कि हिंदी भारत की आत्मा व अस्मिता की प्रतीक है जो विश्व पटल पर परचम फहराते हुए भारत के भव्य विस्तार का प्रतीक है इस मौके पर विभिन्न विद्वानों ने हिंदी के इतिहास एवं व्याकरण पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रभाषा हिंदी को आगे बढ़ाने व आत्मसात करने का आह्वान किया।

### विदेश मंत्रालय ने दिया सम्मान



# जीवन में शिक्षा की बहुत जरूरत



शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर।** स्वामी विवेकानंद आदर्श पब्लिक इंटर कालेज के वार्षिकोत्सव में शिक्षा को अपनी आवश्यकता बनाने पर जोर दिया गया।

रविवार को तहसील क्षेत्र के गांव नूरपुर खुर्द स्थित स्वामी विवेकानंद आदर्श पब्लिक इंटर कालेज के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ अति. विशिष्ट अतिथि सुनील दीक्षित एवं जेबीएफ में मेडिकल हेड डा. सुजिंदर फोगाट ने स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। छात्राओं ने स्वागत गीत एवं वंदना प्रस्तुत की। सुनील दीक्षित ने छात्रों से आह्वान किया कि वह वही विषय चुनें जिसमें उनका रूझान हो। साथ ही शिक्षकों एवं अभिभावकों से भी अपील की कि बच्चों को कोई विषय जबरन न थोपें बल्कि उसी सब्जेक्ट की पढ़ाई करवाएं जिसमें उनकी रूचि हो। शिक्षक विधायक डा.हरि सिंह ढिल्लों ने कहा कि जीवन में शिक्षा का ही विशेष महत्व है। इसी के सहारे जीवन की सफलता की सीढ़ियां चढ़ी जा सकती हैं। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत भी किया गया। संचालन राजीव कुमार ने किया। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, रामकिशोर चौहान, प्रबंधक महेश कुमार, प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, अशोक कुमार, देवेंद्र कुमार,राजेश्वरी शर्मा, रिंकल, मेघराज, रीना, शगुन श्रीवास्तव, शिवम कुमार आदि भी मौजूद रहे।

# किंडर जूम प्ले स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव, बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** जटौली रोड, कंकरखेड़ा स्थित किंडर जूम प्ले स्कूल में रविवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज मित्तल ने रिबन काटकर एवं दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम के दौरान नन्हें-मुन्नें बच्चों ने विभिन्न रंगारंग एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

इस दौरान विद्यालय की डायरेक्टर पिंकी सैनी ने कहा कि अच्छे संस्कारों द्वारा ही एक आदर्श व्यक्तित्व का निर्माण किया जा सकता है। रवि सैनी ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के रचनात्मक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का नियमित आयोजन अत्यन्त आवश्यक है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।

## कस्बा करनावल योग साधक ने दांतों से 125 किलो वजन उठाकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

शाह टाइम्स संवाददाता

**कंकरखेड़ा।** रविवार को सरधना रोड स्थित दीवान चंद एनक्लेव कॉलोनी में संयुक्त व्यापार संघ उपाध्यक्ष नीरज मित्तल ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले योग साधक स्वामी विकास योगी का जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान संयुक्त व्यापार संघ उपाध्यक्ष और भाजपा नेता नीरज मित्तल के सहयोगी भी साथ रहे। दरअसल मेरठ जिले के कस्बा करनावल निवासी योग साधक स्वामी विकास योगी ने फरवरी में इटली में आयोजित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रतियोगिता में दांतों से 125 किलो वजन उठाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। बताया गया कि वर्ल्ड रिकॉर्ड में उनके दो बेटों, 16 वर्षीय अनमोल स्वामी और 10 वर्षीय आदित्य स्वामी ने भी सहयोग किया।

## दस लाख की एफडी और स्कॉपियो गाड़ी की मांग

### एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

eMh ekukjkA ससुराल पक्ष की ओर से दहेज में 10 लख रुपए की एचडी और नई स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर ससुराल पक्ष के लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप हैं कि नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी युवक ने वर्ष 2023 में अपनी पुत्री की शादी जिला नैनीताल कालाढूंगी के कोटा बाग गिनती निवासी पशुधन विभाग में जू असिस्टेंट के पद पर तैनात अनूप के साथ की थी। शादी में करीब 50 लाख का खर्चा भी किया था। शादी में घर गृहस्ती का सामान सोने चांदी के जेवरात बलेनो गाड़ी भी दी गई थी। आरोप है की शादी के कुछ दिन बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। ससुराल पक्ष के लोग कहते थे कि हमारे एक-एक करोड़ के रिश्ते आ रहे हैं तू अपने पिता से नई वाली स्कॉर्पियो गाड़ी मंगवा तभी तो इस घर में रहेगी। दहेज की मांग पूरी न होने पर लगातार विवाहिता को प्रताड़ित किया गया। ससुराल पक्ष के लोग दहेज में दस लाख की एफडी व स्कोर्पियो गाड़ी की मांग कर रहे है। आरोप हैं कि थाना पुलिस को तहरीर देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पीड़िता ने एसपी से कार्यवाही की गुहार लगाई। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया मामले में मुक. दमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## दहेज में 15 लाख की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** ससुराल पक्ष की ओर से दहेज में 15 लख रुपए की नगदी के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में पति, ससुर, सांस, जेठ व नंद समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के गांव पट्टी खादर निवासी श्योराज ने अपनी बेटी पूजा (अंगूरी) की शादी करीब 6 साल पहले पानीपत के भागलपुर मुहाना थाना मुंडक निवासी अमित के साथ की थी। पूजा के दो बेटे हैं। आरोप है की शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग पूजा के साथ मारपीट दहेज की मांग करते थे दहेज में 15 लाख की मांग पूरी न होने पर आए दिन मारपीट करने की बात भी कहते थे। विवाहिता ने अपने पति अमित, ससुर बलबीर रोड, सांस मामो देवी, जेठ संजय, नंद सोनिया पर दहेज के लिए मारपीट मारपीट करने का आरोप लगाया है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# स्कूटी सवार तीन युवतियों को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत, दो गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बदायूं/सिलहरी।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मुरादाबाद बिसौली रोड दहेमी पराग दूध फैक्ट्री के पास रविवार शाम करीब पांच बजे मुरादाबाद की तरफ से बदायूं आ रहे ट्रक ने बदायूं की तरफ से स्कूटी पर सवार होकर जा रही तीन युवतियों को ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी जिसमे एक युवती आवा द्वेवेदी की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि सरिता निवासी सिलहरी थाना सिविल लाइन ,व नीतू पत्नी तेजपाल आश्रय आवास बदायूं गंभीर रूप से घायल हो गई मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है पुलिस ने घायलों के परिजनों को सूचना दे दी है मृतक महिला के शव मोर्चरी में रखवा दिया है । टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी सवार एक महिला छिटक कर बहुत दूर जा गिरी और दो महिलाएं स्कूटी सहित रोड पर ही गिर गई । स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया है। मृतक महिला आवा द्वेवेदी पीएम उद्यमी मित्र के पद पर जिला उद्योग केन्द्र में कार्यरत थी । दूसरा एक्सिडेंट थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मुरादाबाद बिसौली रोड पर भगवतीपुर भट्टे के पास शाम लगभग सात बजे हुआ जिसमें सुनील पुत्र राजवीर निवासी हतरा कोतवाली बिसौली को ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी जिसमे सुनील की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। इस संबंध में थाना सिविल प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार का कहना है एक एक्सीडेंट दहेमी के पास हुआ है जिसमें महिला आवा द्वेवेदी की मौत हो गई है दूसरा एक्सिडेंट भगवतीपुर के पास हुआ है जिसमें सुनील की मौत हुई है शव को मोर्चरी दिया है।

# ई रिक्शा व बाइक की भिडंत में बाइक सवार की मौत, एक घायल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**बदायूं।** थाना उझानी क्षेत्र के बरेली मथुरा हाईवे पर गंगोरा मोड पर ई - रिक्शा व बाइक की जबरदस्त भिडंत हो गई। जिसमें बाइक पर सवार थाना जरीफनगर क्षेत्र के रसूलपुर कलां के रहने वाले 20 वर्षीय वीरेंद्र पुत्र मानकचंद्र व बाइक पर बैठा 18 वर्षीय मनवीर पुत्र द्वारकी प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर उझानी पुलिस व पीआरवी 112 पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज बदायूं में भर्ती कराया । जहां चिकित्सको ने वीरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल मनवीर का राजकीय मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक वीरेंद्र के परिजनों को मौत की सूचना दी है।मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है।

## बिसौली में रोटरी क्लब द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन

### दान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगियां बच सकती हैं : दुर्विजय सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बिसौली।** रोटरी एवं इनरव्हील क्लब द्वारा स्व. कमला देवी एवं स्व. लाला ओंकार नाथ अग्रवाल स्मृति में 16 वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भाजपा ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, ब्लड डोनेशन के संयोजक विजय कुमार अग्रवाल एवं अस्पताल के चेयरमैन रवि प्रकाश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। श्री शाक्य ने कहा कि कुछ लोग रक्तदान करने से डरते हैं, जबकि नि:संकोच रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा दान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगी बच सकती है। इस अवसर पर नगर के व्यवसाईयों एवं समाजसेवियों सहित अन्य लोगों ने भी रक्तदान किया। सायं तक चले रक्तदान शिविर में 98 यूनिट रक्तदान हुआ। इस अवसर पर रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। आई.एम.ए. ब्लड बैंक बरेली की टीम डा. जे पी सेठी, अतुल शिवम, विनोद, अजीत, दीप नारायण, आदित्य, अनुज कुमार वार्ष्णेय ने रक्तदाताओं की भूरि भूरि प्रशंसा की। अंत में विजय कुमार अग्रवाल ने सभी रक्तदान दाताओं का आभार व्यक्त किया। शिविर में दिनेश मधु अस्पताल के चेयरमैन रवि प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष संदीप रस्तोगी, सचिव अरविंद अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष एवं ब्लड डोनेशन के संयोजक विजय कुमार अग्रवाल, डा. मनोज माहेश्वरी, डा. सुविधा माहेश्वरी, भाजपा नेता दुर्गेश वार्ष्णेय, विपिन कुमार टीटू, लता अग्रवाल, अनिल गुप्ता, अनुज अग्रवाल, आलोक गर्ग, डा. प्रवीन शर्मा, मधु शर्मा, विनीत अग्रवाल, राजीव गुप्ता, वरिष्ठ रो. सुभाष अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, अर्चना वार्ष्णेय, कृष्णा गुप्ता, संगीता रस्तोगी, सोनिया अग्रवाल, राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता कुंवरसेन, अनबार अहमद नन्हें मियां आदि मौजूद रहे।

## सरोजिनी नायडू के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता: ओमकार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**बदायूँ।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह की अध्यक्षता में उनके प्राइवेट बस स्टैंड स्थित कैम्प कार्यालय पर सरोजिनी नायडू की पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में सरोजिनी नायडू के चित्र पर मालार्पण कर उनको याद किया उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ओमकार ने सरोजनी नायडू ने भारतीय राष्ट्रवादी आंदोलन का हिस्सा लिया और महात्मा गांधी और उनके स्वराज के विचार की अनुयायी बन गईं। 1930 के नमक मार्च में भाग लेने के लिए उन्हें गांधी, जवाहरलाल नेहरू और मदन मोहन मालवीय सहित अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ गिरफ्तार किया गया था। सरोजिनी सविनय अवज्ञा आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व करने वाली प्रमुख हस्तियों में से एक थीं। उन्हें 1925 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया और बाद में 1947 में संयुक्त प्रांत की राज्यपाल बनीं, जो भारत के डोमिनियन में राज्यपाल का पद संभालने वाली पहली महिला बनीं। कवि के रूप में उनके काम ने उन्हें महात्मा गांधी द्वारा श्भारत की कोकिलाश या श्भारत कोकिलाश की उपाधि दिलाई।

## आज केवीसी उझानी में लगेगा कृषि मेला

**शाह टइम्स ब्यूरो**
**बदायूँ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत मध्य पश्चिम एग्रोकलाईमेटिक मैदानी जोन का एक दिवसीय किसान मेला 3 मार्च को प्रात: 10:00 बजे से कृषि विज्ञान केन्द्र उझानी परिसर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने जनपद के किसानों से इस मेले का लाभ लेने का आवाहन किया। कार्यकम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री सामा. जिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय एवं खाद्य और सार्वजनिक वितरण बी०एल० वर्मा होंगे। कार्यकम में किसानों की समस्या का निदान किया जाएगा।

# जिला बदर के अपराधी को तीन महीने के लिए किया जिले से बाहर



**शाह टाइम्स रिंकू भारद्वाज**
**उघैती ( बदायूं )।** उघैती पुलिस ने गुंडा अधिनियम के आरोपी को नोटिस तमिल कराकर। आरोपी को जिले की सीमा से बाहर छोड़ दिया और उसे यह भी हिदायत दी गई की 3 महीने से पहले अगर जिले में देखा तो सीधे जेल भेजा जाएगा।उघैती थाना क्षेत्र के गांव पटपरागंज निवासी कमल कुमार पर अवैध शस्त्रों की तस्करी सहित विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। ऐसे में उसके खिलाफ पिछले दिनों गुंडा की कार्रवाई की गई थी। इसके बाद उसे नोटिस भेज कर जिला बदर होने को कहा लेकिन वह अपने घर से टस से मस नहीं हुआ।
नतीजा रविवार की शाम पुलिस ने उसके घर दबिश दी। इस दौरान उसे पुन: नोटिस पढ़कर सुनाया गया। गांव में भी ढोल के संग मुनादी की कि उसे जिला बदर किया जा रहा है।
उसे शरण देने वाले पर भी कार्रवाई होगी। वहीं पुलिस ने जिला बदर के अपराधी के दो जमानतियों को भी 20-20 हजार रुपए की मुचलके से पाबंद किया है। पुलिस ने जिला बदर के अपराधी को गिरफ्तार कर इस्लामनगर बहजोई की सीमा पर ले जाकर जनपद के बाहर कर दिया।वही पुलिस ने हिदायत देते हुए कहा तीन महीने तक जिले की सरहद के भीतर न दिखे और जहां भी रहेगा वह के संबंधित थाने को सूचना देकर रह सकेगा

## पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने की होली और रमजान पर शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की अपील



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**बदायूं।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने जिले में रमजान के पाक महीने शुरू होने ओर होली के त्योहार को देखते हुए शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के के सरोज ने बताया कि रमजान ओर होली का त्योहार भाई चारा को बढ़ाने के उद्देश्य को पूरा करने वाले त्योहार है और सभी समुदाय के लोग मिलजुलकर त्यौहार का आनंद ले।
श्री के के सरोज ने जिले के सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि रमजान ओर होली के त्योहार शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर तरह के कदम उठाए जाए और किसी भी तरह की खुराफात को बर्दाश नहीं किया जाए
और की कोई भी खुरापाती किसी भी तरह की खुराफात या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उससे सख्ती से निपटा जाए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बदायूं जिले की जनता की तारीफ करते हुए कहा कि यहां की जनता समझदार है और दोनों समुदाय के लोग आपस में मिलकर दोनों त्यौहारों को मिल जुलकर मनाया जाए।

## पांच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में परिक्रमा को जुटे श्रद्धालु



**शाह टाइम्स, संवाददाता**
**उघैती:** पांच दिवसीय लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ में मंडप परिक्रमा करने के लिए रोजाना हजारों श्रद्धालु पहुंचने लगे हैं। धार्मिक आस्था के अनुरूप छोटे-छोटे बच्चे और महिला-पुरुष सुबह से ही परिक्रमा के लिए यज्ञ स्थल पर जुटने लग जाते हैं। क्षेत्र में महायज्ञ होने से इस तरह का धार्मिक वातावरण बना हुआ है कि नौकरी, रोजगार, खेती, मजदूरी या निर्धारित कार्य के लिए अन्यत्र जाने वाले भी पहले यज्ञ मंडप में प्रणाम और परिक्रमा करते हुए अपने अपने काम को निकलते हैं।

लगभग सभी समुदाय के दिल दिमाग में धर्म और सदाचरण का संचार होने से महायज्ञ के गति. विधियों में शामिल होने लगे हैं। महायज्ञ के तीसरे दिन भी यज्ञ दर्शन के लिए उघैती क्षेत्र के गांव लोथर में काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से देर शाम तक जारी हवन में भाग लेने तथा हवन का धुंआ ग्रहण करने के लिए मंडप परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ हमेशा लगी रहती है। शाम ढलते ही यज्ञ समापन और देवी देवताओं की आरती शुरू हो जाती है। इस कार्यक्रम में आचार्य के साथ उपस्थित नागरिक भी बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। लाउडस्पीकर के माध्यम से अहर्निश धार्मिक गीत और महायज्ञ के मंत्रध्वनि गूंजने तथा रात में भजन कीर्तन का आयोजन होने से संपूर्ण क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। यज्ञाचार्य मुनीश नारायण शास्त्री जी ने कहा है कि महायज्ञ का आयोजन होने से सर्व देवी देवता एवं सारे तीर्थ विराजमान होते हैं।

शास्त्रोक्त इस आधार से यज्ञ मंडप परिक्रमा करने से मनोवांछित फल मिलता है। हिंदू शास्त्र में मंडप परिक्रमा के संबंध में वर्णित है कि यम यम चिंतयते काममु, तम तम प्राप्नोति निश्चितम। यानी जो व्यक्ति जिस कामना लेकर परिक्रमा करते हैं वे वैसा ही प्राप्त करते हैं। आचार्य ने बताया कि शुद्ध चित्त और लक्ष्मी-नारायण के प्रति समर्पण होकर मंडप परिक्रमा करना चाहिए। मन नही मन अगर ऊँ नम: भगवते बासुदेवाय का जाप करते हुए परिक्रमा किया जाता है तो एकाग्रता कायम रहता है और अधिक फलदायी साबित होता है।

# हरिद्वार में आयोजित हुई स्पोर्ट्स प्रमोशन आर्गेनाइजेशन के पदाधिकारियों की बैठक

**एसपीओ की गतिविधियों के आयोजन हेतु हरिद्वार जिले के पदाधिकारियों की बैठक हुई आयोजित**



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मेरठ।** स्पोर्ट्स प्रमोशन आर्गेनाइजेशन उत्तराखंड प्रदेश के जिले हरिद्वार के पदाधिका. रियों की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर स्पोर्ट्स प्रमोशन आर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया के संस्थापक नमन भारद्वाज हरिद्वार इकाई के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित की गई। बैठक में पहुंचे स बैठक के अध्यक्ष भारत भूषण ने संस्थापक नमन भारद्वाज का स्वागत करते हुए बैठक का शुभारंभ किया, बैठक मे सभी पदा. धिकारियों की सर्वसम्मति से जून माह तक के कार्यक्रम तय किए गए जिसमें महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती, पर्यावरण दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें कबड्डी एवं जूडो/कराटे प्रतियोगिता, गंगा मिनी मैराथन एवं योग मनी प्राइस प्रतियोगिता आयोजित होंगी। भूषण जी ने बताया कि जून माह तक आयोजन होने वाले सभी गतिविधियों के संबद्ध में पूर्ण प्रदेश के पदाधिकारियों की बैठक जल्द होली त्योहार के उपरांत की जायगी जिसमें स्थान और तिथि तय कर तैयारियों को जोर शोर से शुरू किया जाएगा। बैठक में अतिथि के रूप मे पहुंचे नमन भारद्वाज ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में जून माह तक जो गतिविधियों का आयोजन होने जा रहा है उन सभी आयोजनों को सफलता पूर्वक समापन करने के लिए एसपीओ परिवार एकजुटता के साथ कार्य करेगा साथ ही कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड प्रदेश मे खेल खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे है।

### ठाकुरों ने किया था दलित समाज की बारात पर हमला...

# पूर्व विधायक योगेश वर्मा डीएम से करेंगे मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**सरधना।** दलित समाज चाहे जितनी भी तरक्की कर ले लेकिन उन्हें किस नजर से देखा जाता है उसकी बानगी आज भी देहात क्षेत्र में देखने को मिल जाती है। शनिवार को सरधना थाना क्षेत्र के ठाकुर बहुल गांव कालंदी में ठाकुर समाज के कुछ युवकों ने दलित समाज की बारात पर हमला बोल दिया और इस हमले में न सिर्फ दबंगों ने बारात में लोगों से मारपीट की बल्कि दूल्हे को भी पूरी तरह लहूलुहान कर दिया और दूल्हे को भी इतना मारा कि वह अधमरा हो गया। दूल्हे सहित उसके चाचा, कई बाराती भी घायल हो गए। पूरी बारात में छाई खुशियां रंज और गम में बदल गई। पूरी बारात अपनी रस्मों को छोड़कर कार्रवाई के लिए थाने पहुंची। घायलों ने दबंग के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एक तरफ अपना काम तो कर दिया लेकिन दलित समाज के ऊपर हुए हमले ने पुलिस की कार्यप्रणाली और दबंगों पर पुलिस के दबदबे की पोल खोल कर रख दी। इस घटना से दलित समाज में उबाल है। दलित समाज के बड़े नेता पूर्व विधायक योगेश वर्मा ने इस घटना पर रोष जताते हुए कहा कि यह घटना बड़ी निंदनीय है। दलित समाज की बारात पर हमला होना पूरे समाज पर हमला होने जैसा है। जिस



तरीके से दबंगों ने बिना पुलिस के खौफ रखें घटना को अंजाम दिया है उससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान उठता है। योगेश वर्मा ने कहा कि वह इस मामले को लेकर डीएम व एसएसपी से मिलेंगे और इस मामले में कार्रवाई करने की मांग रखेंगे। पुलिस ने हल्की-फुल्की धाराओं में आरोपियों को जेल भेजा है। ऐसे आरोपियों पर रासुका लगनी चाहिए जो समाज के अंदर नफरत फैलाकर दो जातियों को आपस में लड़ाने का काम कर रहे हैं। वह सोमवार को मेरठ जनपद के डीएम व एसएसपी से मिलकर इस मामले में वार्ता करेंगे। उन्होंने कहा कि दलित समाज के ऊपर किसी भी तरह की ज्यादती बर्दाश्त नहीं होगी।

गौरतलब है कि कालंदी गांव में अनुसूचित जाति के सिपट्टर की बेटी सोनिया की शादी थी। बारात मुजफ्फरनगर के भूक्कारहेड़ी से आई थी। दोपहर के समय चढ़त के दौरान बारात लड़की के घर से कुछ दूर थी, तभी विवाद शुरू हो गया। बताया गया है कि नशे में धुत कुछ युवक स्कॉर्पियों गाड़ी में सवार होकर वहां पहुंचे और रास्ते पर भीड़ होने की वजह से भड़क गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। आरोप है कि आरोपी युवकों के समर्थन में आए कुछ युवकों ने लाठी डंडों से बारात पर हमला बोल दिया। हमले में दूल्हा और उसके रिश्तेदारों समेत दर्जनभर लोग घायल हुए हैं। घायलों में दूल्हे के अलावा उसके चाचा राजवीर, चचेरे भाई गोविल समेत कई बाराती घायल हो गए। इस अप्रत्याशित हमले के बाद शादी की रस्मों को बीच में छोड़कर पूरी बारात थाने पहुंच गई और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के बाद पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में दबिश भी दी, लेकिन तमाम आरोपी फरार मिले। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी देहात राकेश कुमार मिश्र भी सरधना पहुंचे और पीड़ित पक्ष से मुलाकात कर जानकारी ली। अधिकारियों ने आरोपी युवकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# बुजुर्ग पर छुरी से किया हमला, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मेरठ।** लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में अपराधी बेलगाम होकर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। रमजान के पहले दिन ही एक बुजुर्ग व्यक्ति की पशु काटने वाली छुरी से मारकर हत्या कर दी गई। हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं सूचना पर थाना पुलिस के साथ सीओ कोतवाली भी मौके पर पहुंचे। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि लिसाड़ी गेट थाना पुलिस को सूचना मिली कि हाजी ग्यासुद्दीन निवासी थाना ब्रह्मपुरी चमार वाली गली रविवार को लिसाड़ी गेट में पिल्लोखड़ी चौकी अंतर्गत राधना वाली गली में अपनी बहन के घर आए थे। जब वह बहन के घर से वापस अपने घर के लिए जा रहे थे, तभी एक नए उम्र के लड़के ने ग्यासुद्दीन पर चाकू से हमला किया। हमले में वह घायल होकर गिर पड़े। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने ग्यासुद्दीन को मृतक घोषित कर दिया।एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि किसने हमला किया, क्यों हमला किया गया उसकी जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली जा रही है, शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। पुलिस की तीन टीमें घटना जांच करने में लगी हैं।

# कुंवर शेखर विजेंद्र की बिहार के राज्यपाल से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मेरठ/पटना।** शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं एसोचैम राष्ट्रीय शिक्षा परिषद के अध्यक्ष कुंवर शेखर विजेंद्र ने पटना का दौरा किया और गांधी संग्रहालय में आयोजित हरिजन सेवक संघ के केंद्रीय बोर्ड और सलाहकार परिषद की बैठक में भाग लिया। इस बैठक में सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण और जनकल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें सभी राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस यात्रा के दौरान कुंवर शेखर विजेंद्र ने बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से भेंट की। इस मुलाकात में गांधी के विचारों, समानता, शिक्षा और समाज के विकास को लेकर चर्चा हुई। कुंवर शेखर विजेंद्र ने राज्यपाल के मार्गदर्शन और प्रेरणादायक विचारों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा कर्तव्य है। उन्होंने गांधी के सिद्धांतों को अपनाते हुए सामाजिक समरसता और शिक्षा के माध्यम से सशक्तिकरण को विकसित भारत का मूल मंत्र बताया। पटना की यह यात्रा उनके समाज सुधार और शिक्षा के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने की प्रतिबद्धता का हिस्सा थी।



## लोहिया नगर क्षेत्र में बुजुर्ग को पीटने का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मेरठ।** लोहिया नगर क्षेत्र में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें एक बुजुर्ग को कुछ युवक मारपीट रहे हैं। पुलिस आरो. पियो की तलाश में जुट गई है। थाना लोहिया नगर क्षेत्र जाकिर कालोनी में कुछ कार सवार रईसजादे पिकअप चालक को बुरी तरह पीट रहे हैं। इसके अलावा सड़क पर दौड़ा दौड़ाकर लाठी डंडों से बुजुर्ग चालक की पिटाई की गई। जिसके बाद वह फरार हो गये। फरार रईसजादों के आतंक की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घायल चालक को थाने लेकर पहुंचे बेटे ने तहरीर देते हुए आरोपियों की शिकायत की है। थाना लोहिया नगर प्रभारी विष्णु कुमार ने बताया कि आरा. पी की तलाश शुरू कर दी गई है।

# 22 मार्च को होगी काव्य संध्या 'यही बाकी निशां होगा'

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मेरठ।** हिंदी साहित्य अकादमी भारत के तत्वावधान में इस वर्ष पुन: आयोजित होने जा रहा है मेरठ का सर्वाधिक लोकप्रिय काव्योत्सव जो 2004 में पहली बार कवि सौरभ जैन सुमन के संयोजन में रघुनंदन ज्वैलर्स के तत्वावधान में हुआ था वह आज मेरठ की एक बड़ी एसेट बन गया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गिने चुने काव्योत्सवों में शुमार करने वाला कवि सम्मेलन पुन: इस बार नए तेवर, नए कलेवर के साथ जनता के मध्य अपना जादू बिखेरने को तैयार है। काव्य संध्या...यही बाकी निशां होगा के संयोजक क्रांति कवि सौरभ जैन सुमन ने बताया कि इस बार ये आयोजन एस.जी.एम. गार्डन, बेगमपुल पर 22 मार्च की रात्रि में होने वाला है। इस आयोजन में जहां एक ओर दिल्ली प्रदेश के सांस्कृतिक,



पर्यटन एवं कानून मंत्री कपिल मिश्रा मुख्य अतिथि रहेंगे। वहीं उत्तर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के आने की संभावना है। वहीं दूसरी ओर स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर भी कार्यक्रम में बतौर अतिथि आमंत्रित किए गए हैं। इस आयोजन में डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपई, अमित अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, धर्मेंद्र भारद्वाज, कमल दत्त शर्मा आदि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की प्रेरणा स्रोत एवं देश की विख्यात कवयित्री डॉ. अनामिका जैन अम्बर ने कहा कि इस आयोजन में देश के ख्यातिलब्ध कवि हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि अमर गीतकार संतोषानंद लंबे समय के बाद इस आयोजन में आ रहे हैं। वहीं हिंदी काव्य मंचों के प्रख्यात कवि अजय अंजाम, अनिल अग्रवंशी जैसे दिग्गज कवि इसमें हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम की कोर कमेटी गठित की गई जिसमें डॉ. प्रतीक गुप्ता, कवि उमंग गोयल, अमन गुप्ता, दिव्यांश टंडन, उदिता शर्मा, नीतीश राजपूत हैं। वहीं सह संयोजक के रूप में भाजपा उपाध्यक्ष विवेक रस्तौगी एवं प्रसिद्ध समाज सेवी नीरज मित्तल रहेंगे। कार्यक्रम के प्रायोजकों में केएल इंटरनेशनल स्कूल, जैना ज्वैलर्स, अरिहंत ज्वैलर्स, ऋषभ अकादमी, आईआईएमटी, सुभारती यूनिवर्सिटी, पायल फर्नीचर, सुधाकर मुद्रणालय, हीरा एडवर्टाइज, एनआईएसटी साउंड आदि रहेंगे।

# सीओ हाइवे ने रमजान को लेकर ली मीटिंग

- धर्मगुरु, मस्जिदों के इमाम, नगर पंचायत अध्यक्ष व सभासद हुए शामिल
- लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** रविवार को थाना परिसर में रमजान को लेकर पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई। सीओ हाइवे निलेश मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में धर्मगुरु, मस्जिदों के इमाम नगर पंचायत अध्यक्ष व सभासद शामिल हुए।

सीओ हाइवे निलेश मिश्रा ने कहा कि रमजान माह शुरू हो चुका है अबकी बार होली और रमजान के त्यौहार एक साथ पड़ रहे है ऐसे में आपस में मिलजुलकर त्योहारों को मनाए। उन्होंने पूर्व से चली आ रही परंपराओं का पालन करने की अपील की। साथ ही नई परंपराएं न डालने का आग्रह किया। यदि किसी तरह का कोई बाद विवाद या आपस में मनमुटाव हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दे ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।

थाना प्रभारी प्रदीप चतुर्वेदी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

मीटिंग में इंस्पेक्टर क्राइम दिलीप कुमार के अलावा सभी मस्जिदों के इमाम, धर्मगुरु, नगर पंचायत अध्यक्ष इमराना बेगम, एडवोकेट इमरान अंसारी, शराफत हुसैन, शरीफ अजहरी, सरदार अंसारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## उधारी मांगने पर युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** सरिया सीमेंट की दुकान पर नौकरी करने वाले युवक को दुकान मालिक ने उधार के रुपये मांगने भेजा तो उधारी लेने वाले दबंग ने युवक को पीटकर घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर घायल को मेडिकल को भेज दिया।

ग्राम चचेट निवासी खलीक पुत्र अतीक अहमद ने पुलिस को बताया कि वह गांव के जाहिद खान पुत्र समशू खान की सरिया सीमेंट की दुकान पर नौकरी करता है। गांव वहीपुर निवासी जाकिर शाह पुत्र मोहब्बत शाह पर मालिक के एक वर्ष पुराने 6500 रुपये की उधारी थी। मालिक के कहने पर वह उपरोक्त से उधारी के रुपये लेने पहुंचा, तो दबंग किस्म के जाकिर शाह ने लात घूंसों से जमकर पीटा। लोगों ने बमुश्किल बचाया। उपरोक्त ने जान से मारने की धमकी दी है।

# शांति समिति में मौलानाओं ने दिया भाईचारे का पैगाम

- कोतवाली में होली के त्यौहार के मद्देनजर हुई पीस कमेटी की बैठक
- मौलाना अनवार ने जलूस के दौरान मुस्लिमों से एतिहात बरतने की, की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** होली के त्यौहार के मद्देनजर कोतवाली में पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में सीओ अरूण कुमार ने कहा कि इस समय रमजान का पवित्र महीना चल रहा है, और इसी माह में होली का भी त्यौहार है। सभी लोग आपसी भाई चारे का सन्देश दें, और त्यौहारों का मनाने के लिये एक दूसरे का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि हिन्दू हो या मुसलमान आपस में काफी समझ रखते हैं। उन्होंने कहा कि जुमे की नमाज के लिये मुस्लिमों को नमाज अदा करने में हिंदुओं और पुलिस की ओर से सहयोग दिया जायेगा।

यहां कोतवाली में हुई पीस कमेटी की मीटिंग में मौलाना अनवार अहमद कादरी ने कहा कि होली जलूस या रंग के समय मुस्लिमों को एतिहात बरतते हुए आसपास जाने से गुरेज करना चाहिए, जिससे हिन्दू भाई होली के त्यौहार को आराम से मना सकें। बैठक में मौजूद सभी मौलानाओं ने पुलिस अधिकारियों को भरोसा दिया कि बहेड़ी में भाईचारा खराब नहीं होने दिया जाएगा, और अपने स्तर से वे हमेशा की तरह हिन्दू भाईयों को उचित सहयोग देंगे। बैठक में कोतवाल संजय तोमर, कस्बा प्रभारी सनी चौधरी, सभासद सलीम अहमद चंदा, ताहिर पप्पू, नसीम अहमद, मो. हसन, सलीम रहबर, हाजी इम्तियाज, हिमांशु पांडे, धर्मेंद्र शर्मा, मुमताज अली, अब्दुल वाजिद, जावेद मालिक, राजेश कश्यप आदि थे।

## कार से डोंडा छिल्का बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** एसओजी एवं मीरगंज थाने की पुलिस ने हाईवे के नजदीक छापा मारकर कार को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने कार से 11.400 किलोग्राम डोडा का छिल्का बरामद किया। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया। पुलिस ने कार से 11 किलोग्राम 400 ग्राम डोडा छिल्का व एक मोबाइल बरामद किया। पुलिस ने कार कब्जे में ले ली। पुलिस ने आरो. पियों से थाने में पूछताछ की। एसओ प्रयागराज सिंह ने बताया कि आरोपी अफीम की खेती करने वाले किसानों से डोडा अवैध रूप से खरीद कर ज्यादा कीमत में बेचने जा रहे थे। आरो. पियों ने डोडा बेचने को गत दिनों दिल्ली से कार खरीदी थी।

# किंग्स रिसोर्ट से सोने से भरा बैग चोरी करने वाले तीन चोर दबोचे

- मेहमान बनकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे पकड़े गए युवक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मंडनपुर स्थित किंग्स रिसोर्ट में सोने से भरा बैग चोरी होने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी करने वाले मध्य प्रदेश के दो चोरों और राजस्थान के एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों चोरों के पास से हॉल से चोरी हुआ सोना भी बरामद कर लिया है। पकड़े गए तीनों चोर शादी समरोह में मेहमानों की तरह आकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पकड़े गए तीनों चोरों से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

बीती 12 फरवरी को मंडनपुर स्थित किंग्स रिसोर्ट में नगर के मोहल्ला टांडा निवासी मोहम्मद जोरेज की पुत्री की शादी थी। शादी समारोह के दौरान चोर दुल्हन के जेवरात से भरा बैग चोरी कर ले गए थे। चोरी की घटना के बाद दुल्हन के भाई ने मामले की तहरीर पुलिस को दी थी। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर संजय तोमर ने मौके पर पहुंचकर जाँच पड़ताल की थी। चोरी के दो दिन बाद इंस्पेक्टर ने शादी में फोटो ग्राफी करने वाले युवक को बुलाकर सभी फोटो व वीडियो बारीकी से देखी, जहाँ एक व्यक्ति संदिग्ध नजर आया, जिसपर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी। बीते शनिवार की रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मेगा फूड पार्क के पास तीन संदिग्ध लोग मोटरसाइकिल लेकर खड़े हैं।

इसपर इंस्पेक्टर संजय तोमर, दरोगा अमित कुमार, प्रदीप कुमार, सनी चौधरी, रजनीश कुमार, राहुल कुमार, अंकित सिंह बघेल, सिपाही शिवांशु राठी, श्याम सुंदर, सर्विलांस टीम के दरोगा सत्येंद्र कुमार मौके पर पहुँच गए, और घेराबंदी कर तीनों युवकों को हिरासत में ले लिया। जब पुलिस ने तीनों से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने किंग्स रिसोर्ट में की गई चोरी को कबूल लिया। यही नहीं तीनों युवकों ने बरेली के बारादरी थाने के तीन बारात घरों में की गई चोरी की वारदात भी कबूली है। पुलिस ने पकड़े गए तीनों युवकों की निशानदेही पर किंग रिसोर्ट से चोरी किया गया सोने से भरा बैग जिसमें एक सोने का हार, कंगन, ब्रेसलेट, कान के बुंदे, सोने की चेन, डायमंड की अंगूठी, सोने की नथ आदि सहित 19 तोले सोना बरामद कर लिया। पुलिस ने चोरों के पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, चोरी में प्रयोग की गई हीरो होंडा मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पकड़े गए आरोपी प्रदीप कुमार निवासी ग्राम कढिया बोंडा जिला राजगढ़, अमित निवासी ग्राम लक्ष्मीपुरा राजस्थान, कुशांत निवासी बरसात मध्य प्रदेश ने पुलिस को बताया कि वह शादी पार्टियों में मेहमान बनकर जाते हैं, और फिर उनमें घुल मिल जाते हैं। इसके बाद वह मौका पाकर चोरी की वारदात को अंजाम दे देते हैं।

वह बरेली के शादी हॉल में भी इसी तरह की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। इस मामले में पुलिस ने पकड़े गए तीनों चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद तीनों का मेडिकल कराकर उन्हें जेल भेज दिया।

## एक नजर

### कुत्तों के हमले से बछड़े घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कुत्तों के हमले से दो बछड़े घायल हो गए। जिसमें एक बछड़े की मौत हो गई, पुलिस ने मौके पर जाकर घायल बछड़े को गौशाला भेज दिया।



रविवार की सुबह जीशान व अरबाज ने सूचना दी कि तहसील बहेड़ी के ग्राम पंचायत मिन्तरपुर में दो छोटे-छोटे बछड़े घायल अवस्था में पड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर गई तो वहां जाकर देखा कि एक बछड़े को कुत्तों ने नोच के मार डाला, और दूसरा गंभीर अवस्था में वही घायल पड़ा था। इसको गंभीरता से लेते हुए गौरक्षा हिंदू दल के तहसील अध्यक्ष रजत पंडित व तहसील उपाध्यक्ष संजीव कश्यप ने तुरंत थाने में सूचना दी गई। दरोगा जितेंद्र कुमार सिंह मौके पर आए, गौवंश की हालत देखकर दरोगा व रजत पंडित द्वारा गौवंश को दमखोदा गौशाला में शिफ्ट कर दिया गया। वहीं मौके पर जीशान व अरबाज द्वारा बताया गया कि सुबह से वह 10 लोगों को फोन कर चुके हैं जो अपने आप को गौरक्षक कहते हैं। उन्होंने उस समय अपने आप को गौरक्षक बताने से इनकार कर दिया, इस बात को सुनकर रजत पंडित ने कहा कि गाय माता के नाम पर लोग तहसील बहेड़ी में राजनीति करना छोड़ दें, गौ माता की सेवा घर बैठकर नहीं होती, गौ माता की सेवा के लिए जमीन स्तर पर काम करना होता है।

## रील में रामायण की चौपाई इस्तेमाल करना पड़ा भारी

- यूट्यूबर वसीम सिद्दीकी के खिलाफ हिंदू संगठन ने दर्ज कराई शिकायत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली के यूट्यूबर वसीम सिद्दीकी की एक रील को लेकर हिंदू संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। इस रील में रामायण की चौपाई का प्रयोग किया गया है, जिसे हिंदू संगठनों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया है। इस संबंध में हिंदू जागरण मंच युवा वाहिनी ब्रज प्रांत के जिला अध्यक्ष हिमांशु पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्ग्श पर शिकायत दर्ज कराई है।

हिमांशु पटेल ने अपनी शिकायत में लिखा कि बरेली के यूट्यूबर वसीम सिद्दीकी ने एक रील बनाई है, जिसमें रामायण की चौपाई का प्रयोग किया गया है। यह गलत है और इससे हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इस तरह के कंटेंट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बरेली पुलिस को इस मामले में तत्काल संज्ञान लेना चाहिए और संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि कुछ यूट्यूबर जल्द फेमस होने के लिए भगवान और धार्मिक ग्रंथों का भी मजाक बना रहे हैं। हिमांशु पटेल ने कहा, ष्इस तरह की हरकतें धार्मिक सहिष्णुता के लिए खतरा हैं और प्रशासन को ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

हिंदू संगठन की शिकायत के बाद बरेली पुलिस की साइबर सेल ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि वसीम सिद्दीकी बारादरी थाना क्षेत्र का निवासी है। साइबर सेल इस बात की भी जांच कर रही है कि इस रील को कितने लोगों ने देखा और इस पर क्या प्रतिक्रियाएं आई हैं। इस पूरे मामले पर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी तथ्यों की बारीकी से जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नगर आयुक्त ने देखी नगर की स्वच्छता

- कूड़ा कलेक्शन में लापरवाही पर दो एजेंसियों पर 75 हजार का जुर्माना
- जगह-जगह जलता मिला कूड़ा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य शहर की सफाई व्यवस्था जानने के लिए अकेले ही औचक निरीक्षण के लिए वार्डों में पहुंच गए। उन्हें कई जगह खुले में कूड़ा जलता मिला। उन्होंने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में लापरवाही मिलने पर दो एजेंसियों पर 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भानु प्रकाश और सफाई नायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

नगर आयुक्त सुबह 8 बजे बिना किसी अधिकारी और कर्मचारी को बताए हुए अकेले की वार्डों में निरीक्षण करने निकले। उन्होंने शहा. मतगंज, गंगापुर, शाहदाना रोड और बड़ा बाजार की मुख्य सड़कों से लेकर गलियों में जायजा लिया। वार्डों में कमियां मिलने पर करीब 10:30 बजे नगर निगम पहुंचे और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी समेत अपर नगर आयुक्त, एजेंसियों के संचालक को बुलाकर बैठक की। उन्होंने बारी-बारी समीक्षा शुरू की तो जोन-1 और 3 की डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में सबसे कम हाउसहोल्ड कवरेज पाई गई। एजेंसी की ओर से कूड़ा कलेक्शन कार्य के लिए पर्याप्त संसाधन की व्यवस्था नहीं की गई थी। यूजर चार्ज कलेक्शन कम पाये जाने पर आयुषी हाईजिन एंड केयर एजेंसी पर जोन-1 और 3 में 25-25 हजार का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त की कार्रवाई पर एजेंसियों में हड़कंप मच गया है।

नगर आयुक्त ने जब शहामतगंज में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तो एजेंसी यशवी इंटरप्राइजेज का आउटसोर्स कर्मचारी कूड़ा जलाता मिला। वार्ड में गंदगी भी पाए जाने पर एजेंसी पर 25 हजार का जुर्माना लगाया। इसके अलावा एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कुतुबखाना क्षेत्र और वार्ड-63 द्रोपदी इंटर कॉलेज के आसपास मार्ग और नालियों कूड़ा पाए जाने पर संबंधित सफाई नायकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने नगर आयुक्त को बताया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में सुधार नहीं हो रहा है। खुले में कचरा आए दिन जलाया जा रहा है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि सफाई व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया गया है। लापरवाही पाए जाने पर जुर्माना लगाया गया है और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## समय पर नहीं शुरू हो सकी गेहूं खरीद, अब 15 के बाद की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** शासन से नीति तय नहीं हो पाने की वजह से शनिवार से गेहूं की खरीद शुरू नहीं हो सकी। पहले दिन अफसर असमंजस में रहे। अब 15 मार्च के बाद खरीद शुरू होने की संभावना है।

मंडल के चारों जिलों में 578 क्रय केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। 1 मार्च से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होने की वजह से अधिकारी तैयारी में जुटे रहे। आरएफसी मनिकनंडन ए ने भी पिछले दिनों बैठक में 1 मार्च से खरीद शुरू होना बताया था। उन्होंने खाद्य विभाग से जुड़े अधिकारियों के साथ ही क्रय एजेंसियों के प्रबंधकों के साथ बैठक कर समय से तैयारी के निर्देश दिए थे। बताते हैं कि सरकार पहले 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद करती थी। इस साल सरकार ने इसे एक महीने पहले कर दिया लेकिन अभी खेतों में गेहूं की फसल पकी नहीं हैं। फसल पकने के बाद ही कटाई शुरू होगी और करीब 10-15 दिनों बाद ही गेहूं केंद्रों तक पहुंचने की संभावना है। आरएमओ सचिन कुमार ने बताया कि गेहूं की खरीद के लिए सभी तैयारियों को पूरा किया जा चुका है। केंद्रों पर कांटें, बैनर और बारदाना आदि पहुंच चुके हैं।

## चार हजार भवनों को दिया गया नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मात्र होटल की ही की जा सकी कुर्की**

**बरेली।** नगर निगम के टैक्स विभाग ने करीब चार हजार आवासीय और कमर्शियल भवनों के बकायेदारों को कुर्की के नोटिस जारी किए हैं मगर अब तक सिर्फ पुराने रोडवेज के पास एक होटल की ही कुर्की की जा सकी है। अधिकारियों का दावा है कि जिन्हें नोटिस दिए गए हैं, उनमें से अधिकांश से टैक्स जमा कर दिया है, लेकिन हकीकत यह है कि करोड़ों रुपयों के एक भी बकायेदार की कुर्की नहीं हुई है। सिर्फ बरेली कॉलेज का खाता सीज किया गया है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार जोन दो में ही करीब 24 ऐसे भवन स्वामी हैं, जिन पर एक करोड़ रुपये अधिक का बकाया है। यहां तक कि 10 से 15 करोड़ रुपये के भी बकायेदार हैं। इसके अलावा करीब तीन सौ से अधिक ऐसे लोग हैं, जिन पर 10 लाख रुपये से अधिक बकाया है, लेकिन इनसे वसूली नहीं हो पाई है। यहां तक कई ऐसे भवनस्वामी हैं, जिनके मकान पर कुर्की की नोटिस भी चस्पा हो चुकी है। सिर्फ एक लाख से कम वाले ही लोगों ने नोटिस जारी होने के बाद बकाया जमा किया है।नगर निगम ने स्वकर फार्म भरने का समय बढ़ा दिया है। पहले 15 फरवरी तक का समय था, जिसे अब 20 मार्च तक बढ़ाया गया है। स्वकर फार्म की तिथि बढ़ाने की मांग काफी समय से हो रही थी।

## मुकद्दस रमजान:खजूर से इफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** रमजानुल मुबारक के पहले रोजे का इफ्तार लोगों ने घरों और मस्जिदों में साथ किया। रविवार को पहला इफ्तार हुआ। लोगों ने एक खजूर खाया और दो घूंट पानी, शर्बत से इफ्तार करके परवरदिगार का शुक्र अदा किया।

सेहरी को लेकर मुस्लिम इलाकों में रौनक रही। तरावीह की नमाज अदा की गई। रविवार को अल्लाह की इबादत में पहला रोजा गुजारा। इसके साथ ही शहर का माहौल पाकीजगी व रूहानियत से सराबोर हो गया। रोजेदारों ने शाम को मस्जिदों व घरों में रोजा खोलकर अपने रब का शुक्र अदा किया।

पहले रोजे पर तड़के सहरी खाने के बाद रोजेदार इबादत में दिन भर मशगूल रहे। दिन भर घरों और मस्जिदों से कुरआन की तिलावत की सदाएं गूंजती रहीं। शाम को मस्जिदों व घरों में इफ्तार किया।

# होली पर यात्रियों को मिलेगी राहत

- अलग-अलग तिथियों में चलेंगी 24 स्पेशल ट्रेनें




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नियमित ट्रेनों में जगह नहीं होने की वजह से रेलवे ने होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए 12 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें 2 से 31 मार्च तक अलग-अलग तिथियों में चलेगी। सभी ट्रेनों में सामान्य, स्लीपर और एसी कोच लगाए जाएंगे, सिर्फ वैष्णो देवी कटरा-वाराणसी स्पेशल ट्रेन में सभी कोच एसी के होंगे।

मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि सभी ट्रेनों का ठहराव बरेली जंक्शन पर होगा। उन्होंने बताया कि 04604 वैष्णोदेवी कटरा से 9 और 16 मार्च को, 04603 वाराणसी से 11 और 18 मार्च को चलेगी। इसके अलावा 04207 लखनऊ से 3, 10, 17 मार्च को, 04208 नई दिल्ली से 3, 10 और 17 मार्च को, 04203 वाराणसी से 8 और 15 मार्च को, 04204 वैष्णोदेवी कटरा से 9 और 12 मार्च को चलेगी। इसके अलावा 04022 नई दिल्ली से 7 14, 21 मार्च को, 04021 गोरखपुर से 8, 15, 22 मार्च को, 04504 चंडीगढ़ से 6, 13, 20 मार्च को और 04503 गोरखपुर से 7, 14, 21 को चलेगी। वहीं 04012 दिल्ली से 4, 7, 11, 14, 18 मार्च को, 04011 दरभंगा से 5, 8, 12, 15, 19 मार्च को, 04026 दिल्ली से 6, 13, 20 मार्च को, 04025 रक्सौल से 7, 14, 21 मार्च को, 04020 आनंद विहार टर्मिनल से 2, 9, 16 मार्च को, 04021 बरौनी से 3, 10, 17 मार्च को, 05005 गोरखपुर से 5 से 26 मार्च हर बुधवार को, 05006 अमृतसर से 6 से 27 मार्च हर गुरुवार को चलेगी।

इसके अलावा 05113 छपरा से 5 से 26 मार्च तक हर बुधवार को, 05023 गोरखपुर से 2 से 30 मार्च तक हर रविवार को, 05024 खातीपुरा से 3 से 31 मार्च तक हर सोमवार को, 05301 मऊ से 6 से 27 मार्च तक हर गुरुवार को और 05302 अंबाला से 7 से 28 मार्च तक हर शुक्रवार को चलेगी।

# सड़क हादसों में दो की मौत, मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर उनके परिवारों में कोहराम मच गया। एक हादसे में दो बाइकों की टक्कर में वृद्ध की मौत हो गई, जबकि दूसरे हादसे में ट्रक ने एक युवक को कुचल दिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुट गई है।

फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के शंखा पुल के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। थाना मीरगंज क्षेत्र के गांव सैजना निवासी 60 वर्षीय बांधूराम अपनी बाइक से पीलीभीत रिश्तेदारी में शादी समारोह में जा रहे थे। अचानक सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई वीरेंद्र ने बताया कि हादसे के बाद दूसरा बाइक सवार मौके से भाग गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वहीं बीती देर रात नैनीताल हाईवे पर भोजीपुरा क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हुआ। भोजीपुरा के धौराटांडा निवासी रमेश कश्यप अपनी बाइक से जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि रमेश कश्यप की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के परिवार को सूचना दी।

हादसे में घायल हुए युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रमेश कश्यप के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रेस के दौरान डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, छात्र की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बारातियों से भरी दो कारों में रेस के दौरान एक कार भोजीपुरा ओव. रब्रिज के पास डिवाइडर से टकराकर पलट गई। दुर्घटना में कार में बैठे एक छात्र की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। सीबीगंज के गांव जोगीठेर से शनिवार को देवरनिया के कनमन गांव में बारात गई थी। खाना और जयमाल कार्यक्रम के बाद दो ईको कार बारातियों को लेकर वापस जोगीठेर लौट रही थीं। इसी बीच दोनों कार के ड्राइवरों में आगे निकलने की होड़ में रेस शुरू हो गई कि जोगीठेर कौन पहले पहुंचेगा। इसी दौरान भोजीपुरा में प्लाइवुड फैक्ट्री के सामने बारा. तियों से भरी एक कार रात करीब साढ़े बारह बजे डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार में सवार दूल्हे के ममेरे भाई पीलीभीत में थाना बिलसंडा के गांव पहाड़गंज निवासी 22 वर्षीय विशाल की मौके पर ही मौत हो गई। विशाल बीएसएसी का छात्र था और बारादरी के संजयनगर में रहकर पढ़ाई करता था। इस हादसे में कार में बैठे छह अन्य बाराती जोगीठेर निवासी संदीप, सोनू, मनीष, सुधांशु, सुमित और विकास घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे एसआई संजीव त्यागी ने सभी घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। इनमें से मनीष की हालत गंभीर बनी हुई है। मनीष को मेडिकल कालेज के आईसीयू में रखा गया है। सुमित, सुधांशु, विकास, संदीप और सोनू की उपचार के बाद छुट्टी कर दी गई है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। मृतक के चाचा राजकुमार शर्मा की ओर से पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज की है।

# नवोन्मेष एवं गवेषणा पुस्तक का विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नवोन्मेष एवं गवेषणा पुस्तक का रविवार को अर्बन कोऑपरेटिव बैंक सभागार डीडीपुरम में विमोचन हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कहा कि बेसिक शिक्षा में बदलाव नजर आ रहा है। बिथरी विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने पुस्तक के संपादक मंडल के सदस्य डॉ.अनिल चौबे, धर्मवीर गंगवार, लाल बहादुर गंगवार, संजीव शर्मा को बधाई दी। राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे ने कहा कि हमको बालिक. ाओं की सुरक्षा के लिए सचेत रहना होगा। अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की चेयरपर्सन श्रुति गंगवार ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति से शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव हो रहा। यहां इंद्रद. ेव त्रिवेदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक कविता सुनाई। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार, राहुल यदुवंशी, रेनू चौबे, राखी गंगवार, सारिका सक्सेना, शुमैला, दीपा गुप्ता, उपासना मलिक, आशीष त्रिवेदी थे।


# धोखाधड़ी करने वालों पर पुलिस की कार्रवाई जारी

- निलंबित लेखपाल गिरोह और संजय ट्रांसपोर्टर समेत आठ पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** निलंबित चकबंदी लेखपाल सावन कुमार और संजय ट्रांसपोर्टर समेत आठ लोगों के खिलाफ किला के नंद इंफ्रा डवलपर्स के मैनेजर कपिल कुमार अग्रवाल ने थाना बिथरी चैनपुर में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लेखपाल गिरोह पर अब तक 10 मुकदमे अलग-अलग थानों में दर्ज किए जा चुके हैं।

किला के साहूकारा निवासी कपिल कुमार अग्रवाल के मुताबिक वह 9 जून और 18 जून 2021 के बैनामे के आधार पर बिथरी चौनपुर के बालीपुर अहमदपुर स्थित जमीन के मालिक हैं। वर्तमान खतौनी में भी उनका नाम दर्ज है। आरोप है कि अमित सिंह ने 28 जनवरी 1992 की फर्जी वसीयत तैयार कर उसके आधार पर 3 और 21 दिसंबर 2022 को शमी चंद्रा, रूचि चंद्रा और निधि अग्रवाल से अपने पक्ष में जमीन का बैनामा करा लिया। अमित सिंह मौजूदा समय में जेल में बंद है। उसने सावन कुमार जायसवाल से मिलकर जमीन का फर्जी बैनामा तैयार कर संजय ट्रांसपोर्टर के भाई और रियल इस्टेट कारोबारी विजय कुमार अग्रवाल, उसके मैनेजर कार्तिक त्रिपाठी, उनके बेटे रितेश अग्रवाल और भतीजे मोहित अग्रवाल के नाम जमीन ट्रांसफर कर दी। उन्होंने मामले की शिकायत डीएम से की थी। इसके बाद एसएसपी ने जांच कराकर रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे। इसके बाद उन्होंने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई।




बारादरी थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी सुनील कुमार, चौकी इंचार्ज राजीव शर्मा और हेड कान्स्टेबल को इस गिरोह की मदद करने पर एसएसपी ने निलंबित किया था। एसएसपी ने जांच के बाद तीनों का 29 दिन का वेतन काटने का भी आद. ेश दिया है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# दोहरे अपहरण के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

## दो करोड़ की फिरौती के लिए किया था नूर मौहम्मद व शावेज का अपहरण, पुलिस ने किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के दो व्यापारियों के अपहरण मामले में पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। व्यापारी नूर मोहम्मद और सावेज का 01 मार्च को अपहरण कर लिया गया था। अपहरणकर्ताओं ने परिजनों से दो करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। अपहरण के मामले का संज्ञान लेते हुए बागपत एसपी अर्पित विजयवर्गीय के नेतृत्व में थाना बड़ौत पुलिस एंव स्वाट बागपत समेत कई टीमों का गठन किया गया था। टीम के सफल प्रयास से दोनों व्यापारियों को सकुशल बरामद किया है।

शनिवार को बिलाल पुत्र गुलजार निवासी पट्टी चौधरान ने थाने पर लिखित तहरीर दी थी की अज्ञात आरोपियों ने 01 मार्च को मेरे भाई नूर मौहम्मद व उसके दोस्त शावेज का अपहरण कर लिया है। आरोपियों ने कॉल करके दो करोड़ रूपये की फिरौती मांगी है। बताया कि आरोपियों ने फिरौती की रक्म न देने पर उनको जान से मारने की धमकी दी है। इस संबंध में बिलाल ने थाना बड़ौत पर मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे का संज्ञान लेते हुए बड़ौत पुलिस एंव स्वाट बागपत की टीम ने दोनों व्यापारियों को सकुशल बरामद कर लिया है और दो करोड़ की फिरौती मांगने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से तीन अवैध तमंचे .315 बोर मय तीन जिन्दा कारतूस, दो प्लास्टिक की रस्सी, एक अंगौछा, एक सफेद बनियान का कपड़ा, घटना में इस्तेमाल पांच मोबाईल फोन, एक गाड़ी महिन्द्रा, दो नम्बर प्लेट, तीन फर्जी मोहर व एक फाइल फर्जी दस्तावेज बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में शिवम पुत्र सुधीर, रजत पुत्र जितेन्द्र, प्रद्युम पुत्र संजीव व विजय पुत्र रविन्द्र आदि से पूछताछ की गई। बताया गया की रूपये कमाने के लालच में नूर मौहम्मद व शावेज का अपहरण किया गया था।



# पत्थर कारीगर की संदिग्ध मौत, दुकान में पड़ा मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बरसिया गांव में एक पत्थर कारीगर की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है।

रविवार सुबह मुस्तकीम का शव उसकी दुकान में फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतक मुस्तकीम घरों में पत्थर और टाइल लगाने का काम करता था। घटना का पता तब चला जब एक बच्चा दुकान पर सामान लेने पहुंचा। उसने तुरंत परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे मृतक के चचेरे भाई शाहिद और अन्य परिजनों। परिवार के लोगों ने मृतक मुस्तकीम की पत्नी पर ही हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और घटनास्थल से तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए मृतक की पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



मृतक मुस्तकीम का फाइल फोटो



# पीड़ित ने पुलिस पर लगाया कार्रवाई न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शहर के दिव्यांग व्यक्ति से कोतवाली पुलिस पर लाखों रुपये हड़पने तथा धमकी देने के मामले में कार्रवाई न करने का आरोप। पीड़ित ने कोतवाली प्रभारी से शिकायत की।

रविवार को करीब साढे दस बजे शहर निवासी दिव्यांग रवि कुमार जैन उर्फ बोबी के मुताबिक उसने व उसके भाई ने पैतृक मकान बेचा था। उसके हिस्से में करीब 12 लाख रुपये आए थे। उसके एक परिवार से अच्छा संबंध थे, जिसके पास उसका आना-जाना था। आरोप है कि उक्त परिवार की महिला ने गत 22 फरवरी को उससे 12 लाख रुपये उधार ले लिए थे, जिनमें से उसने 35 हजार रुपये वापस लिए थे। महिला ने सितंबर माह में उससे दो लाख रुपये और देने की डिमांड की थी। रुपये न देने पर मोबाइल पर शामली के एक व्यक्ति ने धमकी दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इसकी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नही की गई। पीड़ित ने कोतवाली प्रभारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।



# पुलिस की निष्क्रियता से परेशान चार परिवारों ने छोड़ा गांव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बसौद गांव में एक दलित युवक आशीष की आत्महत्या मामले में पुलिस की निष्क्रियता से परेशान चार परिवारों ने गांव छोड़ दिया है। आशीष ने अपने सुसाइड नोट में गांव के ही पांच लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया था।

मृतक के चाचा मुकेश ने बताया कि एक सप्ताह पहले पुलिस को मामला दर्ज कराया गया था। परिवार ने बागपत के डीएम कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन भी किया। लेकिन पुलिस ने अभी तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। बताया गया कि दबंगों द्वारा समझौते का दबाव बनाए जाने से डरकर चार अनुसूचित जाति परिवारों ने पलायन कर दिया। इनमें मृतक की दादी बिरमा, परिवार के सदस्य दिनेश, राजू, आदेश, अर्जुन, अरुण, मनीष, मां शकुंतला, निशा और उनके बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा चाची पूनम और चचेरे भाई विशाल, जतिन, सिम्मी भी अपने परिवारों के साथ सूरजपुर नोएडा चले गए हैं। इस मामले में पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। सर्विलांस की मदद से भी उनका पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।





## एक नजर

### सपा मुखिया मृतक परिवारों को दो-दो लाख रुपये की देगें आर्थिक सहायता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में जैन समाज के लड्डू निर्वाण महोत्सव के दौरान एक बड़ा ही दर्दनाक हादसा हुआ था। 28 जनवरी को इस हादसे से पूरे प्रदेश में हाहाकार मच गया था। जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी। यह मामला समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के दरबार में जब पहुंचा तो उन्होंने इस हादसे पर गहरा दुख प्रकट करते हुए जैन समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का वादा किया। इससे पूर्व में भी सपा नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिला था। प्रतिनिधि मंडल ने सपा मुखिया के कई सदस्य को अवगत भी कराया था। सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देशन में मृतक परिवारों को दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी। इसके लिए टीम गठित कर दी गई है। टीम में मुजफ्फरनगर के सांसद हरेंद्र सिंह मलिक सरधना विधायक अतुल प्रधान समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अर्पणा जैन मुख्य रूप से शामिल रहेंगे। उनके साथ स्थानीय बागपत के स्थानीय नेता बड़ौत विधानसभा अध्यक्ष देव कुमार शर्मा आयोजन सभा के प्रदेश सचिव चिराग चौधरी पूर्व जिला अध्यक्ष बिल्लू प्रधान युवा जनसभा के प्रदेश सचिव चिराग चौधरी पूर्व मंत्री हजीरउद्दीन बागपत जिला अध्यक्ष रविंद्र देव आदि मौजूद रहेंगे।

### अंतरराष्ट्रीय आरोग्य, योग केंद्र के लिए शुरू हुए जमीन के बैनामे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुरामहादेव के पास हरियाखेड़ा के जंगल में अंतरराष्ट्रीय योग एवं आरोग्य केंद्र के लिए किसानों से जमीन खरीदने को शनिवार से बैनामे शुरू हो गए। पहले दिन सर्वर में खराबी होने के कारण केवल 14 किसानों से बैनामें कराए जा सके। इनमें भी पांच की जमीन पर लोन होने से केवल नौ किसानों को रुपये दिए गए।

हरियाखेड़ा गांव के जंगल में अंतरराष्ट्रीय योग एवं आरोग्य केंद्र का निर्माण किया जाना है। इसके लिए करीब 87 हेक्टेयर जमीन की जरूरत पड़ेगी। इसमें से करीब 68 हेक्टेयर जमीन 558 किसानों से खरीदी जानी हैं। केंद्र का निर्माण होने से जिले को पर्यटन के क्षेत्र में एक नई पहचान मिलेगी और धार्मिक व सांस्कृतिक रूप से जिला विकसित होगा। इसके लिए शासन से हरी झंडी मिलने के बाद पर्यटन विभाग व प्रशासन ने किसानों से जमीन खरीदने को एक अरब 48 करोड़ 98 लाख 24 हजार रुपये मांगे थे। इनमें से 20 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं और अब प्रशासन ने किसानों से जमीन के बैनामे कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इसके लिए ही हरियाखेड़ा में शनिवार को बैनामे कराने के लिए शिविर लगाया गया था। शिविर में बैनामे कराने के लिए एडीएम पंकज वर्मा के साथ ही एसडीएम अविनाश त्रिपाठी व उप निबंधक विभाग के अधिक. ारी पहुंचे थे। जहां शनिवार को 40 किसानों की जमीन का बैनामा कराने का लक्ष्य तय किया गया था। मगर, उप निबंधक विभाग के सर्वर में खराबी होने के कारण केवल 14 किसानों की जमीन का बैनामा हो सका। इनमें पांच किसानों ने जमीन पर लोन लिया हुआ था। इसलिए उनको रुपये नहीं दिए गए। इस तरह पहले दिन सिर्फ नौ किसानों शिवकुमार, मीनू यादव, सावित्री, आर्य, सुदेश, लोकेश, प्रहलाद, हरपाल और ओम. वती को चार करोड़ रुपये के चौक दिए गए। एडीएम पंकज वर्मा ने बताया कि अब अगले सप्ताह दोबारा से शिविर लगाकर बैनामे कराए जाएंगे।

### त्योहारों को थाना रमाला में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** त्योहारों को देखते हुए जनपद में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना रमाला में एक पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक अर्पीत विजयवर्गीय के निर्देश पर आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता थाना रमाला प्रभारी ने की।

रविवार को रमाला थाना प्रभारी ने सभी से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और धर्मगुरुओं से सहयोग की अपेक्षा जताई। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। बैठक में मौजूद सभी गणमान्य नागरिकों ने शांति और भाईचारा बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने प्रशासन को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

### नेत्र शिविर का आयोजन कर की 140 मरीजों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** चौयरमेन के आवास पर स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से एक नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 140 मरीजों की जांच कर मु"त दवाईया वितरित की गयी।

रटौल नगर पंचायत में चौयरमैन जुनैद ꣾरीदी के आवास पर स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से एक नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जहा मरीजों की जांच करते हुए डाक्टर विकास ने बताया की ज्यादातर मरीज आँखो मे एलजह्र के पाये गये जबकि 12 लोगो को आप्रेशन के लिए कहा गया इसके अलावा शिविर में 140 लोगो की जांच कर मु"त दवाईयां वितरीत की गयी शिविर में चौयरमेन जुनैद ꣾरीदी, अनीश,रियाजूदीन आदि ने व्यवस्था को देखा और लोगो को आँखो की जांच के लिए प्रेरित किया इस मौकें पर डाक्टर विकास,डाक्टर प्रकाश,शिवसरन,संदीप संधु,बीना, आदि ने सहयोग किया।

# उत्खनन में पुरातत्वविदों को मिली बड़ी कामयाबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के सिनौली के बाद रविवार को तिलवाड़ा के आला टीले पर चल रहे उत्खनन में पुरातत्वविदों को बड़ी कामयाबी हासिल हुई। यहां तरह तरह की वस्तुएं मिलने से एक नया सनसनीखेज पैदा हो गया है। इस तरह की वस्तुएं मिलना अपने आप में टीम के लिए बड़ी कामयाबी हो रही है। सिनौली की तरह पुरावशेष के रूप में तांबे की प्लेट और कलाकृति बने यंत्र मिले हैं, जो ताम्रपाषाण कालीन बताए गए हैं। प्राचीन पुरावशेष मिलने से पुरातत्विद व शोधार्थी बेहद उत्साहित हैं। तिलवाड़ा के आला टीले पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का मेरठ मंडल कार्यालय की तरफ से पिछले ढाई माह से उत्खनन कार्य चल रहा है। यहां पर तीन ट्रेंच में खोदाई की जा रही है। मगर, अभी तक एक ही ट्रेंच से अहम पुरावशेष सामने आ रहे है। यहां पर अभी तक मृद भांड, मिट्टी के सुराहीनुमा बर्तन, हड्डियां मिल चुकी हैं। जिस पर पुरातविदों की नजरें टिक गई हैं। संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही यहां पर भी सिनौली की तरह देशभर के पुरातत्वविद व इतिहासकारों का जमावड़ा लगेगा। पुरावशेषों के नजरिए से तिलवाड़ा का आला टीला कुछ नया इतिहास लिखने जा रहा है। सिनौली के बाद तिलवाड़ा टिल्ले का नाम भी इतिहास में दर्ज हो जाएगा। इन दोनों टिल्लो के बाद कुर्ड़ी गांव का टिल्ले का नाम रोशन होगा।



# दूसरी शादि के मामले में लड़की पक्ष ने बारात को बनाया बंधक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मेरठ के जंगेठी गांव का रहने वाला विपुल, जो अग्निवीर के रूप में सेना में कार्यरत है, दूसरी शादी करने के प्रयास में फंस गया। विपुल पहले से ही एक महिला से कोर्ट मैरिज कर चुका है।

शनिवार की देर शाम को विपुल बागपत के मुकुंदपुर ओंगटी गांव में दूसरी शादी के लिए बारात लेकर पहुंचा। लड़की पक्ष को जब पता चला कि दूल्हा पहले से विवाहित है, तो उन्होंने दूल्हे और बारातियों को बंधक बना लिया। लड़की पक्ष के लोगों ने बारातियों के साथ मारपीट की। मौके पर पहुंची पुलिस के साथ भी तीखी बहस हुई। पुलिस ने मामले को सुलझाने का प्रयास किया। लड़की पक्ष ने शादी करने से साफ मना कर दिया। गणमान्य लोगों की मध्यस्थता के बाद शादी में हुए खर्च का हिसाब करके दूल्हे पक्ष को वहां से जाने दिया गया।



# रमजान पर्व पर होनहार युवाओं ने गांव में चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को ग्राम निवाड़ा में युवा कल्याण विभाग से संबद्ध युवक मंगल दल निवाड़ा द्वारा रमजान माह को ध्यान में रखते हुए एक वृहद सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के लिए युवाओं ने मिलकर धन राशि और श्रम का योगदान दिया।

युवक मंगल दल निवाड़ा के अध्यक्ष इनाम उल हसन और सदस्य खुशी मोहम्मद ने ग्रामीणों को सफाई के प्रति जागरूक किया और उन्हें सफाई के महत्व के बारे में बताया। इस सफाई अभियान में युवक मंडल दल सचिव चौधरी ताहिर अब्बास, खुशी मोहम्मद, शामी चौहान, नसीब, जुनैद आलम इत्यादि मौजूद रहे। युवक मंगल दल सचिव चौधरी ताहिर और वरिष्ठ सदस्य शामी चौहान ने बताया कि यह सफाई अभियान रमजान के पवित्र महीने में चलाए जाने के पेशकश है। जिसके लिए युवाओं ने मिलकर लगभग 8 हजार रुपए भी इकठा किए हैं। इस सफाई अभियान का उद्देश्य ग्राम को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। इस अवसर पर युवक मंगल दल निवाड़ा के अध्यक्ष इनाम उल हसन ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्राम को स्वच्छ और सुंदर बनाना है, और हमें उम्मीद है कि इस सफाई अभियान से हम अपने इस उद्देश्य को प्राप्त कर सकेंगे।



# भूमाफियाओं से परेशान होकर किसान ने किया अनूठा प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ागांव में एक किसान ने भूमाफियाओं से परेशान होकर अनूठा विरोध प्रदर्शन किया है। किसान विकास शर्मा ने अपनी जमीन पर प्रवेश वर्जित और जमीन बिकाऊ नहीं है का बोर्ड लगा दिया है।

खेकड़ा तहसील क्षेत्र के बड़ागांव में विकास शर्मा की जमीन बड़ागांव-सैदपुर मार्ग पर स्थित है। उन्होंने बताया कि कुछ भूमाफिया उनकी जमीन को जबरन हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। इन लोगों ने कई बार उन्हें फंसाने का प्रयास भी किया है। विकास शर्मा का कहना कि वह अपनी जमीन बेचना नहीं चाहते हैं। इसके बाद भी भूमाफिया उनका मानसिक उत्पीड़न कर रहे है। इसलिए उन्होंने यह कदम उठाया है। उनका यह अनोखा विरा. ेध सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। किसान ने स्पष्ट किया है कि वह न तो अपनी जमीन बेचेंगे और न ही किसी को उनकी जमीन में दखल देने की अनुमति देंगे। बोर्ड लगाकर उन्होंने भूमाफियाओं को स्पष्ट संदेश दे दिया है।




# आर्य समाज का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव यज्ञ हवन के साथ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के निरपुडा गांव में महिला सम्मेलन में स्वामी शिवानंद सरस्वती ने कहा संसार में ज्ञान का एकमात्र स्रोत वेद है। आर्य समाज की विचारधारा को जिस व्यक्ति ने निष्पक्ष भाव से सुना और पढ़ा वह महर्षि दयानंद के विचारों से प्रभावित हुआ। मानवता का कल्याण करना ही सबसे बड़ा धर्म है। आर्य समाज सामा. जिक बुराइयों के विरुद्ध सच्चा रास्ता दिखाने वाली संस्था है। महिलाओं को वैदिक सिद्धांतों को अपनाकर अच्छी संतान का निर्माण करना चाहिए। तभी राष्ट्र अच्छी दिशा में जाएगा। वेद के मार्ग पर चलने से ही दुनिया में शांति स्थापित हो सकती है।

महिला आर्य समाज की अध्यक्षा सविता आर्या ने कहा बेटियों को संस्कारित करने से ही राष्ट्र उत्थान हो सकता है। बच्चों को संस्कारित करने की आर्य समाज ही एकमात्र कार्यशाला है। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री रवि शास्त्री ने बेटे और बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिए जून माह में आयोजित होने वाले आवासीय शि. विर के लिए आहवान किया। जापान से आई महिला स्वामिनी सिद्धि ने यज्ञ में भाग लिया और कहा भारतीय संस्कृति बहुत विशाल है। इस अवसर पर सत्यवती आर्या, राजेश उज्जवल, मीनाक्षी सिसोदिया, नीतू सोलंकी, कविता चिकारा, अमरपाल, मास्टर नरेंद्र, यशवीर आर्य आदि उपस्थित रहे।



# शुरू हुआ माहे रमजान, लोगों ने दी मुबारकबाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र में रविवार को रमजान माह शुरू हो गया। एक दूसरे ने गले मिलकर रमजान की मुबारकबाद दी है। रमजान को लेकर अकीकतमंद तैयारी में लग गए और मुस्लिम समाज के लोगों ने रविवार को तरावीह पढ़ी है। वहीं रमजान की तैयारियों के लिए शनिवार देर शाम तक बाजार में लोग खरीदारी करते रहे। रमजान को लेकर शनिवार को ईशा की नमाज के बाद दो तरावीह शुरू कराई।

नगर की फूस वाली मस्जिद के शाही इमाम ने बताया कि चांद देखते ही तरावीह शुरू हो जाती है। तरावीह विशेष नमाज ईशा की नमाज के बाद पढ़ी जाती है। उन्होंने बताया कि रमजान के महीने को तीन भागों में बांटा गया है। रमजान के पहले दस दिन अल्लाह की खास इबादत के होते हैं। पहले दस में इबादत करने से अल्लाह खुश होकर बंदों के गुनाहों को माफ करते हैं। अगले दस दिन मगफिरत और आखिरी दस दिन दोजक से आजादी के होते हैं। रमजान में बंदों पर अल्लाह की रहमत बारिश की तरह बरसती है। अल्लाह जरा-जरा से बहाने पर अपने बंदे पर रहमत नाजिल फरमाते हैं। इस्लाम में 12 वर्ष से अधिक की उम्र तक को कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रोजा रख सकता है।



# सही दिशा के बिना मोक्ष की प्राप्ति सम्भव नहीं: सतपाल महाराज

# रामपुर में सद्भावना सम्मेलन में दिए प्रवचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से आयोजित सद्भावना सम्मेलन में हजारों की संख्या में सत्संग प्रेमियों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। बताते चलें कि मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से रामपुर के मोदी हाल में रविवार को सद्भावना सम्मेलन आयोजित किया गया था जिसमें उत्तराखंड के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज पहुंचे जिन्होंने सद्भावना सम्मेलन में सत्संग के दौरान अपने प्रवचन दिया। इस दौरान सतपाल महाराज का उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, शहर विधायक आकाश सक्सेना, दर्जा राज्य मंत्री सूर्य प्रकाश पाल, महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के हिंदी सलाहकार डॉ चंद्र प्रकाश शर्मा सहित दर्जनों लोगों ने फूल माला पहनाकर तथा बुके देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं द्वारा नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया साथ ही कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने सत्संग के दौरान अपने-अपने भक्ति भावना से ओत-प्रोत भजन प्रस्तुत किए। भगवद्भक्तों को सम्बोधित करते हुए सतपाल महाराज ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज को जागरूक करना है। धर्म मार्ग से भटके लोगों को अच्छे मार्ग की ओर लाना है। उन्होंने आगे कहा कि सद् गुरु के बिना सही दिशा नहीं मिल सकती तथा सही दिशा के बिना मोक्ष की प्राप्ति सम्भव नहीं है। जो लोग यह सोचते हैं कि वह जो कर रहे हैं वह करने से उनको मोक्ष की प्राप्ति हो जाएगी तो वह इस भ्रम में न रहें। जब तक सही ज्ञान नहीं होगा सही तरीका नहीं अपनाएंगे तब तक मोक्ष की प्राप्ति असंभव है इसलिए कुछ भी करने से पूर्व ज्ञान होना आवश्यक है और ज्ञान की प्राप्ति सत्संग के माध्यम से ही हो सकती है सत्संग का मतलब है सत्य का संग अर्थात सत्य को जानकर उसका संग करना ही सत्संग है महाराज श्री ने जोर देते हुए कहा की अध्यात्म के प्रचार से ही भारत विश्व गुरु बन सकता है। माता अमृता जी ने कहा कि दरबार से आत्मज्ञान प्राप्त करके हजारों की संख्या में लोगों ने बुरी प्रवृत्तियां तथा नशाखोरी को छोड़ा है। सत्संग में परिवर्तन करने की क्षमता है और ज्ञान ही शांति और आनंद का मार्ग है। इसको जानने के बाद विश्व में शांति संभव है। सम्मेलन को महात्मा हरि संतोषानंद व महात्मा सत्यबोधानन्द ने भी सम्बोधित किया।



रामपुर। सद्भावना सम्मेलन में प्रवचन प्रस्तुत करते सतपाल महाराज। फोटो शाह टाइम्स


रामपुर। सद्भावना सम्मेलन में शामिल हुए राज्यमंत्री बलदेव सिहं ओलख व अन्य। फोटो शाह टाइम्स

## यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के राष्ट्रीय आवाहन पर दिल्ली करेंगे कूच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के राष्ट्रीय आवाहन पर पूरे देश के अधिकारी व कर्मचारी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर 3 मार्च 2025 दिन सोमवार को दिल्ली के जंतर मंतर पार्क पर एक विशाल धरना व प्रदर्शन करेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए स्टेट बैंक आफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन बरेली परिक्षेत्र के क्षेत्र 6 से रामपुर के क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज ने बताया कि रामपुर रीजन से रामपुर तथा चंदौसी से काफी संख्या में बैंक कर्मी दिल्ली उपरोक्त धरने में भाग ले रहे हैं। सरकार हमारी जैसे मांगों पर विचार नहीं करती तो हमें विवश होकर 24 व 25 मार्च 2025 को हड़ताल पर जाना पड़ेगा।

## साइबर ठगी का शिकार हुआ दर्जी, जांच शुरु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** हाल ही में बीते दिन क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी भूप सिंह के बैंक खाते से साइबर ठगों ने शातिराने ढंग से मोटी रकम उड़ा दी इस मामले की पीड़ित भूप सिंह ने ऑनलाइन शिकायत संबंधित पुलिस को दी है। बताया जा रहा है कि पीड़ित भूप सिंह अपने गांव सीकरी में कपड़े सिलने का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। पीड़ित भूप सिंह ने बताया कि बीते दिन उसके बैंक खाते से साइबर ठगों ने 66000/- रुपए शातिराने ढंग से उड़ा दिए। अब साइबर क्राइम पुलिस इस मामले से जुड़े खास तथ्यों की खोजबीन में जुट गई है।

## रमज़ान का महीना सब्र, नेकी, भाईचारे, मोहब्बत और दया का देता है सन्देश :नदवी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी जी ने अपने प्रेस को जारी अपने बयान में बताया कि रमजान का महीना सब्र, नेकी, भाईचारे, मोहब्बत और दया का सन्देश देता है। रोज़ा मन की गन्दगी, तन के प्रदूषण और विचारों की दुर्गंधा को इंसानों से दूर करता है।

हम सब इस मुबारक महीने को अल्लाह की इबादत, जरूरतमन्दों की मदद और अच्छे कामों में बितायें और कहा कि रोजा केवल खाने पीने से परहेज करना ही नहीं है बल्कि और समस्त प्रकार की बुराईयों, नफरत, हसद, कीना आदि से भी परहेज करने का बहतरीन साधन है तथा अपने आप को अनुशासन में रखने का एक यन्त्र है और कहा कि रामपुर हमेशा से ही गंगा जमनी तहजीब का एक इदारा रहा है और इल्म, एकता और भाईचारे की मिसाल रहा है।

हम सबको मिलकर अपने शहर को शान्ति, तरक्की और खुशहाली की ओर ले जाना है और प्रेम, भाईचारा व सौहार्द का सन्देश देना है।

यह जानकारी सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के मीडिया प्रभारी/लीगल एडवाईजर महबूब अली पाशा एडवोकेट ने दी।


सांसद मोहिबुल्लाह नदवी

## स्वास्थ्य कार्ड के नाम पर धोखाधड़ी का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** स्वास्थ्य सेवा में 50 प्रतिशत की छूट बताकर घर-घर जाकर कार्ड बना रहे लोगो को जनता ने पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार शाहबाद नगर के मोहल्ला फर्राशान नई बाजार में दो लोगो को पब्लिक ने पकड़ लिया जिन पर मोहल्लेवासियों ने आरोप लगाते हुए बताया कि। यह लोग दो दिनों से घर घर घूम रहे हैं और पैसे लेकर कार्ड जारी कर रहे हैं। यह कार्ड यह कहकर जारी किया जा रहा हैं की इस कार्ड से स्वास्थ्य सेवा में आपको 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी,कई लोगो ने कार्ड भी बनवा लिए। जब एक व्यक्ति ने इनकी वीडियो बनाना शुरू किया तो इन्होंने उसे वीडियो न बनाने के लिए धमकाया था। जिस पर लोगो को संदेह हुआ और लोगो ने जानकारी जुटाना शुरू किया। तो यह लोगो पर फर्जी होने का आरोप लाया हैं।

## 10 मार्च को भाकियू टिकैत की होगी मासिक पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के क्षेत्रीय कार्यालय शाहबाद पर एक पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमे बताया गया कि 9 तारीख को मासिक पंचायत होती है उस दिन रविवार की छुट्टी है इसलिए मासिक पंचायत 9 को न होकर 10 तारीख में होनी तय हुई है।

सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी से अपील कि गई कि पंचायत में ज्यादा से ज्यादा संख्या में 10 मार्च को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस शाहबाद में आए।

पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर लिखित शिकायती ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया जाएगा।

और जो राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के रामपुर में 24 मार्च को आगमन हो रहा हैं सभी पदाधिकारी को महा पंचायत की तैयारी के लिए जिम्मेदारी दी जाएगी।

पंचायत में प्रदेश सचिव दरयाव सिंह यादव, तहसील अध्यक्ष राहत खां, डॉक्टर फूल सिंह, रामदास मौर्य, डॉक्टर पप्पू यादव, सुरेश मुखिया, शंकर लाल लोधी, अखलाक हुसैन, बुंदू फौजी, पूर्व मंडल महासचिव प्रमोद यादव, अफरोज,पप्पू,चन्ना खान, सत्येंद्र यादव, अर्जुन सिंह, अंसार सैफी, सरफराज हुसैन आदि मौजूद रहे।


शाहबाद। किसानों की बैठक को सम्बोधित करते वक्ता तथा बैठक में शामिल किसान। फोटो शाह टाइम्स

## बिजली के पोल से टकराई बाइक, युवक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** रविवार को स्वार केलाखेड़ा मार्ग पर रायपुर चुन्नावाला के मझरा निवासी पिन्टू सिंह उम्र 38 वर्ष पुत्र महेंद्र सिंह किसी कार्य से स्वार जा रहा था। कि अचानक ग्राम गोविंद पुरा के सामने हसन अस्पताल के पास बाइक अन्तत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। जिससे पिन्टू सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। पिन्टू सिंह के पिता स्वार थाने में होमगार्ड के पद पर तैनात है। सूचना पर रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुच गए। पिन्टू सिंह अपने पीछे छोटे चार बच्चे छोड़ गए है।

## भाकियू भानु कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहबाद/रामपुर।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन भानू की मासिक पंचायत का आयोजन निरीक्षण भवन शाहाबाद में किया गया। जिसमे क्षेत्र के किसानों की समस्या को लेकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया। जिसमें बताया गया कि शाहबाद कस्बा क्षेत्र के राशन कार्ड धारकों को सप्लाई स्पेक्टर के यहां जो प्राइवेट कर्मचारी तैनात है उनके द्वारा 1000 से डेढ़ हजार रुपए लेकर राशन कार्डों को काटा व जोड़ा जा रहा है इसकी जांच तुरंत कराई जाए। तथा ग्राम पारोता में कृषि विज्ञान केंद्र बनाया जाए जिससे सभी क्षेत्र के किसानों को सुविधा व जानकारी मिल सके। और बड़ा गांव में भाकियू भानु के तहसील युवा उपाध्यक्ष पर सेफनी पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है जो की निराधार है उसे मुकदमे की जांच करा कर खत्म किया जाए। एंव खंड विकास अधिकारी के द्वारा प्रधानमंत्री आवासों की जांच सही से नहीं कराई जा रही है जांच सही कराई जाए हर गरीब किसान मजदूर पात्र को आवास मिल सके।

इस मौके पर बाबा सुरेंद्र सिंह, रामनाथ मौर्य, आकिल खां ,अबरार मलिक, फखरुद्दीन मलिक, हरिश. चंद्र सागर, भूरे सागर, राजपाल सागर, हरकिशोर मौर्य,हरपाल मौर्य, विद्याराम पाल, इंद्रपाल सागर, अनिल पाल, बृजेश सिंह, शाहिद खान, आदिल खान, ताहिर खान, इंद्रपाल सिंह सागर, ठाकुर विशंभर सिंह, कृपाल सिंह यादव, झंडू सिंह यादव, वीरेंद्र सिंह यादव, इम्तियाज खान, इदरीश खान आदि किसान मौजूद रहे।


शाहबाद। विभन्न मांगो को लेकर नायव तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान। फोटो शाह टाइम्स

## रेत से भरे डम्पर ने कार में मारी टक्कर, कार हुई क्षतिग्रस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** रेत से भरे डंपर व कार मे भिड़ंत होगई जिससे घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई स्वार बाजपुर मार्ग पर बिजार खाता चौराहे पर डंपर व कार की भिड़ंत हो गई। टक्कर लगने से कार क्षतिग्रस्त होगई घटनास्थल पर लोगो की भीड़ जमा हो गई।

रेत से भरे डंपर को पुलिस ने अपने कब्जे मे लेलिया है शुभाष मौर्य निवासी रहमतगंज कार से स्वार से आरहा था कि पट्टी की तरफ से रेत भरकर आ रहे डंपर ने कार मे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई। लोगों की भीड़ जमा हो गई सूचना पाकर चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई ओर रेत से डंपर को अपने कब्जे मे कर लिया है।

## दिव्य कृपाल जल कल्याण समिति द्वारा लगाया गया नि:शुल्क पेयजल का शिविर

**शाह टाइम्स संबाददाता**

**मिलक /रामपुर।** किसान मेले मे दिव्या कृपाल जल कल्याण समिति में आम जनता के लिए स्वच्छ पानी का प्याऊ लगाया तहसील क्षेत्र के किसान मेला रठौंडा में नगर के केपी गंगवार के द्वारा मेला परिसर में नि:शुल्क पेयजल शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मेले में आए दूर दराज से श्रद्धालुओं के लिए दिव्य कृपाल जन कल्याण समिति के द्वारा पेयजल की व्यवस्था की गई। यह शिविर 26 फरवरी से मेले खत्म होने तक सुचारू रहेगा।

समिति के अध्यक्ष केपी गंगवार ने बताया कि यह शिविर दिव्या कृपाल जन कल्याण समिति के द्वारा नि:शुल्क पेयजल शिविर लगाया गया है और यह मार्च माह तक चलेगा।




## रिहान ने 20बीं रैंक पाकर सफलता की हासिल





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2025-26 में पूर्व माध्यमिक विद्यालय महुनागर ब्लॉक बिलासपुर जनपद रामपुर के छात्र रिहान पुत्र वाहिद हुसैन 20 वीं रैंक पाकर सफलता हासिल की है। इसके लिए इंचार्ज प्रधानाध्यापक अकील अहमद (पूर्व रिपोर्टर) की मेहनत और लगन का ही नतीजा है कि उपरोक्त छात्र ने जिले में 20 वीं रैंक हासिल की है।

12500 साल के हिसाब से 4 साल तक छात्रवृत्ति मिलेगी और कक्षा 9 और 10 की पढ़ाई मुफ्त हासिल होगी।

## वकीलों का रविवार को भी धरना प्रदर्शन जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को रामपुर बार एसोसिएशन व लॉयर्स एसोसिएशन रामपुर के अधिवक्ताओ ने बार एसोसिएशन के सामने जो वकीलों के चैंबर्स हैं उनको तोड़े जाने के विरोध में सभी अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के सामने रविवार को भी धरना जारी रखा।

धरना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू व लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सिराज अहमद के नेतृत्व में चला। जिसमें आगरा से बार कॉसिल की प्रत्याशी हरजीत अरोड़ा, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रईस अहमद एडवोकेट, फारूक अहमद , नील कमल, रोहित राठौर, अरविन्द कुमार सैनी , पूर्व अध्यक्ष ठाकुर पृथ्वी भान सिंह, श्याम लाल, जमीर रिजवी, हर्ष गुप्ता, अकबर अली, मान सिंह जितेंद्र प्रधान, सतीश चन्द्र,जफर खां, विनीत चौधरी, नवनीत माथुर, मुख्तार अहमद आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।



रामपुर। धरने के दौरान धरना स्थल पर बैठे अधिवक्तागण।




# विदर्भ ने जीता रणजी ट्रॉफी खिताब

● केरल और विदर्भ के बीच नागरपुर में खेला यह मुकाबला पांचवें और अंतिम दिन ड्रा पर समाप्ता हुआ ●

**नागपुर वार्ता।** विदर्भ ने फाइनल में केरल को हराकर रणजी ट्रॉफी खिताब जीत लिया है। केरल और विदर्भ के बीच नागपुर में खेले गया यह मुकाबला पांचवें और अंतिम दिन ड्रा पर समाप्त हुआ, लेकिन विदर्भ ने केरल को पहली पारी के बढ़त के आधार पर मात दी और इस घरेलू टूर्नामेंट का चैंपियन बनने में सफल रहा। विदर्भ का यह तीसरा रणजी ट्रॉफी खिताब है।

विदर्भ ने इससे पहले 2017-18 और 2018-19 में खिताब जीता था। यह पिछले साल वर्षों में विदर्भ का तीसरा खिताब है। विदर्भ ने पहली पारी में दानिश मालेवार के 153 रन और करुण नायर के 86 रनों की मदद से 379 रन बनाए थे, लेकिन केरल की टीम ने पहली पारी में कप्तान सचिन बेबी के 98 रनों की पारी के बावजूद 342 रन बनाए। इस तरह विदर्भ ने पहली पारी में 37 रनों की बढ़त हासिल की। विदर्भ के लिए दूसरी पारी में करुण नायर ने शतक लगाया और 135 रनों की पारी खेली। वहीं, दर्शन नालखंडे ने नाबाद 51 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने दूसरी पारी में नौ विकेट पर 375 रन बनाए। जैसे ही नालकंडे ने अर्द्धशक लगाया, मैच समाप्त करने की घोषणा कर दी गई। विदर्भ ने अंतिम दिन 249/4 स्कोर के आगे खेलना शुरू किया। करुण नायर ने 132 और कप्तान अक्षय वाडकर ने चार से आगे खेलना शुरू किया। करुण हालांकि, अपने स्कोर में सिर्फ तीन रन का ही इजाफा कर सके और उन्हें आदित्य सरवटे ने पवेलियन भेजा। इसके कुछ देर बाद ईडेन एप्पल ने ने हर्ष दुबे को आउट किया जो चार रन बनाकर आउट हुए। फिर सरवटे ने आदित्य (25) को आउट कर विदर्भ को सातवां झटका दिया। अक्षय कार्नेवर और नालकंडे ने आठवें विकेट के लिए 48 रनों की साझेदारी की जिससे विदर्भ का स्कोर 300 के पार पहुंचा। कार्नेवर हालांकि 70 गेंदों पर 30 रन बनाकर आउट हुए और फिर सरवटे ने नचिकेत भुटे (3) को अपना शिकार बनाकर विदर्भ के नौ विकेट गिरा दिए। अंत में नालकंडे के अलावा यश ठाकुर आठ रन बनाकर नाबाद रहे। केरल की ओर से सरवटे ने चार विकेट झटके, जबकि निधेश, जलज सक्सेना, एप्पल, बासिल और अक्षय चंद्रन को एक-एक विकेट मिला। पहली बार फाइनल में पहुंची केरल की टीम ने भी कड़ी टक्कर दी, लेकिन विदर्भ को पूरे सत्र में अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन का फल मिला। इस दौरान उन्होंने सिर्फ रणजी ट्रॉफी ही नहीं जीती बल्कि टीम 50 ओवर की विजय हजारे ट्रॉफी में उपविजेता भी रही। विदर्भ की यह जीत अब उन्हें भारतीय घरेलू क्रिकेट में सबसे मजबूत टीमों में से एक बनाती है क्योंकि वह पिछले रणजी सत्र में उपविजेता रही थी। अक्षय वाडकर की कप्तानी और मुख्य कोच उस्मान गनी की अगुआई वाली टीम ने पूरे रणजी ट्रॉफी सत्र में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विदर्भ लीग चरण में सभी चार ग्रुप में सर्वश्रेष्ठ टीम रही, जिसने सात मैच में से छह जीत के साथ 40 अंक हासिल किए। वहीं केरल को किस्मत का साथ मिला जिसने नाकआउट में जम्मू और कश्मीर (क्वार्टर फाइनल) और गुजरात (सेमीफाइनल) को मामूली अंतर से हराकर पहली पारी की बढ़त के आधार पर फाइनल तक का सफर तय किया। लेकिन विदर्भ ने जीत के जरिए फाइनल में जगह बनाई।

विदर्भ ने इस सत्र में रणजी ट्रॉफी में खेले गए 10 मैच में से नौ में जीत हासिल की जो भारत की प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में टीम के प्रभुत्व को दर्शाता है।

# कोहली के नाम एक और उपलब्धि




● विराट पूर्व भारतीय कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों के कल्ब में शामिल हो गए है, जिन्होंने अपने करियर में इतने वनडे मैच खेले है

**दुबई, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्राफी मुकाबले में उतरते ही एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। यह कोहली के वनडे करियर का 300वां मुकाबला है। इसी के साथ वह पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों के क्लब में शामिल हो गए हैं जिन्होंने अपने करियर में इतने वनडे मैच खेले हैं। कोहली से पहले भारत के छह खिलाड़ियों ने 300 या इससे ज्यादा वनडे मैच खेले हैं। पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का नाम दर्ज हैं।

## चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया

**दुबई।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में अजेय अभियान जारी रखा है। टीम ने रविवार को न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया। रविवार को 250 रन का टारगेट चेज कर रही न्यूजीलैंड 45.3 ओवर में 205 रन पर आलआउट हो गई। वरुण चक्रवर्ती ने 5 विकेट झटके। कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। केन विलियम्सन ने सबसे ज्यादा 81 रन बनाए। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। भारतीय टीम 50 ओवर में 8 विकेट पर 249 रन ही बना सकी। श्रेयस अ"यर ने 79 रन बनाए। न्यूजीलैंड से मैट हेनरी ने 5 विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत ने ग्रुप-ए में टॉप पोजिशन के साथ फिनिश किया है यानी कि भारत का सेमीफाइनल मुकाबला 4 मार्च को इसी मैदान पर आस्ट्रेलिया से होगा। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की टीमें खेलेंगी। 46वें ओवर की तीसरी बाल पर कुलदीप यादव ने विलियम ओरूर्क को बोल्ड कर दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड की टीम 205 रन पर आलआउट हो गई है और भारत ने मुकाबला 44 रन से जीता लिया है। 46वें ओवर में न्यूजीलैंड ने दो विकेट गंवाए। वरुण चक्रवर्ती ने मिचेल सैंटनर और मैट हेनरी को पवेलियन भेजा। 41वें ओवर में न्यूजीलैंड ने 7वां विकेट गंवाया। यहां केन विलियम्सन 81 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अक्षर पटेल ने विकेटकीपर राहुल के हाथों कैच कराया।

## मधवेंद्र ने पुरुषों की 60 मीटर बाधा दौड़ में की राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी

**एरिजोना ( अमेरिका ), वार्ता।** भारत के मधवेंद्र शेखावत ने बिग स्काई इनडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की 60 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। शनिवार को अमेरिका के एरिजोना यूनिवर्सिटी में आयोजित बिग स्काई इनडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप में 21 वर्षीय भारतीय एथलीट ने 7:64 सेकंड के समय के साथ शीर्ष पर रहते हुए बाधा दौड़ जीती। इसी के साथ उन्होंने पिछले महीने फ्रांस में तेजस शिरसे द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मधवेंद्र ने फाइनल में जमैका के जेरोम कैंपबेल को हराकर जीत दर्ज की। इस चैपियंसशिप में जेरोम 7:65 सेकेंड के साथ दूसरे तथा अमेरिका के जाचरी विंगर 7:93 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। मधवेंद्र ने शुक्रवार को हीट्स में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उन्होंने 7:79 सेकेंड में फिनिश लाइन पार की और आठ खिलाड़ियों के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उनका पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 7:68 सेकेंड था, जो उन्होंने 14 फरवरी को सिएटल में दर्ज किया था। चीन के नानजिंग में 21 से 23 मार्च तक आयोजित होने वाली विश्व एथलेटिक्स इनडोर चैंपियनशिप 2025 के लिए पुरुषों की 60 मीटर हर्डल्स का ऑटोमैटिक क्वालीफिकेशन समय 7:57 सेकेंड है। मधवेंद्र और शिरसे विश्व इनडोर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाइंग समय को पार नहीं कर सके।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## बेंगलुरु ओपन उभरते सितारों को मिला पेशेवरों से प्रशिक्षण का मौका

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु के 60 से अधिक उभरते टेनिस खिलाड़ियों को शनिवार को 2025 दाफान्यूज बेंगलुरु ओपन के मौके पर केएसएलटीए टेनिस स्टेडियम में आयोजित टेनिस क्लिनिक में पेशेवरों से सीखने का अनूठा अवसर मिला। 38वें राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता निकी कालियांदा पूनाचा और एसडी प्रज्वल देव के साथ-साथ वर्तमान संस्करण के युगल फाइनलिस्ट ब्लेक बेयल्डन और मैथ्यू क्रिस्टोफर रोमियोस ने युवा खिलाड़ियों को टिप्स प्रदान की। क्लिनिक में एक प्रश्नोत्तर सत्र, लाइव ट्रेनिंग और व्यावहारिक कोचिंग की सुविधा थी, जिससे युवा एथलीटों को अनुभवी पेशेवरों के साथ जुड़ने का मौका मिला। प्रतिभागियों को फिटनेस, पोषण, प्रशिक्षण दिनचर्या और मैच की तैयारी पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, साथ ही उन्होंने वॉली और बेसला. इन शॉट्स में अपने कौशल का प्रदर्शन भी किया। भारत में टेनिस के बढ़ते कद पर पूनाचा ने अपना उत्साह व्यक्त किया और कहा कि राष्ट्रीय खेलों में कर्नाटक के लिए प्रतिनिधित्व करना और पदक जीतना वास्तव में अच्छा था। मैंने देखा है कि युवा खिलाड़ियों का स्तर ऊंचा हो रहा है। वे बेहतर तैयार हैं। उसके कुछ दिनों बाद, यहां इतने सारे बच्चों को सीखने के लिए उत्सुक, सुधार करने के लिए उत्सुक देखना एक अच्छा संकेत है। यह हमें भविष्य के लिए एक मजबूत मंच देता है। टूर्नामेंट निदेशक सुनील यजमन ने खेल को बढ़ावा देने में इस तरह की पहल के महत्व पर जोर दिया। युवा खिलाड़ियों के बीच उत्साह देखना अद्भुत है। इस तरह के आयोजन बच्चों में टेनिस के प्रति उत्साह दिखाते हैं और भारत में इस खेल की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाते हैं। इस तरह की ऊर्जा और प्रतिभा के साथ, भारतीय टेनिस का भविष्य बहुत उज्ज्वल दिखता है।

# 'अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन' का चौथा सफल आयोजन

● पुरुष वर्ग में यूपी के अक्षय कुमार और महिला वर्ग में इथियोपिया की हिवेत ने दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया

**नारायणपुर, वार्ता।** छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन-2025 में रविवार को पुरूष वर्ग में उत्तर प्रदेश के अक्षय कुमार ने 01 घण्टा 02 मिनट 15 सेकंड में और महिला वर्ग में इथियोपिया की हिवेत जेब्रीवाहिद ने 01 घण्टा 13 मिनट 01 सेकेण्ड में 21 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

राज्य के संसदीय कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद महेश कश्यप और धरसींवा विधायक अनुज शर्मा आज अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन 2025 के चौथे आयोजन में शामिल हुए। यहां बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल के खेल मैदान में प्रात: 5-30 बजे से दौड़ लगाकर मैराथन दौड़ का शुरूआत किया गया। मैराथन दौड़ शुरू होने के पूर्व हजारों धावकों को वार्मअप कराने हेतु जुम्बा डॉस कराया गया, जिसका धावकों ने खूब आनंद लिया। मैराथन दौड़ ओरछा विकासखंड के ग्राम बासिंग में संपन्न हुई जहां विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। 'अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन' दौड़ में हजारों धावकों ने दौड़ लगाई। इसमें पुरूष वर्ग में उत्तर प्रदेश के अक्षय कुमार ने और महिला वर्ग में इथियोपिया की हिवेत जेब्रीवाहिद ने 21 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं पुरूष वर्ग में इथियोपिया के फिरोमसा 01 घण्टा 02 मिनट 52 सेकेण्ड एवं महिला वर्ग में उत्तरप्रदेश की रेनूसिंह 01 घण्टा 13 मिनट 18 सेकेण्ड में दौड़ लगाकर द्वितीय स्थान तथा पुरूष वर्ग में मोहल्लामानपुर के फुकेश्वर लाल देसमुख ने 01 घण्टा 04 मिनट 14 सेकेण्ड एवं महिला वर्ग में बिहार की अंजली ने 01 घण्टा 14 मिनट 46 सेकेण्ड समय लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 10 किलोमीटर पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान मोनू कुमार, द्वितीय पीयूष मसानी और तृतीय स्थान दीपक कुमार ठाकुर तथा महिला वर्ग में प्रथम स्थान उत्तर प्रदेश की अमृता पटेल, द्वितीय स्थान इथियोपिया की प्री वेक्कनी और तृतीय स्थान उत्तर प्रदेश की अन्नुपाल ने प्राप्त की। इसी प्रकार 05 किलोमीटर महिला वर्ग में प्रथम स्थान सूरजपूर की सोनिका राजवाड़े, द्वितीय स्थान रायपुर की ईशारानी सिन्हा और तृतीय स्थान सरगुजा की ममता की ममता पैकरा ने हासिल की। बस्तर पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुंदरराज पी एवं कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने अतिथियों का स्वागत किया।

# इंग्लैंड को हराकर द. अफ्रीका ग्रुप-बी के शीर्ष पर




■ यानसन ने 39 रनों पर तीन विकेट और मुल्डर ने 25 रन देकर तीन विकेट हासिल किए

**कराची, वार्ता।** मार्को यानसन (39 रन पर तीन विकेट) और वियान मुल्डर (25 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद रासी वान दर दुसें (72 नाबाद) और हाइनरिक क्लासन (64) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को चैंपियंस ट्राफी ग्रुप बी में इंग्लैंड को सात विकेट से रौंद कर अपना अभियान शीर्ष पर रह कर समाप्त किया। इस मुकाबले से पहले ही दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में अपनी जगह बना चुका है। इंग्लैंड ने 38.2 ओवर के खेल में 179 रन बनाये थे जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने विजय लक्ष्य 29.1 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका ने आज अपने अनुशासित खेल से इंग्लैंड को खेल के किसी भी विभाग में प्रदर्शन का मौका नहीं दिया। नियमित कप्तान टेम्बा बावुमा की बीमारी के कारण एडेन मार्कराम को टीम की कमान दी गयी थी मगर हैमस्ट्रिंग के कारण वह भी बीच खेल में मैदान छोड कर चले गये। इन सबके बावजूद दक्षिण अफ्रीका के प्रदर्शन में कोई कमी नजर नहीं आयी और उन्होने बेहद आसानी से मैच को अपने पक्ष में कर लिया। सलामी जोड़ी के रुप में ट्रिस्टन स्टब्स (0) और रायन रिकलटन (27) के जल्दी आउट होने के बाद दुसें और क्लासन ने रन बनाने की कोई जल्दी नहीं दिखायी।



# शेफाली वर्मा-जेस जॉनासन के तूफानी अर्द्धशतकों से दिल्ली प्लेऑफ में

■ दिल्ली ने आरसीबी को नौ विकेट से धोकर अगले दौर में जगह बनाई

**बेंगलुरु, वार्ता।** शेफाली वर्मा (80 नाबाद) और जेस जॉनासन (61 नाबाद) की विस्फोटक पारियों के चलते दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के एक मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को नौ विकेट से धोकर प्लेऑफ में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

एलिस पेरी (60 नाबाद) की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स ने पांच विकेट पर 147 रन बनाये थे जिसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स ने विजय लक्ष्य 33 गेंद शेष रहते एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी जब कप्तान मेग लानिंग सिर्फ दो रन बना कर आउट हो गयी और दिल्ली के सिर्फ पांच रन बने थे। ऐसे में मुकाबले के दिलचस्प होने के आसार दिख रहे थे मगर शेफाली और जॉनासन ने बेखौफ अंदाज में बेंगलुरु के गेंदबाजों की बखिया उधेड़नी शुरु कर दी। दोनो छोर से गेंदबाजों की हो रही धुनायी से क्षेत्ररक्षक भी असहज दिखे।

कप्तान स्मृति मंधाना ने इस जोड़ी को तोड़ने के लिए हरसंभव प्रयोग किये और अपने सात गेंदबाजों को उतारा मगर नतीजा सिफर रहा और दिल्ली ने बड़ी ही आसानी से यह मैच अपने नाम कर लिया। शेफाली ने अपनी अर्द्धशतकीय पारी में 43 गेंद खेलकर आठ चौके और चार छक्के लगाए जबकि जॉनासन ने 38 गेंदों की पारी में नौ चौके और एक छक्का जड़ा। इससे पहले दिल्ली की एकमात्र अर्द्धशकवीर पेरी ने राघवी विष्ट (33) के साथ तीसरे विकेट के लिए 66 रन की भागीदारी की। उन्होने अपनी नाबाद अर्द्धशकीय पारी के दौरान 47 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाए। राघवी के आउट होने के बाद बेंगलुरु की रन गति धीमी रही और आखिरी 23 गेंदों में टीम 28 रन ही जोड़ सकी। बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना का बल्ला आज नहीं चला और वह मात्र आठ रन का ही योगदान दे सकी। डेनिएल वायट ने 21 रन बनाये। दिल्ली के लिए शिखा पांडे और श्रीचरणी ने दो दो विकेट चटकाये। मरीजान कॉप को एक विकेट मिला।

# सेमीफाइनल से पहले शॉर्ट की चोट ने बढ़ाई ऑस्ट्रेलिया की चिंता

● कप्तान स्मिथ ने संकेत दिया हाईस्टेक्स मुकाबले में लिए शॉर्ट के समय में ठीक होने की संभावना नहीं है

**लाहौर, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट की चोट ने ऑस्ट्रेलिया टीम प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले से पहले उन्हे अपनी टीम में फेरबदल करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

शुक्रवार को लाहौर में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के दौरान सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट को चोट लग गई थी। क्षेत्ररक्षण के दौरान शॉर्ट को लपडली में चोट लग गई और बारिश के कारण मैच रद्द होने से पहले शीर्ष क्रम में 20 रन की अपनी संक्षिप्त पारी के दौरान वह लंगड़ाते दिखे। कोई नतीजा नहीं निकलने के बावजूद, ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला भारत या न्यूजीलैंड से होगा। भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने की स्थिति में आस्ट्रेलिया को नॉकआउट मुकाबले के लिए दुबई जाना होगा। कप्तान स्टीव स्मिथ ने संकेत दिया कि हाई-स्टेक्स मुकाबले के लिए शॉर्ट के समय पर ठीक होने की संभावना नहीं है। उन्होने कहा ह्न मुझे लगता है कि वह चोट से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। हमने आज रात देखा कि वह बहुत अच्छी तरह से नहीं चल रहा था, और मुझे लगता है कि शायद उसे ठीक होने के लिए खेल के बीच बहुत जल्दी हो जाएगी। अनुभवहीन शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क शॉर्ट की जगह लेने की दौड़ में सबसे आगे हैं, हालांकि स्मिथ खुद ट्रेविस हेड के साथ साझेदारी करने के लिए इस क्रम में आगे बढ़ने पर विचार कर सकते हैं, जिससे ऑस्ट्रेलिया को एक अतिरिक्त गेंदबाजी विकल्प पेश करने की अनुमति मिलेगी।

## जेलेंस्की के साथ यूरोप

**जिस** तरह शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वलादिमिर जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच यूक्रेन और रूस के बीच शांति को लेकर होनी थी वह एक कटु बहस में बदली उससे यह साफ हो गया था कि अब अमेरिका यूक्रेन के लिए न सिर्फ किसी तरह की मदद करेगा, बल्कि उसको हतोत्साहित ही करेगा जाहिर है ऐसे में जेलेंस्की की नजर यूरोप व नाटो पर ही टिकी है कि वह उसका कहां तक साथ देते है। अब तक जिस तरह यूरोप और नाटो की तरफ से बयान आए है उससे तो यहीं इशारा मिलता है कि भले ही अमेरिका ने यूक्रेन का साथ छोड़ दिया हो लेकिन यूक्रेन व नाटो पिछे हटते दिखाई नहीं दे रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद जेलेंस्की की लंदन यात्रा यही बताती है कि यूरोपीय संघ के देश यूक्रेनी राष्ट्रपति के साथ खड़े है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ जेलेंस्की ने एक बड़ा रक्षा समझौता भी किया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी कह चुके हैं कि जेलेंस्की का सम्मान किया जाना चाहिए उनकी नजर में वह न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं और सम्मान के हकदार हैं। ऐसी प्रतिक्रिया जर्मन की तरफ से भी आई है। मतलब साफ है जैसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कहते रहे है कि वह रूस और यूक्रेन के बीच जंग शीघ्र ही रुकवाएंगे वह अब दूर की कोड़ी दिखाई दे रही है। क्यूंकि यूरोप और नाटो ने साफ कर दिया है कि यह युद्ध अभी समाप्त नहीं होने जा रहा है। हालांकि कुछ रक्षा विशेषज्ञयों की राय है कि यूरोप नाटो अपने दम पर लम्बी लड़ाई नहीं लड़ सकते और उन्हें अमेरिका के सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी जोकि उनको मिलता दिखाई नहीं दे रहा है। वैसे यह पूरी दुनिया के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध आरम्भ हुए तीन वर्ष से अधिक का समय बीत गया है और अभी भी उसके समाप्त होने के आसार दिखाई नहीं दे रहे है। जाहिर है यह दुनिया के शीर्ष नेताओं के लिए बेहद शर्म की बात है। असल में यह सब इस लिए हो रहा है के सबको अपने हित सर्वोपरी है सही और गलत से ज्यादा मतलब नहीं रह गया है। अब ट्रम्प की ही बात करे जिस तरह युद्ध समाप्त करने के लिए वह रूस से वार्ता कर रहे है और यूक्रेनी राष्ट्रपति को एक किनारे रख रहे है बल्कि उनसे यह उम्मीद भी रख रहे है कि वह ट्रम्प की इच्छा अनुसार यूक्रेन की खनिज सम्पदा को लेकर एक डील पर साइन करे। सीधी-सीधी यह एक तरह की ब्लैकमैलिंग है। अमे. रिका और यूक्रेन के बीच बराबर खाई बढ़ती जा रही है और यह विश्वास की खाई कितनी बढ़ गई है यह पूरी दुनिया ने शुक्रवार को देखा, जानकार लोग इस पूरे घटनाचक्र को राजनीतिक व कूटनीतिक रूप से ट्रम्प की अक्षमता को देख रहे है। असल में यहां यह कहना भी जरूरी है कि गत 20 जनवरी को राष्ट्रपति की शपथ लेने के बाद से ही ट्रम्प काफी तेजी में दिखाई दे रहे है। वह एक के बाद एक ऐसे फैसले ले रहे है, जो दुनिया में काफी बैचेनी पैदा कर रहे है और अस्थिरता को जन्म दे रहे हैं।

## भाजपा की नीतियां पीडीए विरोधी



**भाजपा** की सरकारें सरकारी संस्थाओं का निजीकरण करके नौकरियां और आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही है, साथ ही सरकार लूट, झूठ और बेईमानी की नीति पर काम कर रही है, पहले केन्द्र सरकार ने कई सरकारी संस्थाओं को निजी हाथों में सौपा, अब उसी रास्ते पर चलते हुए उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार भी निजीकरण को बढ़ावा दे रही है, भाजपा सरकारें पूंजीपतियों के लिए काम करती हैं, उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत निगम को निजी हाथों में देने पर अमादा है, सरकार निजीकरण की आड़ में अरबों की सम्पत्तियाँ पूंजीपतियों को देना चाहती है, सरकार संविधान और आरक्षण विरोधी है, भाजपा पीडीए को नौकरियों और आरक्षण से दूर करने के लिए हर दिन नए-नए षड्यंत्र कर रही है, भाजपा की नीति पीडीए विरोधी है, वह पीडीए से नफरत करती है, निजीकरण से सरकारी नौकरियां खत्म हो जाती है।

**अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# रमजान के पवित्र महीने का महत्व

### रमजान मुसलमानों के लिए आत्म-सुधार, आध्यात्मिकता की वृद्धि और भक्ति की एक परिवर्तनकारी यात्रा



**साबिर अली**

इस्लामी चंद्र कैलेंडर का नौवां महीना रमजान, इस्लाम में सबसे पवित्र महीनों में से एक के रूप में महत्वपूर्ण महत्व रखता है। रमजान दुनिया भर के मुसलमानों के लिए एक महत्वपूर्ण महीना है, यह दया, उदारता और भलाई का महीना है, और यह मुसलमानों के दिलों में खुशी और आनंद लाता है। यह विश्वभर के मुसलमानों के लिए उपवास, प्रार्थना, आत्मचिंतन और सामुदायिक बंधन का समय है।

रमजान के दौरान मुसलमान सूर्योदय से सूर्यास्त तक उपवास रखते हैं तथा भोजन, पेय, धूम्रपान और पापपूर्ण गतिविधियों से परहेज करते हैं। उपवास, एक मौलिक सिद्धांत है जिसे इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक माना जाता है, जो वयस्क मुसलमानों के लिए अनिवार्य है, हालांकि बीमार, बुजुर्ग, गर्भवती, मासिक धर्म वाले या यात्रियों के लिए छूट मौजूद है। भौतिक आवश्यकताओं से दूर रहने के अलावा, रमजान प्रार्थना, कुरान पाठ और दान के कार्यों के प्रति अधिक समर्पण को प्रोत्साहित करता है।

मुसलमानों को रमजान के दौरान अतिरिक्त इबादत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जैसे अतिरिक्त नमाज़ (तरावीह), कुरान का पाठ, और दान के कार्य (सदक़ा)। रमजान के दौरान किए गए अच्छे कर्मों का फल कई गुना बढ़ जाता है।

रमजान का समापन ईद-उल-फितर के साथ मनाया जाता है, यह त्योहार सामुदायिक प्रार्थनाओं से शुरू होता है, जिसके बाद दावतें, उपहार देना और दान-पुण्य के कार्य होते हैं। ईद-उल-फितर दुनिया भर के मुसलमानों के बीच आभार, खुशी और एकजुटता का अवसर है, क्योंकि इस दिन वे एक महीने तक चले उपवास और आध्यात्मिक चिंतन की यात्रा पूरी करते हैं। रमजान का गहरा अर्थ इसके बाहरी रीति-रिवाजों जैसे उपवास, प्रार्थना और सांसारिक इच्छाओं से दूर रहने से कहीं अधिक है।




रमजान एक गहन आध्यात्मिक यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है, जो व्यक्तिगत विकास, आत्म-अनुशासन, सहानुभूति और अल्लाह (ईश्वर) के साथ निकटता को बढ़ावा देता है। रमजान आध्यात्मिक शुद्धि तथा हृदय और आत्मा की शुद्धि के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। इस महीने के दौरान उपवास करने से आत्म-अनुशासन, आत्म-नियंत्रण और प्रलोभन का विरोध करने की क्षमता मिलती है। भौतिक आवश्यकताओं से दूर रहकर, अपनी आध्यात्मिक चेतना को बढ़ाने और अल्लाह के साथ अपने संबंध को मजबूत करने का प्रयास करते हैं।

रमजान गहन आत्मनिरीक्षण करने, अपने कार्यों, इरादों और चरित्र की जांच करने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह आत्मचिंतन, पश्चाताप और पिछले अपराधों के लिए क्षमा मांगने का समय है। उपवास के माध्यम से, भूख और प्यास का अनुभव किया जाता हैं, तथा कम भाग्यशाली लोगों की दुर्दशा के बारे में गहरी समझ प्राप्त होती हैं। इससे गरीबी और भूख से जूझ रहे लोगों के प्रति सहानुभूति और करुणा को बढ़ावा मिलता है। रमजान उदारता और दान के महत्व पर जोर देता है तथा लोगों को दयालुता, दान और साम. ुदायिक सेवा के कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करता है। रमजान मुसलमानों को एकता, एकजुटता और भाईचारे की भावना से जोड़ता है। रोज़ा खोलने (इफ्तार) और सामूहिक रूप से नमाज़ अदा करने के सामुदायिक पहलू सामाजिक बंधन को मजबूत करते हैं और मुस्लिम समुदाय के भीतर अपनेपन की भावना का निर्माण करते हैं।

> **रमजान एक गहन आध्यात्मिक यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है, जो व्यक्तिगत विकास, आत्म-अनुशासन, सहानुभूति और अल्लाह के साथ निकटता को बढ़ावा देता है रमजान आध्यात्मिक शुद्धि तथा हृदय और आत्मा की शुद्धि के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है, इस महीने के दौरान उपवास करने से आत्म-अनुशासन, आत्म-नियंत्रण और प्रलोभन का विरोध करने की क्षमता मिलती है, भौतिक आवश्यकताओं से दूर रहकर, अपनी आध्यात्मिक चेतना को बढ़ाने और अल्लाह के साथ अपने संबंध को मजबूत करने का प्रयास करते हैं**

पैगंबर मुहम्मद की शिक्षाएं और अभ्यास में रमजान के गुणों के बारे में बहुत ही स्पष्ट रूप से बताया गया है। कुरान और सुन्नत दोनों में रमजान के बारे में बहुत सारी अच्छी बातें कही गई हैं। एक हदीस में, पैगम्बर मुहम्मद ने कहा-जो कोई भी ईमान के साथ रमजान के दौरान उपवास रखता है और अल्लाह से अपना इनाम चाहता है, उसके पिछले पाप क्षमा कर दिए जाएंगे। (बुखारी और मुस्लिम द्वारा वर्णित) एक हदीस में, पैगम्बर मुहम्मद ने कहा-जब रमज़ान आता है, तो जन्नत के द्वार खोल दिए जाते हैं, जहन्नम के द्वार बंद कर दिए जाते हैं और शैतानों को जंजीरों में जकड़ दिया जाता है। (बुखारी और मुस्लिम द्वारा वर्णित) रमज़ान मुसलमानों को ज़रूरतमंदों के प्रति ज्यादा दानशील और उदार होने के लिए प्रोत्साहित करता है। पैगंबर मुहम्मद इस महीने के दौरान विशेष रूप से उदार होने के लिए जाने जाते हैं। इस्लाम की पवित्र पुस्तक कुरान में कई आयतें हैं जो रमज़ान का ज़िक्र करती हैं और इसके महत्व और पालन का मार्गदर्शन करती हैं।

सूरह अल-बक़रा (2-185) में, अल्लाह कहता है-रमज़ान का महीना वह है जिसमें कुरान लोगों के लिए मार्गदर्शन और मापदंड के स्पष्ट प्रमाण के रूप में अवतरित हुआ।

सूरा अल-बक़रा (2-187) में अल्लाह कहता है-और जब मेरे बन्दे तुमसे मेरे विषय में पूछेंगे तो निश्चय ही मैं निकट हूं। मैं प्रार्थना करने वाले की पुकार सुनता हूं, जब वह मुझे पुकारता है। इसलिए उन्हें चाहिए कि वे मेरी आज्ञा का पालन करें और मुझ पर ईमान लाएं, ताकि वे मार्ग पा सकें।

पवित्र कुरान की ये आयतें प्रकाश डालती हैं कि रमज़ान वह महीना है जिसमें कुरान अवतरित हुआ, जिसने मार्गदर्शन, स्पष्टता और सही तथा गलत के बीच अंतर करने का मानदंड प्रदान किया। रमज़ान के दौरान अल्लाह की अपने बन्दों के साथ निकटता पर प्रकाश डालती है, तथा यह दर्शाती है कि इस महीने के दौरान ईमानदारी से की गई प्रार्थनाएं और इबादत क्षमा और मार्गदर्शन की ओर ले जाती हैं। संक्षेप में, रमजान का अर्थ केवल भोजन और पेय से परहेज करना नहीं है, यह आत्म-खोज, आध्यात्मिक विकास और भक्ति की एक परिवर्तनकारी यात्रा है।

**( लेखक दैनिक युरेशिया के पत्रकार है )**



# रमजान में बॉडी हाईड्रेटेड और एनर्जिटक रहने के लिए बेस्ट हैं ये सहरी फूड

रमज़ान में रोजा, प्रार्थना और आत्म-चिंतन का समय है। इस बार रमज़ान 2 मार्च की शाम को शुरू होगा और रविवार 30 मार्च को ईद-उल-फितर के हर्षोल्लासपूर्ण उत्सव के साथ समाप्त होगा। इस पवित्र अवधि के दौरान, मुसलमान सूर्योदय से सूर्यास्त तक उपवास रखते हैं, इस दौरान सेहत और ऊर्जा के स्तर को बनाए रखने के लिए सेहरी (सुबह का भोजन) और इफ्तार (शाम का भोजन) महत्वपूर्ण हो जाता है। इस दौरान खुद को हाइड्रेटेड और ऊर्जावान बनाने के लिए सेहरी के लिए इन फूड्स का सेवन करें।

### हाइड्रेटिंग फूड और पेय का सेवन करें

- **पानी:** उपवास शुरू होने से पहले कम से कम दो गिलास पानी पिएं। आवश्यक मिनरल्स की पूर्ति के लिए गुलाबी नमक और नींबू जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स मिलाएं
- **नारियल पानी:** एक प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट बूस्टर जो हाइड्रेशन स्तर को बनाए रखने में मदद करता है
- **हाइड्रेटिंग फल:** तरबूज, संतरा, खीरा और जामुन तरल पदार्थ और आवश्यक विटामिन प्रदान करते हैं
- **दही:** आंत के स्वास्थ्य के लिए हाइड्रेशन और प्रोबायोटिक्स का एक बड़ा स्रोत। अतिरिक्त लाभ के लिए इसे फलों या मेवों के साथ मिलाएं

### एनर्जी के लिए प्रोटीन युक्त फूड्स का सेवन

- **साबुत अनाज:** परिष्कृत अनाज के बजाय साबुत गेहूं की रोटी, ब्राउन चावल, क्विनोआ, जई या बाजरा का विकल्प चुनें
- **दलिया:** एक फाइबर युक्त भोजन जो धीमी गति से ऊर्जा जारी करता है। अतिरिक्त पोषण के लिए मेवे और बीज मिलाएं
- **साबुत गेहूं की ब्रेड या रैप्स:** अंडे या पीनट बटर जैसे प्रोटीन स्रोतों के साथ मिलाएं

### हेल्दी फैट्स का सेवन करें

- **मेवे और बीज:** बादाम, अखरोट, चिया बीज और अलसी के बीज स्वस्थ वसा और फाइबर प्रदान करते हैं।
- **एवोकाडो:** अच्छे फैट्स और आवश्यक पोषक तत्वों का एक बड़ा स्रोत
- **जैतून का तेल और घी:** निरंतर ऊर्जा के लिए खाना पकाने में इनका उपयोग करें

### बेहतर पाचन के लिए फाइबर युक्त फूड

- **अंकुरित अनाज और उबले चने:** प्रोटीन और फाइबर से भरपूर, आपको लंबे समय तक भरा रखने के लिए बिल्कुल सही
- **छिलके वाले फल:** सेब, नाशपाती और खजूर फाइबर सेवन के लिए सबसे अच्छे विकल्प हैं

***डिस्क्लेमर: इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं, इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें, किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें***



# इबादत का महीना 'रमजान' शुरू, खुल जाते हैं जन्नत के दरवाजे



**नसीम सैफी**

मुसलमानों का पाक महीना रमजान इस साल 2 मार्च से शुरू हो रहा है। इस महीने में मुसलमान 30 रोजे रखते हैं और ज्यादातर वक्त अल्लाह की इबादत में गुजारते हैं। आखिर रमजान माह में रोजे क्यों रखे जाते हैं और इनका क्या महत्व है, जानिए पूरी डिटेल जिस तरह से ईस्वी कैलेंडर में 12 माह होते हैं उसी तरह से इस्लामिक कैलेंडर में भी 12 महीने होते हैं। जिसकी शुरुआत मुहर्रम माह से होती है और खात्मा जिलहिज्जा से होता है। इन महीनों में से एक महीना रमजान का भी है, जिसके बारे में सभी लोग जानते हैं की रमजान में इस्लाम धर्म के लोग अपनी इबादतों में इजाफा करते हैं और रमजान के रोजे रखते हैं। रमजान में इस दौरान दुनिया भर के मुसलमान 29, या 30 रोजे रखते हैं।

**हर दुआ होती है कबूल**

इस्लाम को मानने वाले लोग रमजान के दौरान सुबह सहरी करते हैं और फिर पूरे दिन रोजे रखने के बाद शाम को अपना रोजा खोलते हैं। रोजेदार इफ्तार की शुरुआत खजूर से करते हैं, इसके पीछे धार्मिक के साथ-साथ वैज्ञानिक कारण भी हैं। इस्लाम में खजूर को सुन्नत माना गया है और यह पैगंबर हजरत मुहम्मद का पसंदीदा फल था। पैगंबर मुहम्मद खजूर खाकर ही रोजा खोलते थे। इसलिए आज भी रोजेदार खजूर खाकर ही रोजा खोलते हैं। रमजान के महीने को 3 बराबर हिस्सों में बांटकर गिना जाता है। हर हिस्से में दस-दस दिन गिने जाते हैं। हर दस दिन के हिस्से को 'अशरा' कहकर संबोधित किया जाता है, जिसका मतलब अरबी भाषा में 10 होता है।

### रोजा गुनाह से तौबा की एक ट्रेनिंग

रोजे का मकसद (उद्देश्य) रोजे का मकसद खुद अल्लाह रब्बुल इज्जत ने कुरआन पाक में फरमाया है कि, ताकि तुम लोगों के अंदर तकवा (अल्लाह के आद. ेश का पालन, और जिन बातों से मना किया गया है उसे छोड़ना) पैदा हो जाए, ताकि तुम नेक बन जाओ और जब इंसान के अंदर तकवा आ जाता है तो उसके लिए कुरआन कहता है की तीन फायदे उसको मिलते है, अल्लाह उसके लिए आसानी पैदा कर देता है, जो व्यक्ति रोजा रखता है, तकवा जिसके दिल के अंदर आता है और मुत्तकि बनता है उसको अल्लाह अपने खजाना ए गैब से बेशुमार दौलत अता फरमाता है, और उसकी जरूरत पूरी हो जाती है। तकवे का फायदा ये है की अल्लाह उसके लिए मामलात को आसान कर देता है, उसके मसाइल आसान कर देता है, जो काम दूसरे लोगों के लिए भारी होते हैं मुश्किल होते हैं वो एक रोजेदार के लिए मुत्तकी के लिए तकवे वालों के लिए आसान हो जाते हैं।

इसी तरह से तीसरा फायदा यह है कि, जो शख्स तकवा इख्तियार करता है तो अल्लाह उसके गुनाहों को मिटा देता है और उसको सवाब मिलता है। ये तकवा असल है और रोजा एक ट्रेनिंग भी है, रोजे के जरिए एक ट्रेनिंग दी जाती है, वो इस बात की होती है की बंदा भूखा प्यासा होता है। हालांकि उसके पास पानी मौजूद है, जिसे कमरे के अंदर कोई देखने वाला नहीं है, इसके बावजूद भी बंदा एक घूट पानी नहीं पीता वो इसलिए क्योंकि अल्लाह उसको देख रहा है, ये कैफियत उसके दिल में होती है, की अल्लाह देख रहा है इसलिए वो पानी नहीं पीता। इस तरह पूरे महीने उसको ट्रेनिंग दी जाती है कि अल्लाह देख रहा है, अब जब वो तैयार हो जाता है तो जब वो बाहर की दुनिया में जाता है समाज के अंदर अगर में झूठ बोलूंगा तो अल्लाह मुझे देख रहा है, किसी को परेशान करूंगा अल्लाह मुझे देख रहा है। इन तमाम बुराइयों से बचा जाए इसकी ट्रेनिंग ए रोजा है।

### रोजे रखने के बेशुमार फायदे

आखीरत और दुनियावी जिंदगी में होने वाले फायदे के बारे में भी बताया और कहा की रोजा रखकर भूखे और प्यासे रहने से इंसान के जिस्म को भी फायदा पहुंचता है, और उसके शरीर के सभी पार्ट्स रिफ्रेश हो जाते है, जिससे बंदे को एक अलग ही ताजगी महसूस होने लगती है। रमजान का नया चांद दिखाई देने के बाद ही रमजान की शुरुआत होती है।

### इन बातों का रखें ध्यान

- रोजे के दौरान नमाज जरूर पढ़ना चाहिए
- इस दौरान ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद करनी चाहिए और अल्लाह की इबादत करनी चाहिए
- यह इबादत और अल्लाह के करीब जाने का पाक महीना है, ऐसे में कोशिश करें कि इस पूरे महीने आपसे किसी भी शख्स को नुकसान न पहुंचे
- इस दौरान तरावीह और तहज्जुद की नमाज भी पढ़नी चाहिए
- जकात और सदका खूब देना चाहिए



> **इस्लाम को मानने वाले लोग रमजान के दौरान सुबह सहरी करते हैं और फिर पूरे दिन रोजा रखने के बाद शाम को अपना रोजा खोलते हैं, रोजेदार इफ्तार की शुरुआत खजूर से करते हैं**

> **इस्लाम में खजूर को सुन्नत माना गया है और पैगंबर हजरत मुहम्मद का पसंदीदा फल था, पैगंबर मुहम्मद खजूर खाकर ही रोजा खोलते थे, इसलिए आज भी रोजेदार खजूर खाकर ही रोजा खोलते हैं**

# सहरी या इफ्तार पार्टी के लिए घर पर बनाएं चिकन समोसा

### जानें जायकेदार डिश बनाने का तरीका

**रमजान** को इस्लामिक कैलेंडर का 9वां महीना कहा जाता है। रमजान के दौरान मुसलमान सुबह से शाम तक खाने-पीने से परहेज करते हुए रोजा रखते हैं। रोजे में सबसे ज्यादा जरुरी सहरी और इफ्तार है। आपको बता दें कि, सहरी वह भोजन है, जो सूरज निकलने से पहले फज्र की नमाज पढ़ने से पहले किया जाता है और इफ्तार वह भोजन है, डो सूरज डूबने के बाद मगारिब की नमाज के समय रोजा खोलने के लिए किया जाता है। ऐसे में आप भी इफ्तारी या फिर सहरी के लिए घर में बना सकते हैं जायकेदार चिकन समोसा।

### चिकन समोसा बनाने के लिए सामग्री...

- **12-15 समोसा पट्टी**
- **दो चम्मच पानी**
- **एक बड़ा चम्मच तेल तलने के लिए**
- **तीन-चार लहसुन की कलियां बारीक कटी हुई**
- **एक/चार कप प्याज बारीक कटा हुआ**
- **तीन बड़े चम्मच बारीक कटी हुई हरी शिमला मिर्च**
- **150 ग्राम चिकन कीमा**
- **नमक स्वादानुसार**
- **एक/दो चम्मच सूखा अजवाइन**
- **एक/चार चम्मच सफेद मिर्च पाउडर**
- **एक बड़ा चम्मच नींबू का रस**
- **एक/चार कप पनीर कद्दूकस किया हुआ**

### चिकन समोसा बनाने का तरीका...

चिकन समोसा बनाने के लिए सबसे पहले आप एक पैन में 1 बड़ा चम्मच तेल गर्म करें, उसमें लहसुन डालकर कुछ देर भून लें। इसके बाद पैन में प्याज डालकर उसे हल्का गुलाबी होने तक भून लीजिए। फिर पैन में शिमला मिर्च और चिकन कीमा डालकर एक मिनट तक भूनें, अब इसमें नमक, अजवायन, सफेद मिर्च पाउडर और नींबू का रस डाल दें। जब चिकन पक जाए तो उसे ठंडा कर लें। चिकन ठंडा होने के बाद इसमें कसा हुआ डालकर अच्छे से मिलाएं। अब पैदा को गूंथ लें। फिर समोसा पट्टी में एक बड़ा चम्मच भरावन रखकर उसे मोड़ते हुए सामोसा का आकार दें।



# अमेरिका ने जेलेंस्की को दिया नकार, ब्रिटेन बना मददगार

## फ्लोरिडा रिसोर्ट के ऊपर से गुजरे 3 एयरक्राफ्ट, एफ-16 ने खदेड़ा



### ट्रम्प की सुरक्षा में सेंध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सुरक्षा में सेंध का मामला सामने आया है। दरअसल, तीन सिविलियन फ्लाइट ने कथित तौर पर फ्लोरिडा में ट्रम्प के मार-ए-लागो रिसार्ट के ऊपर हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। इसके बाद नार्थ अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड NORAD ने तीन फाइटर जेट भेजे। इसके बाद उन विमानों को हवाई क्षेत्र से बाहर निकाला गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मार-ए-लागो रिसार्ट के ऊपर हवाई क्षेत्र का उल्लंघन स्थानीय समय के मुताबिक, सुबह 11:05 बजे, दोपहर 12:10 बजे और 12:50 बजे हुआ। स्थानीय वेबसाइट 'पाम बीच पोस्ट' के मुताबिक, पिछले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प जब मार-ए-लागो रिसोर्ट आए थे, तब उनकी इस यात्रा के दौरान तीन बार हवाई क्षेत्र का उल्लंघन हुआ। 15 फरवरी को दो बार हवाई क्षेत्र का उल्लंघन हुआ और 17 फरवरी को राष्ट्रपति दिवस पर एक बार इस क्षेत्र का उल्लंघन हुआ। ये तीनों विमान हवाई क्षेत्र में क्यों घुसे थे, इसकी वजह फिलहाल सामने नहीं आई है। डेली मेल की रिपोर्ट में कहा गया है कि ये तीनों एयरक्राफ्ट सिविलयन विमान थे। एक के बाद एक एयरक्राफ्ट के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद नार्थ अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड को प्रति. बंधित हवाई क्षेत्र में F-16 लड़ाकू विमानों को तैनात करना पड़ा। रिपोर्ट में ए भी सामने आया है कि नागरिक विमानों को प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र से बाहर करने के लिए लड़ाकू विमानों ने फ्लेयर्स का उपयोग किया था।

लड़ाकू विमानों ने फ्लेयर्स का इस्तेमाल किया। हवाई क्षेत्र उल्लंघन में फ्लेयर्स का उपयोग इसलिए किया जाता है क्योंकि इससे जमीन पर मौजूद लोगों के लिए कोई खतरा पैदा नहीं होता और हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने वाले पायलट को भी इससे बाहर होने का इशारा मिल जाता है। आयरिश स्टार की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एफ-16 जेट विमानों ने जब उन सिविलियन विमान को हवाई क्षेत्र से बाहर कर दिया, उसके बाद ट्रम्प अपने रिसार्ट पहुंचे।

## यूक्रेन को अरबों डॉलर की मदद, मिलकर हथियार करेंगे तैयार

**लंदन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने लंदन में अपनी बैठक के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

उन्होंने इस मुलाकात को सार्थक और गर्मजोशी भरा बताया। दोनों नेताओं ने यूक्रेन और यूरोप के सामने आने वाली चुनौतियों, अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ कोआर्डिनेशन और मजबूत सुरक्षा गारंटी के साथ न्यायपूर्ण शांति हासिल करने के प्रयासों के बारे में बात की। एक्स पर एक पोस्ट में, जेलेंस्की ने लिखा, प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ एक सार्थक और गर्मजोशी भरी बैठक की। हमारी बातचीत के दौरान, हमने यूक्रेन और पूरे यूरोप के सामने आने वाली चुनौतियों, भागीदारों के साथ कोआर्डिनेशन, यूक्रेन की स्थिति को मजबूत करने के लिए ठोस कदम और मजबूत सुरक्षा गारंटी के साथ न्यायपूर्ण शांति के साथ युद्ध को खत्म करने पर चर्चा की। बैठक के हिस्से के रूप में, यूक्रेन और यूके ने यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक कर्ज समझौते पर हस्ताक्षर किए।

उन्होंने एक्स पर कहा कि आज हमारी उपस्थिति में, यूक्रेन और यूनाइटेड किंगडम ने एक कर्ज समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह पैसा यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि इस पैसे को यूक्रेन में हथियार उत्पादन के लिए खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सच्चा न्याय है, जिसने युद्ध शुरू किया है उसे भुगतान करना होगा। उन्होंने यूके सरकार का आभार जताते हुए कहा कि मैं यूनाइटेड किंगडम के लोगों और सरकार को इस युद्ध की शुरुआत से ही उनके जबरदस्त समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। हम ऐसे रणनी. तिक साझेदार पाकर खुश हैं। हम सभी के लिए एक सुरक्षित भविष्य कैसा होना चाहिए, इसका एक ही नजरिया रखते हैं। स्टार्मर के कार्यालय ने पहले रविवार यानी आज यूरोपीय नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले जेलेंस्की के साथ उनकी बैठक की पुष्टि की। यह चर्चा यूक्रेन में न्यायपूर्ण और स्थाई शांति सुनिश्चित करने के लिए समर्थन बढ़ाने पर केंद्रित होगी। रविवार के शिखर सम्मेलन में यूरोप की तरफ से रक्षा सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर भी चर्चा होने की उम्मीद है, इस आशंका के बीच कि क्या अमेरिका यूक्रेन या नाटो को समर्थन देना जारी रखेगा।

### 2.84 बिलियन डॉलर का दोनों देशों के बीच हुआ रक्षा समझौता

## अब ट्रम्प प्रशासन जेलेंस्की से चाहता है सार्वजनिक माफी



**मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का प्रशासन व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान हुए विवाद के बाद उक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से सार्वजनिक माफी चाहता है। ब्लूमबर्ग ने एक अज्ञात यूरोपीय अधिकारी के हवाले से यह खबर दी है। वॉशिंगटन में शुक्रवार को ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच मुलाकात हुई और बाद में यह तकरार में बदल गई। फॉक्स न्यूज के अनुसार बैठक में दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी, जिसमें ट्रम्प ने जेलेंस्की पर आरोप लगाया था कि वह रूस के साथ शांति वार्ता में सहयोग नही कर रहे हैं। इस पर यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा था कि यूक्रेन को रूस के साथ शांति वार्ता में सहयोग करने के लिए मजबूर नही किया जा सकता। मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया, ट्रम्प ने गरमा-गरम बहस के बाद जेलेंस्की को ष्बाहर निकाल दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने जेलेंस्की के रवैए से अपमानित महसूस किया था।इसके बाद दोनों देशों के बीच दुर्लभ पृथ्वी धातुओं पर एक समझौते पर हस्ताक्षर रद्द कर दिया गया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार में यूक्रेन के राष्ट्रपति से ट्रम्प के साथ अपनी बैठक के बाद माफी मांगने का आग्रह किया है। विद. ेश मंत्री का बयान दोनों राष्ट्रपतियों के बीच व्हाइट हाउस में हुई बैठक के बाद आया है, जिसमें दोनों नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। विदेश मंत्री ने कहा कि जेलेंस्की को अपने व्यवहार के लिए माफी मांगनी चाहिए, जिसने बैठक को फियास्को में बदल दिया। ट्रम्प यूक्रेन और रूस के बीच शांति वार्ता को बढ़ावा देना चाहते हैं।

## इजरायल ने रोकी गाजा की मानवीय सहायता



**तेल अवीव/गाजा।** इजरायल ने गाजा पट्टी में सभी तरह की मानवीय मदद का प्रवेश रोक दिया है। इजरायल युद्ध विराम समझौते के पहले चरण के पूरा होने के बाद और दूसरे चरण पर सहमति नहीं बनने के बाद संघर्ष विराम से पीछे हट गया है। इससे पहले इजरायल ने ऐलान किया था कि उसने अमेरिका का वो प्रस्ताव मान लिया, जिसमें कुछ बंधकों के बदले, रमजान तक संघर्ष विराम बढ़ाने की बात कही गई थी। इजरायल के मदद एंट्री बंद करने से गाजा वासियों की जिंदगी फिर से संकट में आ गई है। क्योंकि 15 महीनों से जारी इजरायली हमलों से गाजा में लगभग सब तबाह हो गया है और वह मूलभूत सुविधाओं के लिए भी बाहरी मदद पर निर्भर हैं। रमजान का महीना शुरू हो चुका है और इस खास मौके गाजा वासियों को दवाएं, खाना और पानी पहुंचाने के लिए एकमात्र रास्ता बाहरी मदद ही है, जो इजरायल की इजाजत के बिना आना बेहद मुश्किल है।

### युद्ध विराम समझौते के पहले चरण के पूरा होने के बाद दूसरे चरण पर सहमति नहीं बनी

हमास ने रविवार को नेतन्याहू के मदद रोकने बर बया जारी करते हुए कहा, गाजा पट्टी में मानवीय सहायता रोकने का नेतन्याहू का फैसला ब्लैकमेल का एक घटिया कदम है, एक युद्ध अपराध है और युद्ध विराम और कैदी विनिमय का साफ उल्लंघन है। इसके अलावा हमास ने मध्यस्थों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे इजरायल सरकार पर 2 मिलियन से ज्यादा लोगों के खिलाफ दंडात्मक और अनैतिक उपायों को रोकने के लिए दबाव डालें। हमास ने कहा है कि पहले चरण को बढ़ाने को लेकर नेतन्याहू का बयान समझौते से बचने और दूसरे चरण के बात. चीत से भागने की एक साफ कोशिश है। हमास ने युद्ध विराम समझौते के दूसरे चरण को लागू करने पर जोर दिया।

### हमास ने इजरायली-अर्जेंटीना बंधक का नया वीडियो किया जारी

**यरूशलम।** हमास ने शनिवार को इजरायली-अर्जेंटीनी बंधक एतान हॉर्न का एक वीडियो जारी किया, जिसे सात अक्टूबर 2023 को अगवा किया गया था और तब से उसे गाजा पट्टी में बंधक बनाकर रखा गया है। वीडियो में 38 वर्षीय एतान को अपने बड़े भाई इयार से अलग होते दिखाया गया है, जिसे पहले अगवा किया गया था लेकिन गाजा युद्धविराम समझौते के शुरुआती 42 दिनों के तहत दो सप्ताह पहले रिहा कर दिया गया था। फुटेज में बंधक सगुई डेकेल-चेन भी दिख रहा है, जिसे इयार के साथ रिहा किया गया था, जबकि दो अन्य बंधकों के चेहरे धुंधले हैं।

### ट्रम्प-जेलेंस्की की वार्ता

## बदल जाएगा यूरोप की राजनीति का घटनाक्रम

**नई दिल्ली।** जो हालात मौजूदा समय में अमेरिका और यूक्रेन के मध्य हुए हैं और जो घटनाक्रम 1 मार्च को हुआ है इससे कहीं ना कहीं यूरोप की राजनीति में बड़ी उथल-पुथल होने की संभावना बढ़ गई है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात विवादों में है। ऐसे में अमे. रिका के खिलाफ जिस तरह से युरा. ेपीय देश खड़े होने लगे हैं कहीं ना कहीं बड़े विश्व राजनीतिक घटनाक्रम की और इशारा करता है।

**यूरोप के पास हैं कई विकल्प**

यूरोप के पास कई ऐसे विकल्प हैं जो महत्वपूर्ण हो सकते हैं। अगर ऐसे में यूक्रेन की अमेरिका मदद नहीं करता है तो क्या यूरोप अपनी सेना भेज सकता है? अधिकारियों का मानना है कि रूस को रोकने के लिए नाटो के 1 से 2 लाख सैनिकों की जरूरत पड़ सकती है।

**एयर डिफेंस सिस्टम आ सकते हैं काम**

अगर हम अमेरिका के मुक. ाबले यूरोपीय देशों की ताकत की बात करें तो यूरोप के पास अमेरिका जैसी उन्नत मिसाइलें, एयर डिफेंस सिस्टम और जासूसी की तकनीक नहीं हैं। लेकिन यूरोप के नेता यूक्रेन के साथ एकजुटता दिखा रहे हैं। वॉशिंगटन में हुए इस घटनाक्रम के बाद यूरोप फिर से जेलेंस्की को समर्थन देने के बयान जारी कर दिया है।

**स्ट्रैटजिक स्टडीज की रिपोर्ट**

अगर हम इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ स्ट्रैटजिक स्टडीज की रिपोर्ट की बात करें तो रूस ने अपना रक्षा बजट में 41 फीसदी की बढ़ोतरी की है। अब यह रूस की जीडीपी का 6.7 फीसदी है। अगर अन्य तथ्यों की बात करें तो ब्रिटेन ने 2027 तक इसे केवल 2.5 फीसदी करने का वादा किया है।

**यूरोपीय देशों के सामने है बड़ी चुनौती**

ट्रंप और जेलेंस्की के इस घटनाक्रम के बाद से ही यूरोपीय देशों के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। अगर अमेरिका पीछे हटता है, तो क्या वे रूस को रोक सकते पाएंगे? जर्मनी, फांस और ब्रिटेन जैसे देश यूक्रेन को मदद का भरोसा दे रहे हैं, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि उनकी सैन्य ताकत अभी भी रूस के मुक. ाबले काफी कम है।

**सामने आई जर्मनी और नॉर्वे के प्रधानमंत्री की प्रक्रिया**

जर्मनी के नेता योहान वेडेफुल ने ट्रंप के रवैए पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा, ष्व्हाइट हाउस में जो हुआ वह चौंकाने वाला है। एक आक्रमण झेल रहे देश के राष्ट्रपति को इस तरह अपमानित करना ठीक नहीं। आजाद यूरोप यूक्रेन को धोखा नहीं देगा। नॉर्वे के प्रधानमंत्री योनास स्टोरे ने ट्रंप की टिप्पणी को गैरजिम्मेदाराना बताया। चेक गणराज्य के राष्ट्रपति पेत्र पावेल ने कहा, हम यूक्रेन के साथ पहले से भी ज्यादा मजबूती से खड़े हैं। यूरोप को अब अपनी भूमिका निभानी होगी।

